हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● शनिवार ● 23.05.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 295 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक 27 को

**रांची :** राज्य में नीतिगत निर्णयों और विकास योजनाओं को गति देने के लिए झारखंड मंत्रिपरिषद् की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह बैठक आगामी 27 मई 2026, दिन बुधवार को आयोजित की जाएगी। विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, मंत्रिपरिषद् की यह बैठक निर्धारित तिथि को अपराह्न ठीक 04:00 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक के लिए झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष को तय किया गया है, जहाँ राज्य के मुख्यमंत्री सहित सभी विभागों के मंत्री उपस्थित रहेंगे।

### महाराष्ट्र : बाघ के हमले में 4 महिलाओं की मौत

**चंद्रपुर :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के सिंदेवाही तालुका के गुंजेवाही इलाके में शुक्रवार को तेंदू पत्ता संग्रह के लिए जंगल गई महिलाओं पर बाघ ने हमला कर दिया। इस भीषण हमले में 4 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में भय और तनाव का माहौल बन गया है।तेंदू पत्ता सीजन के दौरान जंगल में काम करने वाले लोगों की सुरक्षा का मुद्दा एक बार फिर गंभीर हो गया है।

# झारखंड समेत 10 राज्यों में राज्यसभा चुनाव का एलान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारत निर्वाचन आयोग ने देश के दस राज्यों की चौबीस राज्यसभा सीटों पर होने वाले द्विवार्षिक चुनावों की तारीखों का औपचारिक ऐलान कर दिया है। इन सीटों के लिए आगामी 18 जून को मतदान कराया जाएगा। इस घोषणा के साथ ही झारखंड सहित संबंधित राज्यों में राजनीतिक सरगर्मियां बेहद तेज हो गई हैं और सभी प्रमुख दल अपनी-अपनी गोटियां सेट करने में जुट गए हैं।




### विशेष पेन का होगा उपयोग, आयोग ने जारी किए सख्त निर्देश

चुनाव आयोग ने मतदान की सुचिता और पारदर्शिता को बनाए रखने के लिए बेहद कड़े नियम और निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदान के दौरान केवल निर्वाचन अधिकारी (रिटर्निंग ऑफिसर) द्वारा उपलब्ध कराया गया विशेष बैंगनी रंग का स्केच पेन ही मान्य होगा। यदि कोई मतदाता किसी अन्य पेन या स्याही का उपयोग करता है, तो उसका मत अवैध घोषित कर दिया जाएगा। इसके साथ ही पूरी प्रक्रिया पर नजर रखने और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विशेष पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति भी की जाएगी।

### इन दस राज्यों में खाली हो रही हैं सीटें

आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह चुनाव आंध्र प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, झारखंड, राजस्थान, कर्नाटक, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में संपन्न होंगे। सीटों के विवरण की बात करें तो आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक में चार-चार सीटों के लिए मतदान होगा। वहीं मध्य प्रदेश और राजस्थान में तीन-तीन सीटों पर चुनाव कराए जाएंगे। झारखंड की दो सीटों पर नए जनप्रतिनिधियों का चयन होगा, जबकि मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम की एक-एक सीट के लिए मत डाले जाएंगे।

### चुनाव की विस्तृत समय-सारिणी

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, चुनाव की आधिकारिक अधिसूचना आगामी 1 जून को जारी की जाएगी। इसके साथ ही नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 8 जून निर्धारित की गई है। 9 जून को प्राप्त नामांकनों की स्क्रूटनी (जांच) की जाएगी, जबकि 11 जून तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके पश्चात 18 जून को सुबह से मतदान प्रक्रिया शुरू होगी।

### कई दिग्गज नेताओं का कार्यकाल हो रहा समाप्त

इस बार राज्यसभा से देश के कई वरिष्ठ और कद्दावर राजनेताओं का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। इनमें मुख्य रूप से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और देश के पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा शामिल हैं। इसके अतिरिक्त राजस्थान और अन्य राज्यों से भी कई महत्वपूर्ण सीटें खाली हो रही हैं, जिसके कारण इस बार का उच्च सदन का मुकाबला बेहद दिलचस्प होने की उम्मीद है।

## आईआरसीटीसी घोटाले में फिर टली तारीख

# 9 जून को कोर्ट सुनाएगा फैसला

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आईआरसीटीसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक बार फिर फैसला टाल दिया है। अब इस मामले में 9 जून को आदेश सुनाया जाएगा। इस केस में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव और मीसा भारती समेत कई आरोपियों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने कार्रवाई की है।



इससे पहले 6 मई को भी मामले की सुनवाई हुई थी, लेकिन उस दिन भी अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट पहले ही आरोप तय करने की प्रक्रिया पूरी कर चुकी है और अब सभी की नजरें अगली सुनवाई पर टिकी हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। माना जा रहा है कि 9 जून को आने वाला कोर्ट का आदेश आगे की कानूनी कार्रवाई की दिशा तय कर सकता है।
अदालत ने पहले की सुनवाई में यह भी माना था कि कथित टेंडर घोटाले की साजिश लालू यादव की जानकारी में रची गई थी। कोर्ट के अनुसार, टेंडर प्रक्रिया में हस्तक्षेप और आर्थिक लाभ पहुंचाने के आरोप गंभीर हैं।

## दिल्ली एम्स की टीम दोबारा करेगी त्विषा का पोस्टमार्टम

# पति समर्थ सिंह ने किया आत्मसमर्पण




**जबलपुर :** त्विषा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में जबलपुर हाईकोर्ट में तीन याचिकाएं शुक्रवार को लगाई गईं। इसमें से पहली याचिका त्विषा के दोबारा पोस्टरमार्टम करवाने से जुड़ी हुई थी। वहीं दूसरी याचिका गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत को रद्द करवाने के लिए लगाई गईं। वहीं तीसरी याचिका पति समर्थ सिंह की अग्रिम जमानत को लेकर थी। त्विषा शर्मा के शव का दोबारा पोस्टमार्टम करवाने के लिए पिता ने जबलपुर हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट के जस्टिस ए.के. सिंह की एकलपीठ ने सुनवाई करते हुए दिल्ली एम्स के डायरेक्टर को आदेश दिया है कि वे विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम गठित करें। डॉक्टरों की यह टीम भोपाल एम्स में मृतका का दोबारा पोस्टमार्टम करेगी। यह कार्रवाई जल्द से जल्द किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# स्मार्ट बॉर्डर परियोजना से भारत-बांग्लादेश और पाकिस्तान सीमा होगी अभेद्य : अमित शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि सरकार भारत-बांग्लादेश और भारत-पाकिस्तान सीमा को अत्याधुनिक तकनीक से लैस स्मार्ट बॉर्डर में बदलने की दिशा में तेजी से काम कर रही है और अगले एक वर्ष के भीतर अभेद्य सीमा सुरक्षा ग्रिड तैयार कर लिया जाएगा।



विज्ञान भवन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अलंकरण समारोह और रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय बहुत जल्द ड्रोन, रडार, आधुनिक कैमरों और अन्य तकनीकों से लैस स्मार्ट बॉर्डर परियोजना देश के सामने प्रस्तुत करेगा। शाह ने कहा कि दो महीने के अंदर ही मोदी सरकार बीएसएफ और सभी सीएपीएफ के जवानों के कल्याण के लिए एक बहुत बड़ा कार्यक्रम लाएगी। इसके बाद हमारे जवान सुनिश्चित होकर सीमाओं की सुरक्षा कर सकेंगे और उनके परिवारजनों की चिंता भारत सरकार का गृह मंत्रालय करेगा।
उन्होंने कहा कि स्मार्ट बॉर्डर कॉन्सेप्ट के तहत सीमा सुरक्षा बल की सुरक्षा व्यवस्था में सभी प्रकार की आधुनिक तकनीकों को समाहित किया जा रहा है, जिससे बीएसएफ का काम न केवल आसान होगा बल्कि और अधिक मजबूत भी बनेगा।
शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने तय किया है कि बीएसएफ की स्थापना के 60वें वर्ष तक गृह मंत्रालय 6,000 किलोमीटर लंबी सीमा पर एक समान डिजाइन वाला स्मार्ट बॉर्डर स्थापित करने के लिए तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराएगा। उन्होंने बीएसएफ जवानों को भरोसा दिलाया कि इस परियोजना के लागू होने के बाद बांग्लादेश और पाकिस्तान से लगी पूरी सीमा को और अधिक अभेद्य बनाया जाएगा।
उन्होंने कहा कि सरकार ने तय किया है कि हम न केवल घुसपैठ को रोकेंगे, बल्कि एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुन कर देश से बाहर निकाल देंगे और अपनी जनसांख्यिकी में कृत्रिम बदलाव नहीं होने देंगे। सीमा सुरक्षा बल को जनसांख्यिकी में बदलाव करने के षड्यंत्र को रोकना होगा।
गृहमंत्री ने कहा कि अब पारंपरिक तरीकों से सीमाओं की सुरक्षा संभव नहीं है। राज्य पुलिस, सशस्त्र बलों, अन्य अर्धसैनिक बलों, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एससीबी), खुफिया एजेंसियों और राज्य प्रशासन के साथ मिलकर सुरक्षा ग्रिड को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा को अलग-थलग कार्य के बजाय क्षेत्रीय जिम्मेदारी के रूप में देखने की आवश्यकता है।

## भारत और साइप्रस के बीच ऐतिहासिक रणनीतिक साझेदारी

# अगले पांच वर्षों में निवेश दोगुना करने का लक्ष्य

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ दोनों देशों के बीच व्यापक एवं भरोसेमंद संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर शुक्रवार को द्विपक्षीय चर्चा की। इस ऐतिहासिक वार्ता के अंतर्गत भारत और साइप्रस ने अपने पारस्परिक संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के उच्च स्तर तक बढ़ा दिया है। दोनों राजनेताओं की उपस्थिति में आतंकवाद-विरोधी अभियान, समुद्री सुरक्षा, राजनयिक प्रशिक्षण, नवाचार, शिक्षा और संस्कृति सहित कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस उच्च स्तरीय बैठक में व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, समुद्री और वित्तीय संपर्क, प्रौद्योगिकी, गतिशीलता, शिक्षा तथा भारत-यूरोपीय संघ के संबंधों जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। दोनों नेताओं ने सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से मिलकर निपटने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई।
दोनों देशों के मध्य राजनयिक प्रशिक्षण, उच्च शिक्षा एवं शोध, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, नवाचार, तकनीक तथा खोज एवं बचाव (सर्च एंड रेस्क्यू) क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी है। साइबर सुरक्षा और राजनयिक संवाद की स्थापना के साथ ही दोनों देशों ने अठारह मई को 'भारत-साइप्रस अंतरिक्ष दिवस' मनाया और मुंबई में साइप्रस वाणिज्य केंद्र की स्थापना की गई है।
द्विपक्षीय वार्ता के उपरांत संयुक्त वक्तव्य जारी करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और साइप्रस के बीच बढ़ते विश्वास तथा भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से नई आर्थिक संभावनाएं उभरी हैं। दोनों देश अगले पांच वर्षों में साइप्रस से भारत में होने वाले निवेश को पुनः दोगुना करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने रेखांकित किया कि पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हुआ है, जो दोनों देशों के मजबूत होते आर्थिक संबंधों का प्रतीक है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि रणनीतिक साझेदारी बनने से इन संबंधों को नया लक्ष्य और नई गति प्राप्त होगी। दोनों देशों ने प्रवासन एवं गतिशीलता (माइग्रेशन एंड मोबिलिटी) समझौते तथा सामाजिक सुरक्षा समझौते पर भी सहमति व्यक्त की है।



### रक्षा सहयोग का पांच वर्षीय खाका तैयार, भीष्म क्यूब मिलेगा उपहार में

विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों देशों के बीच कुल चौदह विषयों पर पूर्ण सहमति बनी है। इस नई साझेदारी से दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध सुदृढ़ होंगे और सुरक्षा के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ेगा। आतंकवाद के खिलाफ दोनों देश मिलकर एक संयुक्त कार्य समूह का गठन करेंगे। साथ ही साइप्रस ने भारत की हिन्द-प्रशांत महासागरीय पहल में शामिल होने का निर्णय लिया है। भारत अपनी ओर से अत्याधुनिक स्वदेशी सचल चिकित्सा इकाई (मोबाइल अस्पताल) 'भीष्म क्यूब' साइप्रस को उपहार स्वरूप प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त दोनों देशों ने अगले पांच वर्षों के लिए रक्षा सहयोग का एक व्यापक खाका (रोड मैप) तैयार किया है।

### प्रधानमंत्री आज 51 हजार से अधिक युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को 19वें रोजगार मेले के तहत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव नियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुबह 11 बजे कार्यक्रम में शामिल होंगे और इस अवसर पर युवाओं को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के तहत रोजगार मेला एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया को तेज करना और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। बयान में कहा गया है कि देशभर में आयोजित 18 रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक करीब 12 लाख भर्ती पत्र जारी किए जा चुके हैं। 19वां रोजगार मेला देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से चयनित अभ्यर्थियों को भारत सरकार के कई मंत्रालयों और विभागों में नियुक्ति दी जाएगी। इनमें रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग समेत अन्य विभाग शामिल हैं।

# मंत्रिपरिषद की बैठक में विकसित भारत 2047 विजन पर हुई चर्चा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा से लौटने के तुरंत बाद एक्शन में दिखे। गुरुवार शाम उन्होंने मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की और सभी मंत्रियों के कामकाज की रिपोर्टकार्ड की समीक्षा की।
गुरुवार को सेवा तीर्थ में शाम करीब 5 बजे शुरू हुई उच्चस्तरीय बैठक लगभग साढ़े चार घंटे तक चली। मैराथन बैठक में शासन सुधार, प्रशासनिक दक्षता और सरकार के दीर्घकालिक विकसित भारत 2047 विजन पर विस्तार से चर्चा हुई।
बैठक के दौरान करीब 09 मंत्रियों ने अपने मंत्रालयों के कामकाज की विस्तार से प्रेजेंटेशन दिया। इसके साथ कई मंत्रियों के काम काज की समीक्षा भी की गई। साथ ही सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समन्वय और भविष्य की रणनीति को लेकर मंत्रियों के साथ विचार-विमर्श भी किया गया। इसमें मंत्रियों के पिछले कामकाज का लेखा-जोखा और दो साल के रिपोर्ट कार्ड की समीक्षा की गई। विशेषकर पश्चिम एशिया में मौजूदा हालत को देखते हुए सरकार की आर्थिक नीतियों, विकास परियोजनाओं और भविष्य के रोडमैप पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विदेश मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पांच देशों की यात्रा के निष्कर्ष से सभी मंत्रियों को अवगत कराया।

# अमेरिका की दुनिया से अपील: होर्मुज में शुल्क लगाने की व्यवस्था को स्वीकार न करें

एजेंसी

**स्वीडन :** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को कहा कि संघर्ष रोकने के लिए ईरान के साथ जारी बातचीत में थोड़ी प्रगति हुई है। हालांकि, उन्होंने एक बार फिर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगियों के रुख नाराजगी जताई।
रुबियो ने स्वीडन में नाटो के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, वार्ता में मामूली प्रगति हुई है। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाटो सहयोगियों के रुख को लेकर निराश हैं।
हेलसिंगबर्ग में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रुबियो ने कुछ मामूली प्रगति हुई है। मैं इसे बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताना चाहता। थोड़ी हलचल जरूर हुई है और यह अच्छी बात है।
अमेरिका की मुख्य रणनीतिक मांगों पर रुबियो ने कहा कि वाशिंगटन का रुख अब भी साफ है। अमेरिका चाहता है कि तेहरान अपनी परमाणु महत्वकांक्षाएं रोके और बिना बाधा के समुद्री मार्गों पर आवाजाही जारी रहे। रुबियो ने यह भी कहा कि ईरान, ओमान को अपने साथ शामिल करके ऐसी व्यवस्था बनाना चाहता है, जिसके तहत बंद जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों से शुल्क वसूला जाए। इस प्रस्तावित समुद्री शुल्क व्यवस्था की आलोचना करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, दुनिया के किसी भी देश को ऐसी व्यवस्था को स्वीकार नहीं करना चाहिए।
रुबियो ने नाटो सहयोगियों के साथ अपने संबंधों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य अभियान को लेकर पश्चिमी सहयोगियों के अलग-अलग रुख से तनाव बना हुआ है। उन्होंने कहा, ट्रंप की नाराजगी को दूर करना होगा। रुबियो ने कहा, राष्ट्रपति के विचार और पश्चिम एशिया में हमारी कार्रवाई पर कुछ नाटो सहयोगियों की प्रतिक्रिया को लेकर उनकी निराशा सबके सामने है। इस मुद्दे को सुलझाना होगा। लेकिन इसका समाधान आज नहीं होगा।
यूरोप में अमेरिकी सैन्य रणनीति में बदलावों को लेकर उठ रहे सवालों पर रुबियो ने कहा कि ये फैसले किसी सहयोगी देश को सजा देने के लिए नहीं हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका के पास दुनियाभर की कई जिम्मेदारियां हैं और सेना की तैनाती को लेकर समय-समय पर समीक्षा करनी पड़ती है। यह किसी को दंडित करने की कार्रवाई नहीं है, बल्कि लगातार चलने वाली प्रक्रिया है।
इसी कूटनीतिक गतिरोध के बीच पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी बुधवार को एक हफ्ते में दूसरी बार ईरान पहुंचे। उन्हें पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर का करीबी माना जाता है। हालांकि, खाड़ी क्षेत्र में खुले हमले कम हुए हैं। लेकिन यह तनाव अब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रहा है।



### नहीं हो सका स्थायी युद्ध विराम

अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच आठ अप्रैल को अस्थायी युद्ध विराम हुआ था। इससे पिछले कुछ हफ्तों से जारी हमले रुक गए थे। हालांकि, इस्लामाबाद में हुई आमने-सामने की वार्ता समेत कई कोशिशों के बावजूद अब तक स्थायी समझौता नहीं हो पाया है।

## एक नजर

### भव्य कलश यात्रा के साथ मां भगवती-हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू



**चौपारण** : प्रखंड की ब्रहमोरिया पंचायत अंतर्गत ग्राम बुढ़ियाडाबर में आयोजित श्री श्री 108 मां भगवती एवं हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। महायज्ञ के प्रथम दिन निकाली गई भव्य कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। बरही विधायक मनोज यादव ने मुख्य पुजारी को कलश प्रदान कर यात्रा का शुभारंभ किया। गाजे-बाजे, शंखध्वनि और जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने गांव के विभिन्न मार्गों से होकर यज्ञ मंडप तक कलश यात्रा निकाली। यज्ञ मंडप पहुंचने के बाद वैदिक विधि-विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठान आरंभ हुआ। इस मौके पर विधायक ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारा, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करने का कार्य करते हैं। महायज्ञ को लेकर पूरे गांव में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों एवं पूजा समिति के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

### आरोग्यम अस्पताल बना ममता का आश्रय लावारिस नवजात बच्ची को दिया नया जीवन



**हजारीबाग** : इंसानियत और सेवा भाव की मिसाल पेश करते हुए हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल ने एक लावारिस नवजात बच्ची को नया जीवन देने का सराहनीय कार्य किया है। जन्मजात कटे होंठ से पीड़ित इस मासूम बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की अथक मेहनत, संवेदनशीलता ने उसे जिंदगी की नई उम्मीद दी। बीते 7 मई की शाम लगभग 7:30 बजे सदर थाना पुलिस की गश्ती टीम को एक खाली ई-रिक्शा में नवजात बच्ची लावारिस हालत में मिली। बच्ची के पास एक पर्ची भी बरामद हुई, जिसमें उसे अनाथ आश्रम पहुंचाने की अपील की गई थी। लंबे समय तक खुले वातावरण में रहने के कारण बच्ची संक्रमण की चपेट में आ गई थी और उसे सांस लेने में भी परेशानी हो रही थी। जन्म से ही कटे होंठ की समस्या होने के कारण उसकी स्थिति काफी नाजुक बनी हुई थी। सदर थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को तुरंत हजारीबाग स्थित आरोग्यम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे एनआईसीयू में विशेष निगरानी में रखा गया। अस्पताल के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हीरालाल राम एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रकाश चंद्र की देखरेख में बच्ची का इलाज प्रारंभ हुआ। डॉक्टरों ने बच्ची को ऑक्सीजन सपोर्ट, आवश्यक एंटीबायोटिक दवाएं और विशेष नवजात चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई। कटे होंठ की समस्या को ध्यान में रखते हुए उसके लिए विशेष फीडिंग प्रोटोकॉल तैयार किया गया। अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ ने भी बच्ची की देखभाल पूरी ममता और संवेदनशीलता के साथ की। 24 घंटे निगरानी करते हुए नर्सों ने समय पर दवा देने, दूध पिलाने, साफ-सफाई बनाए रखने और लगातार नजर रखने का कार्य पूरी जिम्मेदारी से निभाया। अस्पताल की नर्सिंग टीम ने सिर्फ अपनी ड्यूटी नहीं निभाई, बल्कि उस मासूम को अपने बच्चे की तरह स्नेह और प्यार दिया। लगातार इलाज और देखभाल के बाद बच्ची की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ।

# खरीफ कार्यशाला में किसानों को सुखाड़ में खेती और जल संरक्षण की दी गई सलाह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : झारखंड सरकार के कृषि मंत्री के निदेर्शानुसार आगामी सुखाड़ की संभावनाओं को देखते हुए किसानों को जागरूक करने एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर भवन, हजारीबाग में जिला स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन संयुक्त रूप से जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी एवं कृषि विज्ञान केंद्र, गोरियाकर्मा के वरीय वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को सुखाड़ की स्थिति में भी बेहतर उत्पादन प्राप्त करने हेतु उपायुक्त फसल चयन एवं आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। केवीके, गोरियाकर्मा के वैज्ञानिक डॉ. राघवन ने बताया कि सुखाड़ की स्थिति में मोटे अनाज, दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती लाभकारी होती है। उन्होंने फसलों में रोग एवं कीट-व्याधि से बचाव के लिए उचित दूरी एवं वायु संचार बनाए रखने की सलाह दी। साथ ही कम अवधि वाली अरहर की प्रजातियों पूसा-16 एवं बिरसा अरहर-2 के उपयोग पर बल दिया। केवीके के वैज्ञानिक डॉ. मुकेश तिवारी ने वर्षा जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को खेत एवं तालाबों में पानी संरक्षित कर सिंचाई हेतु उपयोग करने की जानकारी दी। उन्होंने विभागीय योजनाओं के अंतर्गत पी.डी.एम.सी., टपक सिंचाई एवं फव्वारा सिंचाई तकनीक अपनाने की सलाह दी। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने किसानों से पैक्स का सदस्य बनने का आह्वान किया, जिससे किसानों को अनुदानित दर पर समय से बीज उपलब्ध कराया जा सके। भूमि संरक्षण पदाधिकारी ने तालाब जीर्णोद्धार एवं परकोलेशन टैंक जैसी योजनाओं के माध्यम से वर्षा जल संरक्षण कर सुखाड़ की स्थिति में भी उत्पादन बनाए रखने की जानकारी दी।

मत्स्य प्रसार पदाधिकारी द्वारा मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों को कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन अपनाकर अतिरिक्त आय अर्जित करने हेतु प्रेरित किया गया। जिला उद्यान पदाधिकारी ने सब्जी खेती, ग्रीन हाउस, पॉली हाउस, पैक हाउस, मधुमक्खी पालन एवं मसाला खेती जैसी योजनाओं एवं उन पर मिलने वाली सब्सिडी की विस्तृत जानकारी दी।

## डीसी कार्यालय घेराव में विधायक रोशन लाल चौधरी हुए शामिल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : भूमि अधिग्रहण और कंपनी गतिविधियों के विरोध में गोन्दलपुरा एवं बादम क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा आयोजित डीसी कार्यालय घेराव कार्यक्रम में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी भी शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने आंदोलनकारियों के समर्थन में खुलकर आवाज उठाई और कहा, "हमें जनता ने चुना है, जनता के हम नौकर हैं। जो कंपनी की दलाली करेगा, उसको जो करना है करे, हम आप लोगों के साथ हैं।"विधायक के इस बयान के बाद आंदोलनकारी ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और युवा शामिल हुए, जिन्होंने कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रशासन से अपनी मांगों पर ठोस कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में चल रही परियोजनाओं के कारण विस्थापन, प्रदूषण और आजीविका पर संकट गहराता जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बिना ग्रामसभा की सहमति और उचित पुनर्वास के किसी भी परियोजना को स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीसी कार्यालय के बाहर हुए प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने आंदोलनकारियों से वार्ता कर उनकी मांगों को सुनने का आश्वासन दिया। वहीं विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि वे विस्थापितों और प्रभावित परिवारों के अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ते रहेंगे।

## कम वर्षा की संभावना को लेकर खरीफ कार्यशाला आयोजित, वैकल्पिक खेती पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही** : प्रखंड कार्यालय बरही में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में खरीफ मौसम के दौरान कम वर्षा की संभावना को देखते हुए किसानों के लिए आकस्मिक योजना तैयार करने तथा वैकल्पिक फसलों को अपनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यशाला में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वरीय वैज्ञानिक कृष्ण प्रकाश ने किसानों को कम अवधि वाली फसलों की खेती अपनाने की जानकारी दी। वहीं आईएआरआई के वैज्ञानिक काशी नाथ तेली ने संतुलित उर्वरक उपयोग एवं समेकित कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने पर विस्तार से जानकारी साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने की। उन्होंने किसानों से आकस्मिक योजना के तहत प्रस्ताव देने की अपील करते हुए बीज अनुदान पर अधिक से अधिक बीज उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी संजय यादव ने किसानों को पैक्स के माध्यम से बीज क्रय करने के लिए जागरूक किया तथा अधिक से अधिक किसानों से पैक्स से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राकेश कुमार ने किया। अंत में प्रखंड कृषि पदाधिकारी समीर कांत रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए किसानों से वैकल्पिक खेती की तैयारी करने की अपील की। कार्यशाला में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि भगवान केसरी, जिला परिषद प्रतिनिधि सह समाजसेवी गणेश यादव, सहायक तकनीकी प्रबंधक नीलम सुजात डुंग डुंग, जनसेवक इम्तेयाज अंसारी सहित कृषक मित्र एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

## बेटियों की मुस्कान और जागरूकता के लिए आगे आया हजारीबाग यूथ विंग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग यूथ विंग द्वारा संचालित नारी शक्ति अभियान लगातार समाज में सकारात्मक बदलाव की नई मिसाल पेश कर रहा है। इसी कड़ी में आर्ष कन्या गुरुकुल एवं वीणा हॉस्पिटल की नर्सिंग स्टाफ के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को मासिक स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा और जागरूकता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि महिलाओं का स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। आज भी कई जगहों पर मासिक स्वच्छता जैसे विषयों पर खुलकर चर्चा नहीं हो पाती है, जिसके कारण जागरूकता का अभाव देखने को मिलता है। हजारीबाग यूथ विंग इस सोच को बदलने और महिलाओं को जागरूक एवं आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। यह कार्यक्रम संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के निर्देश पर संचालित किया जा रहा है। संस्था की महिला सदस्य लगातार विद्यालयों, अस्पतालों एवं विभिन्न संस्थानों में पहुंचकर महिलाओं और किशोरियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संस्था द्वारा संयुक्त टीम का गठन किया गया है, जिसमें सेजल सिंह, प्रज्ञा कुमारी एवं खुशी कुमारी शामिल हैं। टीम द्वारा अभियान को प्रभावी एवं व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि समाज तभी मजबूत बनेगा जब महिलाएं स्वस्थ, जागरूक और आत्मनिर्भर होंगी। नारी शक्ति अभियान महिलाओं के सम्मान और स्वास्थ्य सुरक्षा को समर्पित एक सार्थक पहल है। वहीं संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग केवल सेवा नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रहा है।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में समर कैंप का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : दिल्ली पब्लिक स्कूल, बरही में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक और मनोरंजक बनाने के उद्देश्य से एक भव्य समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा विभिन्न गतिविधियों का आनंद उठाया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और ऊर्जा का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक विजय कुमार एवं प्राचार्य अभिषेक कुमार सिंह द्वारा पौधारोपण कर की गई। दोनों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने भी पौधारोपण अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रकृति को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इसके पश्चात योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली एवं मानसिक शांति के महत्व के बारे में बताया गया। बच्चों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाई। विद्यार्थियों को आत्मरक्षा की महत्वपूर्ण तकनीकों की जानकारी दी गई तथा कठिन परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय सिखाए गए। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया और इसे अत्यंत उपयोगी बताया। इसके बाद आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा बनाए गए सुंदर चित्र, सजावटी वस्तुएँ एवं हस्तनिर्मित कलाकृतियाँ सभी के आकर्षण का केंद्र बनीं।

### एनटीपीसी, अदानी, जेएसडब्ल्यू और रोहाणे कोल कंपनी वापस जाओ के नारों से गूंजा समाहरणालय गेट

# जमीन, रोजगार और विस्थापन के मुद्दे पर ग्रामीणों का उग्र प्रदर्शन, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : समाहरणालय गेट शुक्रवार को उस समय आंदोलन और नारों से गूंज उठा, जब बड़ी संख्या में ग्रामीण "ADANI, JSW और रोहाणे कोल कम्पनी वापस जाओ" लिखी तख्तियां और बैनर लेकर सड़क पर उतर आए। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कंपनियों पर जबरन जमीन अधिग्रहण, स्थानीय लोगों की अनदेखी और क्षेत्र के पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाने का गंभीर आरोप लगाया। ग्रामीणों ने प्रशासन और कंपनियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कोल परियोजनाओं और खनन कार्यों के नाम पर वर्षों से उनकी खेती योग्य जमीन छीनी जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जमीन अधिग्रहण के बदले न तो उचित मुआवजा दिया गया और न ही स्थानीय युवाओं को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराया गया। लोगों ने कहा कि कंपनियां विकास के नाम पर गांवों की पहचान और ग्रामीणों की जीविका खत्म कर रही हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि खनन गतिविधियों के कारण क्षेत्र में धूल और प्रदूषण तेजी से बढ़ा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। कई गांवों के जलस्रोत प्रभावित हुए हैं और खेतों की उपज भी कम हो रही है। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने कहा कि कंपनियों की वजह से गांव का शांत वातावरण बिगड़ गया है और अब पीने के पानी से लेकर खेती तक हर चीज संकट में है। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी आवाज नहीं सुनी गई तो आने वाले दिनों में सड़क से लेकर खदान तक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान समाहरणालय गेट के बाहर कुछ देर के लिए तनावपूर्ण स्थिति बन गई। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों की भीड़ और लगातार हो रही नारेबाजी के कारण वहां अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित रखा और किसी भी अप्रिय घटना को होने नहीं दिया। आंदोलन कर रहे ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि ग्रामीणों की सहमति के बिना किसी भी प्रकार का खनन और भूमि अधिग्रहण कार्य तत्काल रोका जाए। साथ ही विस्थापित परिवारों के पुनर्वास, स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार, पर्यावरण सुरक्षा और प्रभावित गांवों के विकास की गारंटी देने की भी मांग रखी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई, 9 भट्ठियां ध्वस्त, 9500 किलो जावा महुआ नष्ट



**चौपारण** : अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, संचय एवं परिवहन पर रोक लगाने को लेकर हजारीबाग उत्पाद विभाग ने चौपारण थाना क्षेत्र के भगहर गांव में व्यापक छापेमारी अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की। उपायुक्त हजारीबाग के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद के नेतृत्व में चौपारण थाना एवं गया मद्य निषेध विभाग के संयुक्त सहयोग से यह अभियान संचालित किया गया। छापेमारी के दौरान अवैध महुआ चुलाई शराब निर्माण में संचालित 9 भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं विभिन्न स्थानों पर छिपाकर रखे गए करीब 9500 किलोग्राम जावा महुआ को विनष्ट किया गया। टीम ने शराब निर्माण में प्रयुक्त बर्तन, उपकरण एवं अन्य सामग्री भी जब्त की। कार्रवाई के दौरान लगभग 460 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। अभियान में अवर निरीक्षक उत्पाद सुमितेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक एंटोनि बागे एवं सय्यद बसीरुद्दीन, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह सहित सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल रहे। उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ आगे भी लगातार सघन अभियान चलाया जाएगा तथा इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जिला मोड़ स्थित कार्यालय में पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह से मिले समाजसेवी रौनक सिंह



**हजारीबाग** : क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी रौनक सिंह ने हजारीबाग सदर के पूर्व विधायक व वरिष्ठ नेता सौरभ नारायण सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। यह भेंट हजारीबाग के जिला मोड़ स्थित पूर्व विधायक के आवासीय कार्यालय में हुई। मुलाकात के दौरान समाजसेवी रौनक सिंह ने सौरभ नारायण सिंह को भेंट किया और उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल में क्षेत्र की वर्तमान स्थिति, जनसमस्याओं और सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। रौनक सिंह ने क्षेत्र में चल रहे सामाजिक कार्यों और जनता की जरूरतों से पूर्व विधायक को अवगत कराया। बातचीत के क्रम में पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह ने रौनक सिंह द्वारा समाज हित में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और उन्हें निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित किया। वहीं, रौनक सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक का लंबा राजनीतिक व सामाजिक अनुभव क्षेत्र के युवाओं और समाजसेवियों के लिए हमेशा मार्गदर्शक का काम करता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कई स्थानीय प्रबुद्ध जन और समर्थक उपस्थित थे।

### भामाशाह विद्यालय में समर कैंप का हुआ आयोजन




**बरही** : शुक्रवार को बरही भामाशाह विद्यालय में कक्षा तृतीय से चतुर्थ के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय,तथा प्रभारी राजू कुमार ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। इस कार्यक्रम के तहत रंगमंच, रसना मेकिंग, क्राफ्टिंग, गेम एवं तरणताल जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि समर कैम्प के आयोजन से बच्चों के भीतर छुपी हुई प्रतिभा एवं कौशल को निखारने का अवसर प्राप्त होता है। साथ ही बच्चे नई-नई गतिविधियों को सीखकर अपनी विशेष क्षमताओं को पहचानते एवं विकसित करते हैं। कार्यक्रम गुडविल दीदीजी के देखरेख मे सम्पन्न हुआ।

### बरियठा बिरहोर टोला में स्वस्थ शिविर आयोजित



**बरही** : शुक्रवार को बरही प्रखंड के बरसोत पंचायत के बरियठा बिरहोर टोला में जनजातीय ग्रामीण उत्सव कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के नेतृत्व डॉ अमन कुमार ने किया। इस दौरान बिरहोर परिवारों का टीवी समेत अन्य की जांच की गयी। चिकित्सकों ने जांच व इलाज के अलावा सभी के बीच नि शुल्क दवाई दी। इसके अलावा बिरहोर परिवारों का ओपीडी के तहत 25 लोगों का इलाज किया इसके राशन कार्ड,आधार कार्ड,आभा कार्ड पेंशन योजना,समेत कई महत्वपूर्ण दस्तावेज शिविर में बनाया। मुखिया मोतीलाल चौधरी ने बताया कि बिरहोर परिवार के बीच कल्याणकारी योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जनजातीय उत्सव मनाया जा रहा था, जिसके तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर मुखिया मोतीलाल चौधरी , कल्याण पदाधिकारी सदानंद यादव,पंचायत सचिव प्रियंका प्रकाश, रविंद्र कुमार,सहोदर पासवान प्रशान्त कुमार,सिकेंदर पंडित पंचायत सहायक दिनेश चंद्रवंशी,मीना कुमारी,सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### राजू यादव ने पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास, लोगों ने जताया आभार



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी पंचायत अंतर्गत माईनस क्वार्टर से गोरी शिव शंकर मंदिर होते हुए बीटाईप क्वाटर होते हुए सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव सह मुखिया प्रतिनिधि राजू यादव के द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। इस सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ होने पर लोगों के बीच खुशी का महौल है। अब जनता को गौरी शिव शंकर मंदिर में पूजा अर्चन करने को लेकर जाने लिए कम दूरी तय करनी पड़ेगी। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीताराम किस्कू,कानू मरांडी, डॉक्टर सुनील कुमार, डॉक्टर जी आर भगत , आर के सिंह, राम लखन साव , तालु बेसरा, अशोक यादव,चंदू जायसवाल, भोला रविदास, अशोक कुमार यादव, दीपक कुमार यादव नाथू प्रसाद, विनय चौहान,जागेश्वर बेदीया,मोहित सिंह, प्रकाश कुमार ,नूर मोहम्मद, अफरोज खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने किया 'झारखंड समावेशी आजीविका योजना' का आगाज, कहा

# गरीब परिवारों के सशक्तिकरण में झारखंड मॉडल बना देश के लिए उदाहरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की सरकार ने राज्य के अति गरीब और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एक बड़ी पहल की है। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने शुक्रवार को परियोजना भवन सभागार में 'झारखंड समावेशी आजीविका योजना' का औपचारिक शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन समिति और 'द नज संस्थान' के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मंत्री ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि समावेशी विकास के क्षेत्र में झारखंड ने जो प्रतिमान तैयार किया है, वह आज पूरे देश के लिए एक उदाहरण बन चुका है।

मंत्री ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि सरकार का एकमात्र संकल्प यह सुनिश्चित करना है कि विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। जो परिवार कभी भूख, अभाव और असुरक्षा से संघर्ष कर रहे थे, आज सरकार की नीतियों और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण उनके जीवन में एक स्थायी व सकारात्मक बदलाव आया है। इस भव्य कार्यक्रम में समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार सिंह, संस्थान के अधिशासी निदेशक जॉन पाल, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं एवं विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों लाभार्थी परिवार उपस्थित रहे।




- 'झारखंड समावेशी आजीविका योजना' का औपचारिक शुभारंभ, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने की बड़ी पहल।
- झारखंड के प्रायोगिक कार्य की सफलता को देखकर केंद्र सरकार ने इस प्रतिमान को पूरे देश में किया लागू।
- योजना के अंतर्गत पहले और दूसरे चरण में राज्य के इकतालीस हजार अति-गरीब परिवारों को मिलेगा सीधा लाभ।
- विभिन्न जिलों के लाभार्थियों के सशक्तिकरण के लिए करोड़ों रुपये की धनराशि के धनादेश किए गए वितरित।

### अब 31 हजार परिवारों को मिलेगा सीधा लाभ, करोड़ों की धनराशि जारी

झारखंड सरकार अब इस योजना के दायरे को और व्यापक करने जा रही है। योजना के पहले और दूसरे चरण के तहत राज्य के कुल 31 हजार अति-गरीब परिवारों को इससे जोड़ा जाएगा। अगले चरण में छह जिलों के 16 परिवारों और उसके बाद 25 हजार परिवारों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। इस ऐतिहासिक शुरुआत के मौके पर विभिन्न जिलों के लाभार्थियों के लिए करोड़ों रुपये की स्वीकृति राशि के धनादेश वितरित किए गए। इसके तहत पूर्वी सिंहभूम के 4 हजार 8 सौ परिवारों के लिए 13 करोड़ 92 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई। पलामू के तीन हजार आठ सौ परिवारों के लिए 11 करोड़ दो लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई। गोड्डा के तीन हजार तीन सौ परिवारों के लिए 9 करोड़ 57 लाख रुपये की सहायता राशि जारी की गई। सरायकेला-खरसावां के दो हजार एक सौ परिवारों के सशक्तिकरण के लिए छह करोड़ नब्बे लाख रुपये का धनादेश सौंपा गया और सिमडेगा के एक हजार लाभार्थी परिवारों के लिए दो करोड़ नब्बे लाख रुपये की राशि का वितरण किया गया।

### झारखंड के प्रायोगिक कार्य को केंद्र सरकार ने देश भर में किया लागू

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने योजना की पृष्ठभूमि और इसकी राष्ट्रीय सफलता पर प्रकाश डालते हुए कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत यह देश का पहला ऐसा प्रायोगिक कार्य था, जिसे विशेष रूप से झारखंड के अति-गरीब और अत्यंत कमजोर जनजातीय समूहों के उत्थान के लिए शुरू किया गया था। पहले चरण में महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से पूर्वी सिंहभूम, गोड्डा और पलामू जिलों के चार प्रखंडों में चार हजार अति-गरीब परिवारों तक मदद पहुंचाई गई। झारखंड में इस प्रतिमान के चमत्कारी और सकारात्मक परिणामों को देखते हुए भारत सरकार ने इसे पूरे देश में लागू करने का ऐतिहासिक फैसला लिया और पिछले वर्ष इसे राष्ट्रीय स्तर पर एक उप-योजना के रूप में शुरू किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो नेताओं ने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को तौलिया देकर किया सम्मानित



**रांची :** रांची में लगातार बढ़ रही गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच आम जनता की सेवा में तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान जताते हुए शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेताओं ने विशेष पहल की। रतन टॉकीज चौक के समीप आयोजित कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस जवानों को तौलिया, पानी और लस्सी वितरित कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में झामुमो नेता आबिद अली और कैप्टन शकील ने कहा कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी भीषण गर्मी, तेज धूप और कठिन परिस्थितियों के बावजूद लगातार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जनता की सेवा में जुटे रहते हैं। सड़क पर घंटों खड़े होकर वे यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के साथ लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। ऐसे कर्मियों का मनोबल बढ़ाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस मौसम में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को छोटे-छोटे सहयोग और सम्मान के जरिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। इसी भावना के तहत उन्हें तौलिया, पेयजल और लस्सी उपलब्ध कराई गई, ताकि ड्यूटी के दौरान उन्हें कुछ राहत मिल सके। मौके पर ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने इस पहल के लिए झामुमो नेताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में झामुमो नेता आबिद अली, कैप्टन शकील, भोला, जमील सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मॉनिटर लिजार्ड तस्करी मामले में भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा समेत तीन आरोपियों को जमानत

**रांची :** रांची में मॉनिटर लिजार्ड की अवैध तस्करी से जुड़े मामले में जेल में बंद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राजीव रंजन मिश्रा, उनके बेटे अविनाश रंजन और अरुण राम को अदालत से राहत मिल गई है। सिविल कोर्ट की एसीजेएम रवि नारायण की अदालत ने तीनों आरोपितों को जमानत दे दी है। दरअसल, 14 मई को वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो और वन विभाग की संयुक्त टीम ने डेली मार्केट इलाके में स्थित एक होटल में छापेमारी की थी। कार्रवाई के दौरान वहां से तीन मृत मॉनिटर लिजार्ड बरामद किए गए थे। इसके बाद मामले में राजीव रंजन मिश्रा, उनके पुत्र अविनाश रंजन और अरुण राम को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। मामले में राजीव रंजन मिश्रा की ओर से 18 मई को अदालत में जमानत याचिका दायर की गई थी, जिस पर सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली। वन्यजीव संरक्षण से जुड़े इस मामले ने राज्य में काफी चर्चा बटोरी थी। मॉनिटर लिजार्ड वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत संरक्षित प्रजातियों में शामिल है और इसकी तस्करी या अवैध व्यापार गंभीर अपराध माना जाता है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और संबंधित एजेंसियां पूरे नेटवर्क की पड़ताल में जुटी हुई हैं।

### लालू यादव का पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश, सिंगापुर जाने की मिली अनुमति

**रांची :** चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू यादव को सिंगापुर जाने की अनुमति मिल गई है। रांची की अपर न्यायायुक्त अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने शुक्रवार को उनका पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दिया। अदालत के इस फैसले के बाद लालू यादव जून के पहले सप्ताह में स्वास्थ्य जांच के लिए सिंगापुर जा सकेंगे। दरअसल, किडनी ट्रांसप्लांट के बाद नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सिंगापुर के चिकित्सकों ने लालू यादव को बुलाया है। डॉक्टरों ने उन्हें एक जून के बाद रूटीन चेकअप के लिए आने की सलाह दी थी। इसी कारण उन्होंने अदालत में पासपोर्ट रिलीज करने की याचिका दाखिल की थी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2022 में सिंगापुर स्थित माउंट एलिजाबेथ अस्पताल में लालू यादव का किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था। ट्रांसप्लांट के बाद से वे नियमित रूप से चिकित्सकीय निगरानी में हैं और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराते रहे हैं। लालू यादव बहुचर्चित चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता हैं। डोरंडा, चाईबासा, देवघर और दुमका कोषागार से अवैध निकासी से जुड़े मामलों में उन्हें दोषी ठहराया गया था। चारा घोटाला का मामला वर्ष 1990 से 1996 के बीच का है, जिसमें सरकारी कोषागारों से फर्जी बिल और दस्तावेजों के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध निकासी की गई थी। जांच एजेंसियों के अनुसार, केवल डोरंडा कोषागार से ही करीब 139 करोड़ रुपये की अवैध निकासी हुई थी।

### डीएवी कपिलदेव की नर्सिंग स्टाफ से यौन उत्पीड़न मामले में पूर्व प्रिंसिपल को तीन साल की सजा

**रांची :** डीएवी कपिलदेव स्कूल की नर्सिंग स्टाफ के साथ छेड़खानी और यौन उत्पीड़न के मामले में रांची सिविल कोर्ट ने स्कूल के तत्कालीन प्रिंसिपल मनोज कुमार सिन्हा को दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा सुनाई है। अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार की अदालत ने दोषी मनोज कुमार सिन्हा पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। इससे पहले अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद मनोज कुमार सिन्हा को दोषी करार दिया था। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीड़िता की ओर से अधिवक्ता खुशबू कटारुका और अधिवक्ता शुभम कटारुका ने अदालत में पक्ष रखा। मामला मई 2022 का है, जब डीएवी कपिलदेव स्कूल की एक महिला नर्स ने तत्कालीन प्रिंसिपल मनोज कुमार सिन्हा पर यौन उत्पीड़न और अश्लील मांग करने का आरोप लगाया था। पीड़िता ने अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद मनोज कुमार सिन्हा को निलंबित कर दिया गया था। बाद में नवंबर 2022 में उन्हें झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत मिली थी। हालांकि, पीड़िता ने आरोप लगाया था कि जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने धमकाने और दबाव बनाने की कोशिश की। इसके बाद पीड़िता ने उच्च न्यायालय में उनकी जमानत रद्द करने की मांग की थी।

### नवीन केडिया ने एसीबी कोर्ट से इंग्लैंड जाने की मांगी अनुमति

**रांची :** झारखंड शराब घोटाले के आरोपित नवीन केडिया ने एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) कोर्ट से इंग्लैंड जाने की इजाजत मांगी है। जिस पर सोमवार (25 मई) को कोर्ट में सुनवाई होगी। नवीन केडिया ने लंदन में अपने बेटे के ग्रेजुएशन सेरेमनी में शामिल होने, हेल्थ चेकअप कराने सहित कई बातों का जिक्र किया है। उसने एसीबी की विशेष कोर्ट में याचिका दाखिल कर एक जून से 23 जुलाई तक के लिए इंग्लैंड जाने की इजाजत मांगी है। उल्लेखनीय है कि झारखंड उच्च न्यायालय ने नवीन केडिया को जमानत दे दी थी, जिसके बाद वे जेल से बाहर है। जमानत की शर्त के अनुसार, उन्होंने अपना पासपोर्ट एसीबी कोर्ट में जमा करा दिया है। नवीन केडिया ने विदेश यात्रा के लिए पासपोर्ट वापस लौटने का आग्रह किया है। एसीबी ने 11 मार्च को नवीन केडिया को गिरफ्तार किया था। वह छत्तीसगढ़ के दुर्ग का निवासी हैं।

## एक नजर

### भाजपा के जिलाध्यक्ष श्राद्धकर्म में हुए शामिल

**सिल्ली :** गुरुवार के दिन सिल्ली प्रखंड के हरवाडीह निवासी सिल्ली मंडल प्रतिनिधि श्याम सुंदर महतो उर्फ पिंटू के स्वर्गीय माता कोकिला देवी के श्राद्धकर्म में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विनय महतो उर्फ धीरज उपस्थित होकर उनके तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की साथ ही शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग करने की बातें कहीं। इस मौके पर पतराहातू मंडल के अध्यक्ष भागीरथ महतो,सिल्ली मंडल के अंबुज रजक,जोन्हा मंडल के बसंत सुड़ी,पूर्व मंडल अध्यक्ष साधु चरण महतो,राजेंद्र साई,ठाकुरदास, धनंजय महतो,हरिहर महतो, अविनाश महतो,समीर महतो,सुभाष चंद्र महतो,तपन कुमार ,वीरेंद्र,शशि भूषण, शिवशंकर,गौरी शंकर, अनूप,जयदीप,पार्वती देवी, माधुरी,आशा देवी,सरिता देवी, कविता,रिया कुमारी,तृषा कुमारी,लक्ष्मी कुमारी,निकिता समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए।

### अंजुमन इस्लाहे मुआसरा कमिटी की हुई बैठक

**अनगड़ा :** प्रखंड के हेसल रिंग रोड में अंजुमन इस्लाहे मुआसरा कमिटी की ओर से परवेज खान की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बकरीद पर्व ,सामाजिक, शैक्षणिक एवं सामुदायिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने समाज में आपसी भाईचारा, बनाकर पर्व को मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान कमिटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समाज के विकास के लिए मिल-जुलकर कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं कमिटी के सदस्य उपस्थित रहे।

### झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के नागेडीह पंचायत के चिटाटांड़ गांव में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन दिनांक 22 मई 2026 को सिल्ली झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो,प्रखंड सचिव अनिल महतो,लोटा के पूर्व मुखिया रवि मुंडा के उपस्थिति में अलका देवी द्वारा फिता काट कर विधिवत पूजा करके उद्घाटन किया गया साथ में मौजूद प्रवीण महतो,संदीप महतो,फेंकना महतो,मदन महतो,संजय महतो,धीरेंद्र महतो जन्मेनजय महतो तथा अनेक ग्रामवासी महिलाएं उपस्थित रहे ।इस महान कार्य के पीछे झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राधिका महतो एवं अजीत महतो का सराहनीय योगदान रहा।

## झारखंड में भीषण गर्मी का प्रकोप : पलामू में पारा 45 डिग्री के पार, हीट वेव का अलर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड में भीषण गर्मी और लू का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। राज्य के कई जिलों में तापमान सामान्य से चार से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया है। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के गढ़वा, पलामू और चतरा जिलों में 25 और 26 मई को हीट वेव चलने की आशंका जताते हुए अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान पलामू जिले में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो राज्य में सबसे अधिक रहा। इसके अलावा गढ़वा और चतरा में भी तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। लगातार बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

राजधानी रांची में भी गर्मी का असर साफ दिखाई दिया। यहां अधिकतम तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि दोपहर बाद आंशिक बादल छाने से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली।

मौसम विभाग ने 24 मई को राज्य के उत्तर-पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, इन इलाकों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इसे देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में भी तापमान काफी ऊंचा दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 43.1 डिग्री और न्यूनतम 29.6 डिग्री सेल्सियस रहा। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री और न्यूनतम 27.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो में अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री और न्यूनतम 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री और न्यूनतम 26.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

## झारखंड कुरमी महासभा रांची का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगडा :** झारखंड कुरमी महासभा रांची जिला इकाई का बैठक 22 मई दिन शुक्रवार को शाम 5.30 बजे गोन्दलीपोखर में साई वस्त्रालय ( प्रोपराइटर श्री राजीव चौधरी ) के परिसर में (पेट्रोल पंप के समीप) जिला अध्यक्ष ज्योतिष कुमार महतो के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संचालन जिला महासचिव सकल नाथ महतो ने किया।

आप सभी को सूचित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखण्ड कुरमी महासभा राँची जिला इकाई के तत्वावधान में कुरमी समाज के मेधावी छात्र -छात्राओं को सम्मानित करने के लिए 12 वीं जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह2026 जे डी नेशनल बीएड महाविद्यालय, अनगड़ा में आयोजन करने का निर्णय लिया गया। दिनांक 5 जुलाई 2026 दिन रविवार को किया जाएगा।

बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड कुरमी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय कारीनाथ महतो उपस्थित हुए उन्होंने कहा कि समाज के लिए अनुकरणीय पहल है प्रथम बार जब शुरू किया गया तो सिर्फ प्रखंड स्तरीय था परंतु आज जिला स्तरीय किया जाता है। इस वर्ष मैट्रिक जैक बोर्ड, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के 90 % से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं एवं 10+2 में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के सभी मेधावी छात्र - छात्राओं को प्रतिभा सामान दिया जाएगा।

## अधिक से अधिक घरों तक पाइपलाइन से गैस आपूर्ति के लिए चलाएं विशेष अभियान : सेठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राजधानी रांची स्थित गेल इंडिया लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय में शहर में पाइपलाइन के माध्यम से गैस आपूर्ति (पीएनजी) और सिटी गैस वितरण परियोजनाओं की प्रगति को लेकर शुक्रवार को समीक्षा बैठक की।

बैठक में उन्होंने अधिकारियों से परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, कार्यों की गति और भविष्य की योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली और जरूरी निर्देश दिए।

रक्षा राज्य मंत्री ने रांची शहर के अधिक से अधिक घरों तक पाइपलाइन से गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को सुरक्षित, सस्ती और पर्यावरण अनुकूल गैस सुविधा उपलब्ध कराना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए टास्क फोर्स का गठन कर युद्धस्तर पर पीएनजी कनेक्शन दिए जाएं और अधिकाधिक परिवारों को इससे जोड़ा जाए।

बैठक में रांची की मेयर रोशनी खलखो, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, इंडस्ट्रीज एसोसिएशन से जुड़े अजय भंडारी, विनय टिबरेवाल और होटल एसोसिएशन से चंद्रकांत रायपत सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग लाखों का सामान जलकर राख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित चेशायर होम रोड पर शुक्रवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक टेंट हाउस के गोदाम में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया और वहां रखा सामान जलकर राख हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह अचानक गोदाम से तेज धुआं और आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। आग फैलते देख आसपास के लोग दहशत में आ गए और इलाके में भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही अग्निशमन सेवा की टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। आग की भयावहता को देखते हुए दमकल की छह गाड़ियों को मौके पर लगाया गया। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत और कई घंटों की कोशिश के बाद आग पर काबू पाया।

बताया जा रहा है कि गोदाम में शादी-विवाह, सामाजिक समारोह और अन्य आयोजनों में उपयोग होने वाले टेंट, पंडाल के कपड़े, सजावटी सामग्री, कुर्सियां, मेज और अन्य उपकरण रखे गए थे। आग की वजह से पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार अगलगी में लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

## श्री हरे कृष्ण उत्सव में शामिल हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, कहा इस्कॉन जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का करे प्रयास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शुक्रवार को राजधानी रांची के दरबार बैंक्वेट हॉल में आयोजित भव्य श्री हरे कृष्ण उत्सव में सम्मिलित हुए। इस्कॉन (अंतरराष्ट्रीय श्रीकृष्ण भावनामृत संघ) रांची इकाई द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में राज्यपाल ने भक्तिमय कीर्तन का श्रवण किया और दीप प्रज्वलित कर समारोह की गरिमा बढ़ाई।

इस विशेष अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं और गणमान्य जनों को संबोधित करते हुए राज्यपाल महोदय ने कहा कि इस्कॉन संस्था से उनका बहुत पुराना और गहरा जुड़ाव रहा है। उन्होंने अपने गृह क्षेत्र का उल्लेख करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के बरेली में भी इस संस्था द्वारा समाज हित और लोक कल्याण के अनेक सराहनीय एवं ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं, जो समाज को एक नई दिशा दे रहे हैं।

राज्यपाल ने इस बात पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की कि झारखंड प्रदेश में भी इस्कॉन द्वारा आध्यात्मिक चेतना जगाने के साथ-साथ सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में बेहद सक्रियता के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने संस्था के निस्वार्थ सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन मानव जीवन में शांति और बंधुत्व की भावना का संचार करते हैं।

अपने संबोधन के दौरान राज्यपाल ने इस्कॉन के पदाधिकारियों के समक्ष एक महत्वपूर्ण विचार रखा। उन्होंने विशेष रूप से आग्रह करते हुए कहा संस्था झारखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय समाज के लोगों को अपने साथ अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने का प्रयास करे। उनके सामाजिक, शैक्षणिक और आध्यात्मिक विकास की दिशा में विशेष योजनाएं चलाई जानी चाहिए, ताकि उनके जीवन में एक बड़ा और सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके।

समारोह में इस्कॉन के वरिष्ठ प्रचारकों और पदाधिकारियों ने राज्यपाल महोदय को अंगवस्त्र और आध्यात्मिक ग्रंथ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

# रजरप्पा में अवैध कोयला कारोबार पर बड़ी कार्रवाई, 100 टन कोयला जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रजरप्पा थाना क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र और वन विभाग रामगढ़ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भूचूंगडीह गांव स्थित अवैध कोयला भंडारण स्थल पर छापेमारी कर लगभग 100 टन चोरी का कोयला जब्त किया है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय कोयला तस्करों और अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

**गुप्त सूचना पर हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई**

जानकारी के अनुसार अवैध रूप से बड़े पैमाने पर कोयला जमा किए जाने की सूचना मिलने के बाद संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में चोरी कर जमा किया गया कोयला बरामद किया गया। अधिकारियों के अनुसार जब्त कोयला अवैध कारोबार और तस्करी के उद्देश्य से रखा गया था।



**आशीष झा के नेतृत्व में चला अभियान**

पूरे अभियान का नेतृत्व क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी आशीष झा ने किया। उनके नेतृत्व में सीसीएल सुरक्षा टीम और वन विभाग रामगढ़ की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया।

**वन विभाग की टीम भी रही सक्रिय**

छापेमारी अभियान में वन विभाग की ओर से यशवंत कुमार, रंजीत कुशवाहा, होमगार्ड मनोज महतो सहित कई कर्मी मौजूद रहे। संयुक्त टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर कार्रवाई को सफल बनाया।

**अवैध कारोबारियों में मची अफरा-तफरी**

अचानक हुई इस बड़ी कार्रवाई के बाद इलाके में अवैध कोयला कारोबार से जुड़े लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। अधिकारियों ने स्पष्ट संकेत दिया है कि अवैध कोयला तस्करी और चोरी के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान जारी रहेगा। साथ ही इस धंधे में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बरकाकाना में गूंजा भाईचारे का संदेश, बकरीद को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने पर बनी सहमति



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को बरकाकाना ओपी परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा ने की। बैठक में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर पर्व को मिल-जुलकर मनाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। बैठक में पर्व के दौरान साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, बिजली-पानी की उपलब्धता एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि बरकाकाना क्षेत्र हमेशा से आपसी सौहार्द और भाईचारे की मिसाल रहा है।

बैठक में वार्ड पार्षद प्रतिभा शरण, रेणु कुमारी, गीता देवी, भाजपा नेता रंजीत राम, संजय लाला, सुदर्शन महतो, हरि रत्नम साहू, कयामुद्दीन अंसारी, डॉ. शाहनवाज खान, पवन यादव, विशेश्वर महतो, प्रभु करमाली, नागेश्वर मुंडा, अहमद हुसैन, दुर्गी मुखिया मुकीम आलम, पंचायत समिति सदर फरीद अंसारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के अंत में सभी लोगों ने एकजुट होकर बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

## स्वच्छ रामगढ़ अभियान को मिली नई ताकत, धनंजय पुटूस बने स्वच्छता प्रहरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** छावनी क्षेत्र में स्वच्छता, जनजागरूकता और सामाजिक भागीदारी को नई दिशा देने की पहल के तहत रामगढ़ छावनी परिषद ने समाजसेवी एवं युवा जननेता धनंजय कुमार पुटूस को स्वच्छता प्रहरी / लीड फैसिलिटेटर के रूप में नामांकित किया है। इस निर्णय के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है और सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों ने इसे सकारात्मक पहल बताया है। छावनी परिषद की ओर से जारी पत्र में मुख्य अधिशासी अधिकारी विवेक सिंह ने कहा कि धनंजय कुमार पुटूस लगातार स्वच्छता जागरूकता अभियान, साफ-सफाई और नागरिक सहभागिता को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनके समर्पण और जनहित में किए जा रहे कार्यों को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नामांकन के बाद धनंजय कुमार



पुटूस ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वे आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने, कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने और छावनी क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए लगातार कार्य करते रहेंगे। धनंजय कुमार पुटूस ने इस जिम्मेदारी के लिए छावनी परिषद और मुख्य अधिशासी अधिकारी विवेक सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता की भागीदारी और जागरूकता से ही स्वच्छ, सुंदर और विकसित रामगढ़ का सपना साकार किया जा सकता है।

## विधायक रोशन लाल चौधरी की पहल पर घाघरा गांव में लगा नया ट्रांसफार्मर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** पतरातू प्रखंड की कुरसे पंचायत अंतर्गत घाघरा गांव के तेहरा चौक में लंबे समय से चली आ रही बिजली समस्या का समाधान आखिरकार हो गया। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी की पहल पर गांव में 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया, जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी के बीच बड़ी राहत मिली है। जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पिछले दो दिनों से पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति ठप थी। बिजली नहीं रहने से ग्रामीणों को गर्मी, पेयजल और दैनिक कार्यों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। समस्या की सूचना मिलते ही विधायक रोशन लाल चौधरी ने तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराया। नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन सांसद



प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली और भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनिल सिंह खरवार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और नारियल फोड़कर किया। ग्रामीणों ने विधायक रोशन लाल चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कम समय में ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराकर गांववासियों को बड़ी राहत पहुंचाई गई है। लोगों ने कहा कि अब बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल होने से आमजन को काफी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में कृपाल उरांव, नरेश उरांव, राजीव कुमार उरांव, विकास उरांव, रवि उरांव, नकुल बेदिया, संजीत उरांव और सिकंदर उरांव सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## रामगढ़ की बेटियां बन रहीं आत्मनिर्भर बीएफसीएल ने खोले रोजगार के नए रास्ते

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड द्वारा महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में सराहनीय पहल की जा रही है। कंपनी की ओर से क्षेत्र की युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जावेद हबीब पार्लर में निःशुल्क ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कोर्स संचालित कराया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत 17 जनवरी 2026 से की गई थी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहला बैच है, जिसमें आसपास के क्षेत्रों की 10 युवतियां प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। 9 माह तक चलने वाले इस कोर्स को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान युवतियों को ब्यूटी, मेकअप, हेयर ट्रीटमेंट और प्रोफेशनल पार्लर तकनीकों की विशेष जानकारी दी




जा रही है, ताकि वे भविष्य में अपना स्वरोजगार शुरू कर सकें। कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी लेने के लिए प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण किया गया। इस दौरान प्रशिक्षु युवतियों से बातचीत की गई, जिसमें उन्होंने बताया कि वे पूरी मेहनत और लगन से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। युवतियों ने कहा कि यह प्रशिक्षण उनके भविष्य को नई दिशा देने वाला साबित होगा और वे इस कौशल के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं। प्रशिक्षु युवतियों ने इस पहल के लिए बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड के प्रति आभार व्यक्त किया। कंपनी प्रबंधन ने कहा कि महिलाओं और युवाओं के कौशल विकास के लिए भविष्य में भी ऐसे रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार चलाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक युवतियां अपने पैरों पर खड़ी होकर समाज में मजबूत पहचान बना सकें। क्षेत्र के लोगों ने कंपनी की इस पहल को महिला सशक्तिकरण और सामाजिक विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम बताया है।

# 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता एवं आउटरीच अभियान तहत जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा रमाकान्त मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन पर दिन शुक्रवार को डोमचांच प्रखंड के फुलवरिया पंचायत भवन सभागार में महिलाओ के विरुद्ध अपराध को लेकर चलाये जा रहे 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता एवं आउटरीच अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार मौजूद थे। 90 दिवसीय गहन विधिक




जागरूकता आउटरीच अभियान को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गौतम कुमार ने कहा कि झालसा, रांची के आलोक में यह कार्यक्रम तीन चरणों में संचालित की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक निःशुल्क एवं सुलभ न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना तथा आमजनों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक एवं सशक्त बनाना है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कहा समाज में महिलाओ को उचित सम्मान दिया जाना आवश्यक है ताकि महिला सशक्तिकरण का लक्ष्य पूरा किया जा सके । उन्होंने कही कि महिलाओ के अधिकारों के संरक्षण के लिए कई कानून बनाये गए है । इसके अलावे सभी वर्ग के लोगो को उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओ का लाभ दिलाने के प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा कृतसंकल्पित है तथा आम जनो को निशुल्क विधिक सहायता महिला एवं बाल अधिकार वृद्ध जनो के अधिकार, साइबर अपराध नशा मुक्ति, बाल विवाह निषेध, घरेलू हिंसा से संरक्षण एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओ के संबंध में लोगों को जागरूक किया जाए ताकि उनका सीधा लाभ मिल सके इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बाल विवाह व डायन बिसाही जैसी कुरीतियों एक सभ्य समाज के जघन्य अपराध है। वही संयुक्त रूप से विधिक जागरूकता शिविर को एल.ए.डी.सी.एस चीफ नवल किशोर एवं मुखिया फुलवरिया पंचायत संजय कुमार मेहता ने संबोधित करते हुए कहा कि लोग अपने अधिकार को तभी पा सकते हैं जब उन्हें सही जानकारी होगी। जानकारी के अभाव में हमेशा लोग कई सारे अधिकारों से वंचित रहते हैं इसके लिए लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। मौके पर पंचायत सचिव राम पुकार शर्मा, पीएलवी डोमचांच प्रखंड सुब्रत कुमार मुखर्जी, मनोज कुमार, अनुराग पाण्डेय, पंचायत सहायक गुड़िया देवी, पवन कुमार मेहता, प्रमिला कुमारी, अर्चना देवी, प्रीति देवी माधुरी देवी के अलावे अलावे अगल-बगल गांव के लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### एबीवीपी के प्रांत पदाधिकारियों का कोडरमा में स्वागत

**कोडरमा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के झारखंड प्रांत संगठन मंत्री निलेश कटारिया एवं झारखंड प्रांत के शोध प्रमुख कृष्ण त्रिवेदी से शुक्रवार को कोडरमा( तीलैया) में मुलाकात की गई। यह मुलाकात जिला संयोजक अतुल भाई के आवास पर हुई। इस दौरान डोमचांच नगर अध्यक्ष उमेश वर्मा एवं नावाडीह निवासी अजय पांडे ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत एवं सम्मान किया। बैठक में संगठन की गतिविधियों एवं युवाओं की भूमिका को लेकर भी चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित लोगों ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा युवाओं को राष्ट्रहित में जोड़ने पर बल दिया।

### पिकअप वाहन से पांच मवेशी बरामद जांच में जुटी पुलिस

**कोडरमा :** डोमचांच थाना क्षेत्र में बीती रात स्थानीय लोगों की सतर्कता से एक बंगाल नंबर पिकअप वाहन को पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया के पीछे संदिग्ध स्थिति में खड़े पिकअप वाहन संख्या हइ 25ए 7542 की जांच करने पर उसमें लगभग पांच मवेशी मिले ।स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तत्काल डोमचांच थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी मवेशियों सहित वाहन को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई ।घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है तथा वाहन और मवेशियों से संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्र की जा रही है।

### युवा मंडल विकास अभियान के तहत कोडरमा में युवा क्लबों का गठन

**कोडरमा :** डोमचांच मेरा युवा भारत एवं प्रतीक संस्था कोडरमा के संयुक्त प्रयास से 19 मई 2026 से 23 मई 2026 तक युवा मंडल विकास अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कोडरमा जिले के डोमचांच, सतगांवा एवं मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न गांवों में युवा क्लबों का गठन किया जा रहा है ।अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को स्वस्थ समुदाय निर्माण की दिशा में एकजुट करना है। इसके माध्यम से युवाओं में स्वावलंबन, पारंपरिक सहयोग, चरित्र निर्माण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं मितव्ययिता की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही सामाजिक परिवर्तन के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि युवाओं के उत्थान के लिए उनमें सामाजिक, नेतृत्व, आध्यात्मिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास की भावना पैदा करना आवश्यक है।

### अमड़ापाड़ा थाना में शांति समिति की बैठक 24 मई को

**अमड़ापाड़ा :** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर अमड़ापाड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 24 मई 2026 को संध्या 4 :00 बजे अमड़ापाड़ा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक होगी। थाना प्रभारी ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं शांति समिति के सभी सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की जा रही है, ताकि सभी के सहयोग से पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### राधा गोविन्द विवि में प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन, छात्रों ने नवाचार से जीता सबका दिल



**रामगढ़ :** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय में शुक्रवार को आयोजित शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, तकनीकी कौशल और रचनात्मक सोच का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और नवाचार का माहौल देखने को मिला। आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने तकनीकी मॉडल, प्रेजेंटेशन, इनोवेशन प्रोजेक्ट और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी क्षमता का परिचय दिया। विद्यार्थियों के प्रस्तुतीकरण ने शिक्षकों और उपस्थित लोगों को काफी प्रभावित किया। कार्यक्रम में कृष सिंह, आनंद गुप्ता, पवन कुमार, संजय उरांव, समीर बेदिया और शिवम कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विशेष पहचान बनाई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और नवाचार की भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने कहा कि किताबों के साथ-साथ व्यावहारिक गतिविधियां भी छात्रों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां प्रतिभा को पहचान दिलाने और उसे निखारने का सबसे बेहतर माध्यम हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति रश्मि, कुलसचिव निर्मल कुमार मंडल, डॉ संजय कुमार, अशोक कुमार और प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं।

### विधायक डॉ नीरा यादव ने आहर के जीर्णोद्धार का किया शिलान्यास



**कोडरमा :** मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत मूरकमनाई पंचायत के बलीडीह स्थित धोधी आहर के जीर्णोद्धार का शिलान्यास विधायक डॉ नीरा यादव ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर शुक्रवार को किया। मिली जानकारी अनुसार धोधी आहर में पानी बहुत कम रहा करता था जिससे कुंवरडीह, कोठियार, बलीडीह, डोंगोडीह इत्यादि गांवों में पानी की समस्या बनी हुई थी। लघु सिंचाई विभाग के द्वारा प्राक्कलन तैयार कर लगभग 25 लाख के लागत से तालाब जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ किया गया। उक्त आहर पांच एकड में फैला हुआ है। विधायक डॉ नीरा यादव ने विश्वास जताया कि अब लोगों को खेती में सुविधा होगी और पानी का स्तर भी बढ़ेगा। शिलान्यास कार्यक्रम में भाजपा नेता राजकुमार यादव, नावाडीह मंडल अध्यक्ष सुनील यादव, पवन सिंह, अशोक यादव, भोला यादव, विकास यादव, कुमार यादव, सदानंद यादव, पवन यादव, हीरालाल यादव और संवेदक अजय यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### शिक्षा, रोजगार और आत्मसम्मान के लिए एकजुट हो कोडरमा के युवाः : मनोज रजक

**कोडरमा :** युवाओं के हक, अधिकार और उनके भविष्य को लेकर युवा राष्ट्रीय जनता दल आगामी दिनों में एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर रहा है। इसी सिलसिले में आगामी 25 मई को सुबह 11 बजे से डोमचांच स्थित मेहता भवन में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक बुलाई गई है। यह बैठक मुख्य रूप से आगामी युवा चौपाल की सफलता एवं तैयारियों और उसकी रणनीति को लेकर आयोजित की जा रही है। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए युवा राजद के जिलाध्यक्ष मनोज रजक ने कहा कि आज देश और राज्य का युवा खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है। शिक्षा व्यवस्था की बदहाली और रोजगार के अवसरों की कमी ने युवाओं के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। रजक ने कहा की आज युवाओं के सामने सबसे बड़ा संकट शिक्षा, रोजगार और उनके आत्मसम्मान का है। युवा राजद इन बुनियादी मुद्दों पर चुप नहीं बैठने वाला। 'युवा चौपाल' के माध्यम से हम गांव-गांव और चौक-चौराहों तक जाएंगे, युवाओं को एकजुट करेंगे और उनके अधिकारों के लिए एक जोरदार आवाज बुलंद करेंगे। डोमचांच की यह बैठक इसी शंखनाद की तैयारी है ।जिलाध्यक्ष मनोज रजक ने कोडरमा जिले के सभी प्रखंडों,पंचायतों और नगर क्षेत्रों के युवा राजद पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित आम जागरूक युवाओं से अपील की है कि वे 25 मई को सुबह 11 बजे मेहता भवन, डोमचांच में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें। उन्होंने कहा कि युवाओं की भारी भागीदारी ही इस बैठक को सफल बनाएगी और दबे-कुचले व बेरोजगार युवाओं की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का काम करेगी।

### अहिंमसा वॉरियर बनी चैंपियन, केकेसीएस मास्टर्स को करीबी मुकाबले में हराया



**झुमरीतिलैया :** खेले गए फाइनल मैच में केकेसीएस मास्टर्स के कप्तान अंकित खेतान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया यह फैसला उनके लिए सही साबित नहीं हो सका पारी की शुरूआत मैं ही टीम लड़खड़ा गई लेकिन आखिरी ओवरों में मोहक सुल्तानिया की आतिश पारी देखने को मिली उन्होंने 20 गेंद में 31 रनों का योगदान दिया और टीम का स्कोर 84 रन पर पहुंचाया वही अहिंमसा वॉरियर्स की ओर से आकाश जैन ने 4 ओवरों में 3विकेट हासिल किया और जवाबी कार्रवाई में केकेसीएस मास्टर्स के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की पर यश जैन को 46 रन की अजय परी खेलने से नहीं रोक पाए फाइनल मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह आरंभ किया गया जिसमें 15 मैन ऑफ द मैच दिया गया और आकाश जैन को प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट दिया गया इसके बाद केकेसीएस की टीम को रनर अप की ट्रॉफी और 5100 नकद इनाम दी गई और अहिंमसा वारियर की टीम को विजय ट्रॉफी और 11000 नकद इनाम दी गई इस कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष के संबोधन के साथ हुआ जिसमें अध्यक्ष मोहित संघई ने प्रयोजना निदेशक से कहा कि आपकी मेहनत बिना यह सफल आयोजन की कल्पना करना भी बहुत मुश्किल होती इस क्रम में उन्होंने राज पच्चीसिया, प्रतीक संघई, मिहिर खेतान ,आकाश जैन, सिद्धार्थ झंझरी और गौरव चौधरी का उत्साह वर्धन किया और कहा आपकी वजह से ही जीत गया मारवाड़ी युवा मंच और सचिव अतुल खेतान में सभी खिलाड़ी और मंच के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया की इस कार्यक्रम में सभी ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया और अपनी खेल भावना का उत्तम प्रदर्शन किया।

## मारपीट कर जानलेवा हमला करने के खिलाफ एक गया जेल

**ईचागढ** : थाना क्षेत्र के लाबा गांव में मारपीट व जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल करने खिलाफ शुक्रवार को नामजद अभियुक्त रवि शशि गोप 32 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार लाबा गांव में 33 वर्षीय शष्टी गोप को जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था एवं रवि शशि गोप घर से फरार हो गया था। जिसमें गुप्त सुचना के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी बजरंग महतो ने बताया कि ईचागढ़ कांड संख्या 22/26 दिनांक 18 मई 2026 को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। घटना को अंजाम देने के बाद नामजद अभियुक्त फरार हो गया था,जिसे गुप्त सुचना के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# बिजली की समस्या को लेकर विधायक ने जीएम से की मुलाकात, जनता की समस्याओं से कराया अवगत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : बड़कागांव और हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्रों में पिछले कई महीने से चरमराई बिजली व्यवस्था, लगातार कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर जन-आक्रोश बढ़ता जा रहा है। भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की लचर स्थिति से आम जनता, किसानों और व्यापारियों का जीना मुहाल हो गया है।

इस गंभीर समस्या को देखते हुए बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी और हजारीबाग सदर के विधायक प्रदीप प्रसाद ने संयुक्त रूप से बिजली विभाग के हजारीबाग जीएम दिनेश कुमार सिंह से मुलाकात की। विधायकों ने जनता को मिल रहे 'बिजली विभाग की नाकामी और उससे उत्पन्न हो रही दिक्कतों को पुरजोर तरीके से अधिकारियों के समक्ष रखा।

**जनता की समस्याओं से कराया अवगत**

मुलाकात के दौरान दोनों विधायकों ने अधिकारियों को बताया कि क्षेत्र के कई इलाकों में वोल्टेज इतना कम रहता है कि बिजली के उपकरण तक काम नहीं कर पा रहे हैं। लगातार हो रही लोड शेडिंग और अघोषित बिजली कटौती ने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। कृषि कार्य से लेकर बच्चों की पढ़ाई पर, इसका बुरा असर पड़ रहा है।

**जल्द सुधार का मिला आश्वासन**

विधायक रौशन लाल चौधरी और प्रदीप प्रसाद ने अधिकारियों को चेतावनी देते कहा कि बिजली व्यवस्था में तुरंत सुधार किया जाए, और हमारे जनता को 20 घंटे बिजली दें अन्यथा जनता के हित में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस पर बिजली विभाग के आला अधिकारियों ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया है कि तकनीकी कमियों को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा।

लो-वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए अतिरिक्त ट्रांसफार्मर और लाइनों को दुरुस्त करने का काम तुरंत शुरू होगा।

क्षेत्र में बिजली की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

**विधायकों का संदेश**

विधायक रोशन लाल चौधरी एवं प्रदीप प्रसाद ने संयुक्त रूप से कहा कि "जनता को बिजली संकट से राहत दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता है। अगर विभाग ने अपने वादे के मुताबिक जल्द से जल्द सुधार नहीं किया, तो हम चुप नहीं बैठेंगे और जनता के हक के लिए सड़क पर उतरेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### टैगोर सोसाइटी फॉर रूरल डेवलपमेंट ने किया बैठक



**पटमदा** : पटमदा प्रखंड सभागार में टैगोर सोसाइटी फॉर रूरल डेवलपमेंट के द्वारा प्रखंड स्तरीय मेट फोरम कमिटी की मासिक बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा से संबंधित कई जानकारी दी गई। जानकारी देते हुए जेई मुजाहिद खान ने कहा कि मनरेगा में जो भी योजनाएं ऑन गोइंग और काम पूरा हो चुका हैं ।सभी योजनाओं को पेमेंट करवाते हुए क्लास करवाना सुनिश्चित करें ।वही बीबी जी राम जी योजना के शुरू होने से पहले कई योजनाओं को पुरानी योजना को पूर्ण करवाए। बैठक में मुख्य रूप से सभी पंचायत और ग्राम से पहुंचे कमिटी के सदस्य मेट सदस्य सहित बीपीएम शिव दास,मानस हांसदा, टीएसआरडी से रूपा बक्शी, भीष्व नाथ महतो,आनंद महतो, मनसाराम महतो,सतीश महतो, जेई मुजाहिद खान,मानस हांसदा सहित कई लोग उपस्थित हैं।

### बकरीद को लेकर कमलपुर थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**पटमदा** : बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को कमलपुर थाना में शांति समिति की बैठक प्रभारी बीडीओ सह सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा कि बकरीद आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का पर्व है। उन्होंने लोगों से पर्व को शांति, सहयोग और सामाजिक समरसता के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने लोगों से अफवाहों से सतर्क रहने तथा सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं पर विशेष नजर रखने की अपील की। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या, आशंका व संदेह की स्थिति में में लोग थाने में संपर्क करें। इसके अलावे बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए सदस्यों ने समाधान करने की मांग की गई है। बैठक में सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास, थाना प्रभारी अशोक कुमार, जिला पार्षद खगेन महतो, उप प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ मांझी, ग्राम प्रधान बगला किंकर मिश्रा, मदन मोहन महतो, मुखिया गुरुचरण माझी, उप मुखिया गोपाल गोराई, सहदेव महतो व निर्मल महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### विभावि में 111 स्नातक प्रशिक्षुओं के आवेदनों की हो रही है जांच

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 111 स्नातक प्रशिक्षुओ के चयन के लिए 17 मई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसके आधार पर प्राप्त आवेदनों के ऑनलाइन सत्यापन का कार्य तेजी से चल रहा है। इस क्रम में पाया गया है कि बहुत सारे आवेदनों के साथ सभी वांछित दस्तावेज अपलोड नहीं किए गए हैं। कई आवेदकों के कुल प्राप्तांक में भूल पाए जा रहे हैं। प्रतिशत की गणना दोषपूर्ण तरीके से की गई है। इन अपूर्ण आवेदनों को अभ्यर्थी के पास स्टूडेंट लॉगिन में रिवर्ट कर दिया जा रहा है। इसकी सूचना अभ्यर्थी को ईमेल के माध्यम से दी जाती है। पहले ही बताया गया है कि तीन दिनों के अंदर रिमार्क क्षेत्र में दिए निर्देश के अनुसार वांछित दस्तावेज अपलोड किया जाना है।

# नशा मुक्त बनाने की बड़ी पहल: ड्रग्स पेडलरों पर नकेल कसने वाले थाना प्रभारी सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**इचाक** : युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेलने वाले 'सफेद जहर' के खिलाफ इचाक पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नशामुक्त समाज के निर्माण में पुलिस के इस सराहनीय कार्य को देखते हुए आदर्श युवा संगठनके बैनर तले इचाक थाना परिसर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने ड्रग्स पेडलरों पर शिकंजा कसने वाले इचाक थाना प्रभारी गौतम कुमार, नंदकिशोर दास और उनकी पूरी टीम को साल व डायरी देकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार ने पुलिस प्रशासन की पीठ थपथपाई। थाना प्रभारी गौतम कुमार के नेतृत्व में इचाक पुलिस ने अब तक 25 बड़े ड्रग्स पेडलरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। हाल ही में पांच बड़े पेडलरों की गिरफ्तारी पुलिस की एक और बड़ी कामयाबी है। हमें पूरी उम्मीद है कि जल्द ही क्षेत्र के बचे-खुचे पेडलर भी सलाखों के पीछे होंगे और इचाक के युवाओं को इस जानलेवा लत से मुक्ति मिलेगी। इस नशामुक्त अभियान में हमारा पूरा संगठन पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

इस कार्यक्रम के दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार ने क्षेत्र की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए एक बड़ी मांग रखी। उन्होंने कहा कि इचाक का एक बड़ा युवा वर्ग नशा और जुए की दलदल में फंसकर बर्बाद हो रहा है। ऐसे संवेदनशील मामलों में पकड़े गए आरोपियों को छुड़ाने के लिए यदि कोई नेता या जनप्रतिनिधि पैरवी करता है, तो पुलिस को उसकी पैरवी बिल्कुल नहीं सुननी चाहिए। बल्कि, ऐसे नेताओं के नाम सार्वजनिक कर उन पर भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं, सुनील वैध ने पुलिस से देसी शराब की अवैध बिक्री पर भी कड़ाई से शिकंजा कसने का आग्रह किया।

# हजारीबाग पुलिस का विशेष छापामारी अभियान: 77 अपराधी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग पुलिस द्वारा 20-05-26 की रात्रि जिले के विभिन्न कांडों में फरार चल रहे अपराधियों/वारंटी के विरुद्ध जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षक एवं पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में विशेष समकालीन /छापामारी अभियान चलाया गया है।

उल्लेखनीय है कि आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

साथ ही आम जनों से यह अपील भी की गई है कि आपके इलाके में ऐसे कोई आपराधिक तत्व के लोग जो गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे हैं उनकी सूचना तुरंत अपने नजदीकी थाना को दे तत्काल उक्त सूचना का सत्यापन करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**अभियान**

- उक्त अभियान में जिले से थाना प्रभारी के नेतृत्व में कुल 30 टीम गठित की गई थी।
- उक्त गठित टीम में लगभग 150 पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया था।
- गठित टीम के द्वारा वांछित अपराधियों के लगभग 100 ठिकानो पर छापामारी की गई ।
- उक्त टीम के द्वारा छापामारी अभियान के दौरान कुल 77 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया ।

# हाथियों को क्षेत्र से भगाने के दौरान आक्रोशित हाथियों ने मचाया उत्पात, दहशत में ग्रामीण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़** : कुकड्डु , ईचागढ़ सहित पूरे चांडिल वन क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है। बीते देर रात को ईचागढ़ थाना क्षेत्र के डुमटांड़ गांव में 8 कि संख्या में हाथियों का झुंड ने कैकयी देवी एवं सनका देवी का घर को तोड़कर धानों को अपना निवाला बनाया। घरों को पुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं हाथियों ने लक्ष्मी नारायण सिंह मुण्डा के घर का दरवाजा एवं खिड़कियों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के समय कैकयी देवी अपने परिजनों के साथ घर के अंदर सोई हुई थी,अचानक हाथी द्वारा घर तोड़े जाने से अफरा-तफरी मच गई, लेकिन किसी तरह उन्होंने परिजनों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी जान बचाई।

घर में रखे बाइक,डेगची एवं बोरा में रखे धानों को चारों ओर बिखेर दिया गया। घर के कई जरूरी सामानों को नुकसान पहुंचाया गया । सुचना मिलते ही शुक्रवार को पंसस प्रतिनिधि व्यास देव महतो, वन रक्षी कैलाश महतो,समाज सेवी विश्वनाथ उरांव गांव पहुंचे और क्षति का जायजा लिया । बताया जा रहा है कि रात को दस्ता द्वारा हाथियों को क्षेत्र से भगाने के दौरान हाथियों का झुंड उग्र हो गया एवं डुमटांड़ गांव में प्रवेश कर आक्रोशित हाथियों ने घरों को अपना निशाना बनाया। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों को भगाने से हाथी अन्य गांवों में भागकर पहुंच रहा है। भागते हुए हाथी काफी उग्र हो रहा है, जिससे जान माल की क्षति पहुंचाई जा रही है। ग्रामीणों ने हाथियों का स्थाई समाधान का मांग किया है।

# यूसेट के विद्यार्थियों का शानदार प्लेसमेंट पराकोट प्रोडक्ट्स लिमिटेड में चयन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**यूसेट की गुणवत्ता एवं तकनीकी शिक्षा के स्तर राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है सिद्धः डॉ आशीष कुमार साहा**

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंतर्गत यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित कंपनी Paracoat Products Ltd.. में प्लेसमेंट प्राप्त किया है। कंपनी द्वारा आयोजित कैंपस भर्ती प्रक्रिया में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ECE) तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग (ME) विभाग के कुल 32 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए यूसेट के प्राध्यापक डॉ अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि कंपनी राजस्थान के भिवाड़ी स्थित अपने औद्योगिक इकाई में प्रोडक्शन एवं असेंबली कार्य हेतु विद्यार्थियों की नियुक्ति करेगी। चयनित विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के अनुसार आकर्षक स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा। बी.टेक विद्यार्थियों के लिए 22,500 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड निर्धारित किया गया है।

ईसीई विभाग से चयनित विद्यार्थियों में खुशी झा, फैजान खान, सपना कुमारी, मो. हसनैन राजा, विक्की कुमार, रिमशा शाहीन, मुस्कान कुमारी, शोभा कुमारी, सलोनी कुमारी, सुजीत कुमार यादव, प्रिया कुमारी पांडेय, आयुषी कुमारी, आयुष कुमार, आर्यन कुमार, सुशील कुमार, रजनी कुमारी, सिमरन कुमारी, रजनीश, सागर, शिवम कुमार एवं सनी कुमार शामिल हैं। वहीं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग से अभिषेक कुमार, दीपक कुमार सोरेन, पवन कुमार, सौरव कुमार झा, अभिषेक कुमार वर्मा, अजीत टुडू, आशीष कुमार, पिंटू कुमार पटेल, प्रवेश कुमार सिंह, राहुल कुमार एवं रौनक कुमार सिन्हा का चयन हुआ है। कॉलेज प्रशासन ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। निदेशक डॉ आशीष कुमार साहा एवं विभागाध्यक्षों डॉ चंद्र भूषण कुमार एवं सुवीर कुमार ने कहा कि यूसेट के विद्यार्थी लगातार राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में चयनित होकर संस्थान की गुणवत्ता एवं तकनीकी शिक्षा के स्तर को सिद्ध कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं आम लोगों की समस्याएं

**हजारीबाग** : आम जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान को लेकर उपायुक्त हेमन्त सती ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में 'जनता दरबार' का आयोजन किया। इस जनता दरबार में जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न शिकायतें एवं आवेदन उपायुक्त के समक्ष रखे।


**GOVT. OF JHARKHAND**
**DRINKING WATER & SANITATION MECH. DIVISION, RANCHI**

***e*-Procurement**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**
**Short e-quotation No:- DWSMD/RANCHI-07/2025-26 ( 3rd Call )**
PR No :- 378074 ( Drinking Water and Sanitation ) 26-27*D

| Sl. No. | Name of Schemes | Estimated Cost ( Rs) | Earnest Money (Rs) | Cost of Tender Paper (Rs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | E-quotation for seeking firm rates for non -schedule items for preparing estimates. | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 15 days |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publishing on website | 25/04/2026 at 02.00 PM |
| 2 | Last date & time for online receipt of bid | 09/06/2026 at 03.00 PM |
| 3 | Date of online opening | 10/06/2026 at 03.00 PM |
| 4 | Place for online opening of bids | Office of the Superintending Engineer, D. W. & S. Mech. Circle. Ranchi |
| 5 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, D.W. and S. Mech. Division, Ranchi. Zila School Campus Water Tower, near Jain Mandir, Upper Bazar, Ranchi – 834001 |
| 6 | Contact no of Procurement office | 0651-3577997, 9431161242 e-mail :- dwsdmechranchi@gmail.com |

**नोट** –1. केवल ई–कोटेशन ही स्वीकार किये जायेंगे ।
2. ऐसे निर्माता/निर्माता के अधिकृत विक्रेता जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार का निबंधन प्राप्त नहीं है, वे भी निविदा में भाग ले सकते है ।
3. निविदा की सूचना तथा नियम शर्तें की जानकारी वेबसाईट www.prdjharkhand.in, प्रमण्डलीय तथा अंचल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । निविदा की जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtender.gov.in पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमण्डल, राँची ।

PR.NO.380496 Drinking Water and Sanitation(26-27):D



**कार्यालय: निबंधक, व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग**

विज्ञापन संख्या–**02 / 2026** दिनांक **22.05.2026**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

व्यवहार न्यायालय हजारीबाग के पुराने न्यायिक अभिलेखों एवं नकल शाखा के प्रयुक्त प्रार्थना–पत्रों के विनष्टीकरण से प्राप्त कतरित अपशिष्ट कागजों की बिक्री हेतु इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों/विक्रेताओं से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। यह प्रक्रिया Criminal Court नियमावली Civil Court Rules के नियम 134 एवं नियम 313 के आलोक में की जा रही हैं। विवरण निम्नलिखित है:

**कार्य का नाम:** व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग के कतरित अपशिष्ट कागजों की बिक्री
**सामग्री का प्रकार:** पुराने न्यायिक अभिलेखों एवं अन्य प्रयुक्त प्रार्थना–पत्रों के विनष्टीकरण के उपरांत प्राप्त कतरित अपशिष्ट कागज।
**निरीक्षण का स्थान:** अभिलेखागार, व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग।
**निरीक्षण की तिथि एवं समय:** दिनांक 23.05.2026 से प्रातः 07.00 बजे से 12.00 बजे तक कार्यालय अवधि में कार्य दिवसों पर।
**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:** दिनांक 03.06.2026 अपराह 12.00 बजे तक।
**निविदा खोलने की तिथि:** दिनांक 04.06.2026 अपराह बजे

**नियम और शर्तें:**

1. इच्छुक व्यक्तियों/फर्मों/विक्रेताओं को निर्धारित प्रारूप में प्रति किलोग्राम दर का उल्लेख करते हुए अपना सीलबंद कोटेशन **03.06.2026 अपराह 12.00बजे** तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा।
2. कोटेशन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य हैं:–
   – पैन कार्ड की कॉपी
   – जी.एस.टी. पंजीकर्ण की प्रति (यदि लागू हो)
   – वैध आई. डी. प्रमाण की प्रति (आधार कार्ड/वोटर आईडी/ड्राविंग लाइसेंस)
   –Address Proof की प्रति
3. शपथ पत्र में घोषणा समर्पित करना कि कटी हुई सामग्री का उपयोग केवल पुनर्वक्रण प्रयोजनों के लिए किया जाएगा।
4. सर्वाधिक बोली लगाने वाले की निविदा सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के अधीन स्वीकार की जाएगी।
5. कतरित कागजों को उठाने एवं परिवहन की संपूर्ण जिम्मेदारी सफल बोलीदाता की होगी।
6. कार्यालय बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता हैं।
7. सूचना प्राप्त होने पर 7 दिनों के भीतर सामग्री हटाने की व्यवस्था करनी होगी।
8. सामग्री का वजन डिलीवरी के समय नाजीर, व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग के उपस्थिति में निर्धारित किया जाएगा।
9. बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी कोटेशन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
10. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
11. इच्छुक बोलीदाता कार्यालय अवधि में कार्य दिवसों पर निबंधक, व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग के कार्यालय से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।
12. फॉर्म का प्रारुप तथा किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग के अधिकारिक वेबसाईट (https://hazaribag.dcourts.gov.in/) में जाए।

ह0/–
निबंधक, व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग

PR 380464 Law(26-27).D


# पर्यावरण संरक्षण के लिए देश में अब तक कोई ठोस कानून नहीं : राजेंद्र सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** : साकची स्थित मोती लाल नेहरू पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय नदी-पर्वत सम्मेलन की शुरूआत हुई। तरुण भारत संघ, आईआईटी धनबाद, युगांतर भारती, नेचर फाउंडेशन, स्वर्णरेखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट, जल बिरादरी और मिशन वाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से पर्यावरणविद, न्यायविद, वैज्ञानिक और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य नदियों और पहाड़ों के संरक्षण के लिए एक सशक्त और अलग कानून की आवश्यकता पर राष्ट्रीय स्तर पर विमर्श करना है। इस दौरान मैग्सेसे पुरस्कार विजेता जलपुरुष राजेंद्र सिंह ने केंद्र और राज्य सरकारों की आलोचना करते हुए कहा कि आजादी के 77 वर्षों में पर्यावरण संरक्षण के नाम पर कई कानून बने, लेकिन नदियों और पहाड़ों को जीवित रखने वाला ठोस कानून आज तक नहीं बन सका। उन्होंने अथर्ववेद का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकृति को माता मानती है और जो धरती को कष्ट पहुंचाए, प्रकृति उसका विनाश कर दे। उन्होंने कहा कि आज विकास के नाम पर प्रकृति का अंधाधुंध शोषण हो रहा है और इसे रोकने के लिए कठोर कानून जरूरी है। सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश वी गोपाला गौड़ा ने कहा कि संसद को नदी और पर्वत संरक्षण कानून के लिए विशेष सत्र बुलाना चाहिए। वहीं जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा कि स्वर्णरेखा सहित कई नदियों की हालत चिंताजनक हो चुकी है और झारखंड के पहाड़ तेजी से खत्म किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस दिशा में एक प्रारूप कानून तैयार किया गया है, जिसमें विशेषज्ञों के सुझाव शामिल किए जाएंगे। सम्मेलन में पर्यावरणविद दिनेश मिश्र, जल बिरादरी के राष्ट्रीय संयोजक बोलिशेट्टी सत्यनारायणा, आईआईटी धनबाद के प्रोफेसर अंशुमाली, युगांतर प्रकृति के अध्यक्ष अंशुल शरण, पत्रकार दीपक पर्बतियार, डॉ रामबूझ, डॉ राकेश कुमार सिंह, डॉ समीर सहित अन्य मौजूद थे।

# विश्व भर में सबसे भरोसेमंद निवेश गंतव्य बन रहा भारत

दुनिया की बदलती आर्थिक और भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच भारत आज वैश्विक निवेशकों के लिए सबसे भरोसेमंद और स्थिर बाजार के रूप में उभर रहा है। अमेरिकी कंपनियों द्वारा पिछले छह महीनों में भारत में 60 अरब डॉलर से अधिक निवेश की प्रतिबद्धता निश्चित ही भारत की बढ़ती वैश्विक साख का प्रमाण है। वस्तुतः वर्तमान में अमेजन, गूगल, सेमीकंडक्टर कंपनियों और बहुराष्ट्रीय कॉरपोरेट समूहों की भारत में बढ़ती दिलचस्पी यह दशार्ती है कि वैश्विक निवेशक अब चीन-केंद्रित मॉडल से हटकर भारत को दीर्घकालिक आर्थिक केंद्र के रूप में देख रहे हैं। अच्छी बात यह है कि व्यापक रूप में यह बदलाव तकनीक, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, ग्रीन हाइड्रोजन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे भविष्य के क्षेत्रों में भी दिखाई दे रहा है। कहना होगा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने आर्थिक सुधारों, डिजिटल ढांचे और स्थिर नीतियों के जरिए अंतरराष्ट्रीय निवेशकों का भरोसा जीता है। मंत्री पीयूष गोयल ने कहा भी है, भारत ऐसा आर्थिक ढांचा प्रदान करता है जहां "पैमाना, प्रतिभा और बाजार" तीनों एक साथ उपलब्ध हैं। भारत के पास 1.4 अरब की विशाल आबादी, तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग और डिजिटल उपभोक्ता बाजार है। बढ़ती आय और उपभोग क्षमता विदेशी कंपनियों को आकर्षित कर रही है। अमेरिकी कंपनियां यह समझ चुकी हैं कि भारत केवल उत्पादन का केंद्र नहीं, बल्कि उपभोक्ता अर्थव्यवस्था का भी सबसे बड़ा भविष्य है। यही कारण है कि अमेरिका सहित दुनिया की बड़ी कंपनियां भारत में दीर्घकालिक निवेश को सुरक्षित मान रही हैं। गूगल और अमेजन जैसी टेक कंपनियों द्वारा भारत में बड़े डेटा सेंटर स्थापित करने की योजनाएं इस भरोसे का सबसे बड़ा उदाहरण हैं। डेटा लोकलाइजेशन, क्लाउड सर्विस और डिजिटल सेवाओं की बढ़ती मांग भारत को डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का वैश्विक हब बना रही है। अमेरिकी कंपनियों की ओर से आए 60 अरब डॉलर के निवेश प्रस्ताव भारत-अमेरिका संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। यह निवेश आईटी सेक्टर के साथ ही विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर तक फैला हुआ है। भारत ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण, पारदर्शी कारोबारी माहौल और तेज निर्णय प्रक्रिया के जरिए विदेशी निवेशकों को भरोसा दिया है। इस बीच यह भी एक सच है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था इस समय कई चुनौतियों से जूझ रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव, ऊंची महंगाई और डॉलर की मजबूती ने अधिकांश देशों की अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया है। भारतीय रुपया भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96 के स्तर तक कमजोर हुआ है, किंतु जैसा कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का कहना है कि भारत सरकार पूरी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और विभिन्न आर्थिक उपायों पर काम किया जा रहा है। उनका विश्वास है कि भारत इस कठिन दौर से भी विजेता बनकर उभरेगा। वस्तुतः भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी घरेलू मांग और मजबूत सेवा अर्थव्यवस्था है। दुनिया के कई देशों में जहां आर्थिक मंदी की आशंका है, वहीं भारत आज भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। जिसमें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया पांच देशों की यात्रा ने भारत के आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को और मजबूत किया है। संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की यात्रा के दौरान कई महत्वपूर्ण निवेश और रणनीतिक समझौते हुए। यूएई ने भारत में लगभग पांच अरब डॉलर के नए निवेश का ऐलान किया। वहीं, कुल नए निवेश और व्यापार विस्तार योजनाओं का अनुमानित मूल्य लगभग 40 अरब डॉलर बताया गया। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने 50 से अधिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों से मुलाकात की।

# नशामुक्त भारत के लिए मोदी सरकार का राष्ट्रीय संकल्प

**विक्रम उपाध्याय**

मौज मस्ती से शुरू नशे की लत जिंदगी के साथ-साथ देश के लिए भी कितनी घातक हो सकती है, उसका अंदाज लगाना अब किसी के लिए कठिन नहीं रहा। हर दिन, अरबों डॉलर का अवैध हस्तांतरण कई देशों की अर्थव्यवस्था को खराब कर रहा है तो हर दिन सैकड़ों लोगों का जीवन भी अत्यधिक नशे के कारण असमय समाप्त हो रहा है। नशे का कारोबार हर महाद्वीप में फैल चुका है और इसके कारण पूरे विश्व में हिंसा बढ़ रही है। आज नशे के जिन पदार्थों का सेवन किया जा रहा है और जिन भौगोलिक क्षेत्रों में किया जा रहा है, उसे सुन और जानकार होश उड़ रहे हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। ड्रग कारोबार के लिए बदनाम गोल्डन ट्रायंगल के नाम से कुख्यात म्यांमार, लाओस और थाईलैंड से हो रही आपूर्ति और ड्रग उत्पादन के कारण मशहूर गोल्डन क्रिसेंट, जिनमें अफगानिस्तान, ईरान और पाकिस्तान के साथ भौगोलिक नजदीकियां भारत में मादक पदार्थों की उपलब्धता को बढ़ा रही है और युवाओं में नशीली दवाओं के सेवन की समस्या गंभीर बना रही है।

एक अनुमान के अनुसार, लगभग पांच करोड़ भारतीय इस समय सिंथेटिक ड्रग्स जैसे कैनाबिस और ओपिओइड्स का उपयोग कर रहे हैं। जाहिर है पहले इस पर लगाम लगाने और फिर इसे खत्म करने के लिए राष्ट्रीय संकल्प की जरूरत है। अच्छी बात यह है कि मोदी सरकार ने नक्सलवाद की तरह ड्रग्स और नारकोटिक्स मुक्त भारत का भी संकल्प लिया है। गृहमंत्री ने 2047 तक भारत को नारकोटिक्स मुक्त करने का वादा किया है। लोग कह सकते हैं कि 20 साल का समय किसने देखा है। एक व्यक्ति की उम्र में 20 साल एक लंबी अवधि हो सकती है, लेकिन एक राष्ट्र के लिए 20 साल का समय सामने से दिख सकता है। जिस गंभीर स्थिति में यह समस्या है, उसे खत्म करने में समय तो लगेगा। खासकर तब जब लोग नशे को जीवन शैली का हिस्सा बना रहे हैं। नई पीढ़ी पहले शौक से फिर आदत से और फिर बाद में लत के कारण इसकी चपेट में आसानी से आ जा रही है। अब एक आकड़ा डराने वाला है। कैंब्रिज प्रिजम ने भारत के 1630 युवाओं का एक सर्वे किया है। उससे पता चलता है कि उसमें से 26.4 प्रतिशत लोग तंबाकू का सेवन और 26.1 प्रतिशत शराब का सेवन कर रहे थे। गांजा का सेवन करने वाले 9.5 प्रतिशत लोग थे और 22.2 प्रतिशत लोग एक से अधिके नशीले पदार्थों के आदी हो चुके थे। इंजेक्शन से ली जाने वाली दवाओं का भी इस्तेमाल शामिल था।

सबसे ज्यादा डराने बात यह निकलकर सामने आई कि 29.5 प्रतिशत लोग नशे के लिए उन पदार्थों का सेवन करने वाले में शामिल थे जिन्हें सिन्थेटिक ड्रग्स की श्रेणी में रखा जाता है। इन नशीले पदार्थों की शुरूआत या तो इंटरनेट के जरिए मिली जानकारी के साथ शुरू हुईं या फिर पार्टियों में किसी ने उसकी शुरूआत कर दी। ज्यादातर को उनके दोस्तों ने नशे से परिचित कराया। पार्टी फिर कैंपस और अंततः घर की दहलीज तक पहुंचे नशे के कारोबार के संजाल को तोड़ना, फिर आपूर्ति को बाधित करना, इसके कारोबार से जुड़े लोगों को कानून के कठघरे में खड़ा करना, इसके सिंडीकेट को ध्वस्त करना, बाहर बैठकर इस नशे के धंधे को संचालित करने वाले को भारत लाकर उनको सजा दिलाना, किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं हो सकता। लेकिन भारत की सरकार और खास कर गृहमंत्री अमित शाह इसके लिए दृढ़ प्रतिज्ञ नजर आ रहे हैं। देश को नक्सलमुक्त करने की उनकी उपलब्धि विश्वास दिलाने में उनकी बड़ी बात सिद्ध हो सकती है।

अभी तक हम मानते थे कि पंजाब ही नशे में उड़ रहा है। ताजा आकड़े बताते है कि हिमाचल प्रदेश और केरल की भी हालत पंजाब वाली होती जा रही है। एक अंग्रेजी दैनिक ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि हिमाचल में नशीले पदार्थों के इस्तेमाल और उनकी तस्करी में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। उसी रिपोर्ट में राज्यपाल जे हवाले से लिखा गया है कि अगर नशीले पदार्थों के प्रति सख्त कदम तुरंत नहीं उठाए जाते तो अगले पांच सालों में हिमाचल प्रदेश भी "उड़ता पंजाब" बन जाएगा। हिमाचल में सिंथेटिक ओपिओइड की खेप आसानी से पहुंचाई जा रही है। 15 से 30 साल के युवकों में इसकी लत तेजी से फैल रही है। 2025 में ओवरडोज से 13 युवकों की मौत रिकार्ड की गई। गृहमंत्री अमित शाह खुद मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ बैठक कर कानूनी शिकंजा बढ़ाने के साथ नशामुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ाने में मदद की। केरल में भी नारकोटिक्स के मामलों में 130 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी देखी गई। यहां लंबे समुद्री तट से आसानी से नशे के समान पहुंच रहा था।

केंद्र, खासकर गृह मंत्रालय की पहल पर राज्यों में मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलेरेंस की नीति बनाई जा रही है। गृहमंत्री सीधा प्रहार अंतरराष्ट्रीय गिरोहों पर करने की नीति पर चल रहे हैं। गृह मंत्रालय एंटी नारकोटिक्स में शामिल सभी एजेंसियों के बीच समन्वय का एक मेकनिज्म तैयार कर चुका है। मादक औषधि एवं मनोरोगी पदार्थ (एनडीपीएस ) अधिनियम, 1985 के तहत मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) समन्वय की नोडल एजेंसी है। राज्य पुलिस और गृह मंत्रालय के अधिकारियों के बीच चारस्तरीय समन्वय तंत्र की स्थापना की गई है। ड्रग्स की खुफिया जानकारी के लिए इंटरपोल और संयुक्त राष्ट्र तक का सहयोग लिया जा रहा है। नशे की खेप के लिए उपयोग किए जा रहे डार्कनेट और क्रिप्टो की ट्रैकिंग के लिए गृह मंत्रालय ने एक अलग टास्क फोर्स का गठन किया है। अपराधियों की संपत्ति जब्ती के अभियान में भी तेजी की जा रही है।

यही नहीं अपने लक्ष्य के लिए गंभीर गृह मंत्रालय ने एक स्थानीय प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के साथ सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष एएनटीएफ इकाइयों को भी अनिवार्य कर दिया है। नागरिक सहभागिता के लिए हेल्पलाइन की सुविधा विकसित की गई है। 24X7 टोल-फ्री राष्ट्रीय नार्कोटिक्स कॉल सेंटर की भी स्थापना की गई है, ताकि नशीले पदार्थों के अवैध नेटवर्क को तोड़ा जा सके। नशीले पदार्थों की तस्करी के रास्तों को बंद करने के लिए व्यापक उपाय किए जा है। बर्मा, पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमाओं पर तस्करी की हर संभावना को खत्म करने की पहल की जा रही है। यह के खुशी की बात है कि अधिकतर सीमावर्ती राज्यों में अब भाजपा या एनडीए की सरकार है। गृह मंत्रालय अब अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता के लिए विशेष उपकरण भी उपलब्ध करा रहा है। अब प्रीकर्सर रसायनों का पता लगाना आसान हो गया है। पहले ईरान, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से ही सबसे ज्यादा नशे के व्यापार संचालित होते थे, क्योंकि इन तीनों देशों में सबसे ज्यादा अफीम के उत्पादन होता था। अफीम के व्यापार से होने वाली आमदनी का उपयोग इस्लामी आतंकवाद को पैसे मुहैया कराने में किया जाता था। अफगान और ईरान अब भारत के विरुद्ध अफीम मनी का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान अब भी भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैये के साथ पंजाब के रास्ते नशे की खेप भारत पहुंचा रहा है। पर इस समय लाओस, थाईलैंड और म्यांमार के रास्ते भारत में सबसे ज्यादा नशीली खेप आ रही हैं। म्यांमार के तस्कर सबसे ज्यादा सक्रिय हैं।

जाहिर है, चुनौती बड़ी है। ड्रग्स का यह अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा है। इसीलिए गृह मंत्रालय ने नशा मुक्त का अभियान पूरे राष्ट्र के दृष्टिकोणके के साथ शुरू किया है। इसे स्थानीय कानून व्यवस्था की तरह लेने के बजाय एक व्यापक वैश्विक सुरक्षा चुनौती के रूप में लिया है। एक राष्ट्रीय संकल्प के तहत गृहमंत्री ने यह ऐलान किया है कि न तो नशीले पदार्थों का एक भी ग्राम भारत में प्रवेश करने दिया जाएगा और न ही भारतीय क्षेत्र को अन्य देशों में नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए एक पारगमन मार्ग बनने दिया जाएगा। इस अभियान का परिणाम भी मिला है। पिछले दो वर्षों में भारतीय एजेंसियों ने 40 से अधिक नशीले पदार्थों के तस्करों और संगठित अपराध में शामिल लोगों को विदेश से प्रत्यर्पण करने में सफलता प्राप्त की है। यही नहीं सिंथेटिक एम्फैटेमिन-आधारित नशीला पदार्थ कैप्टागॉन की एक बड़ी खेप की पहली जब्ती भी हुई है। यह एक तरह से जिहादी ड्रग है जिसे चरमपंथी नेटवर्क चलाता है। नशामुक्त भारत 2047 का संकल्प मोदी सरकार का एक राष्ट्रीय विजन है। इसको पूरा करने में नागरिकों की भी बड़ी भूमिका होने वाली है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# अब एक साल में देश में सबसे तेज जीडीपी ग्रोथ राज्य बन जाएगा पश्चिम बंगाल

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन का बदलाव एक नई आर्थिक सोच, नई दिशा और नए आत्मविश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। लंबे समय से निवेशकों के मन में जो संदेह था, जिसमें कि सबसे अधिक नीतियों की अनिश्चितता, प्रोजेक्ट्स का अटकना और राजनीतिक खींचतान रही, अब वह धीरे-धीरे खत्म होता नजर आ रहा है। वहीं, राज्य की अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री की अगुआई वाले नीति आयोग ने राज्य के पुनः औद्योगीकरण के लिए दीर्घकालिक रोडमैप तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### ताजपुर बंदरगाह बना विकास की नई उम्मीद

दरअसल, भाजपा के सत्ता मे आते ही राज्य एक ऐसे मोड़ पर आ खड़ा है जहां से विकास की रफ्तार तेज होने की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है। इस परिवर्तन की सबसे ठोस मिसाल बना है ताजपुर बंदरगाह। लगभग 25,000 करोड़ रुपये की यह परियोजना वर्षों तक फाइलों में कैद रही, पर अब सत्ता परिवर्तन के बाद इसे प्राथमिकता दिए जाने की संभावना बहुत बढ़ गई है। यह पोर्ट भविष्य में पूरे पूर्वी भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला इंजन बन सकता है। इसके जरिए बड़े जहाज सीधे बंगाल के तट पर पहुंच सकेंगे, जिससे व्यापार की लागत घटेगी और अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

### लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी पर बड़ा फोकस

ताजपुर पोर्ट के साथ-साथ सड़क, रेल और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत करने की योजना है। कोलकाता बंदरगाह और हल्दिया बंदरगाह पर दबाव कम होगा, जिससे माल ढुलाई अधिक सुगम होगी। यदि मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को सही तरीके से लागू किया गया, तो बंगाल पूर्वी भारत का सबसे बड़ा लॉजिस्टिक हब बन सकता है।

### नीति आयोग तैयार कर रहा औद्योगिक ब्लूप्रिंट

दूसरी ओर मोदी सरकार ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष बने अर्थशास्त्री व पूर्व भाजपा विधायक अशोक लाहिड़ी को राज्य की औद्योगिक और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए ब्लूप्रिंट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी है। नीति आयोग के सदस्य लाहिड़ी का कहना है, "बंगाल के लिए एक व्यापक और दीर्घकालिक औद्योगिक विकास खाका तैयार किया जा रहा है, जिसमें उत्पादन क्षमता बढ़ाने, मजबूत सप्लाई चेन विकसित करने, आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण, नदी आधारित व्यापार को प्रोत्साहन देने और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन पर विशेष जोर होगा।"

### 'एक्ट ईस्ट' नीति का प्रवेश द्वार बनेगा कोलकाता

उन्होंने कहा, "इसके साथ ही कोलकाता को भारत की "एक्ट ईस्ट" नीति के प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में स्थापित करने की रणनीति भी बनाई जा रही है। कभी देश के सबसे समृद्ध राज्यों में गिने जाने वाला बंगाल आज औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में अपनी पुरानी पहचान से काफी पीछे छूट गया है। ऐसे में उसे पुनः उसके पुराने विकसित स्वरूप में वापिस लाना ही हमारा लक्ष्य है।"

### केंद्र-राज्य तालमेल से बढ़ेगी विकास की गति

इस संबंध में एचएलबीसी के मैनेजिंग डारेक्टर, उत्पाद समूह इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ऑफ इंडिया आईटी प्रोडेक्ट चेयरमेन मितेश लोकवानी ने कहा, "जब केंद्र और राज्य में एक ही दल भारतीय जनता पार्टी की सरकार होती है, तो नीतिगत तालमेल बेहतर होता है। यही "डबल इंजन" मॉडल अब बंगाल में लागू होने की उम्मीद है। इससे इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं गति पकड़ती हुई जल्द दिखाई देंगी।"

उन्होंने कहा, "यदि राज्य की शुभेंदु सरकार विषय विशेषज्ञों की टीम बनाकर प्लानिंग पार्ट पर सही दिशा में योजना बनाकर चरण बद्ध तरीके से आगे बढ़ेगी तो उसे बहुत अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। इसके लिए पश्चिम बंगाल सरकार को चाहिए कि वह एक टास्क फोर्स बनाएं।"

### कर्नाटक मॉडल से सीख लेने की सलाह

मितेश लोकवानी कहते हैं, "कर्नाटक सरकार ने उद्योगों और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया है। यह एयरोस्पेस और रक्षा (अंतरिक्ष तकनीक और ड्रोन सहित) इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर, पूंजीगत सामान और रोबोटिक्स, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), तकनीकी और मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) आधारित कपड़ा उद्योग, उपभोक्ता उत्पाद (एफएमसीजी, जूते और खिलौने सहित) पर विशेष ध्यान देने में सफल रही है। ऐसा ही प्रयोग आज बंगाल में किए जाने की जरूरत है।"

### गुजरात की औद्योगिक नीति से प्रेरणा

उन्होंने कहा कि इस दिशा में बहुत कुछ गुजरात की उद्योगिक नीति के अध्ययन से भी सीखा जा सकता है। जिसके कारण से आज गुजरात देश में उद्योग का हब और लीडर बना हुआ है। वे कहते हैं कि राजनीतिक स्थिरता और स्पष्ट नीतियां निवेशकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण होती हैं। पहले अडाणी पोर्ट्स और विशेष आर्थिक क्षेत्र जैसे बड़े निवेशकों के साथ हुए उतार-चढ़ाव ने भरोसा कमजोर किया था, लेकिन अब उद्योग जगत में उत्साह देखा जा रहा है। निवेशक यह मानकर चल रहे हैं कि अब प्रोजेक्ट्स बीच में नहीं रुकेंगे और नीतियां लंबे समय तक स्थिर रहेंगी।

वरिष्ठ पत्रकार संतोष मधुप का कहना है, "सत्ता परिवर्तन के बाद से राज्य के लोगों में कुछ अच्छा होने की उम्मीद जगी है। इस उम्मीद पर खरे उतरना शुभेंदु सरकार की पहली प्राथमिकता होगी, इसमें कोई संदेह नहीं। हालांकि पिछली सरकारों ने विगत 4-5 दशकों में राज्य की जो दुर्गति की है उससे बाहर निकलने के लिए निरंतर और सुनियोजित प्रयास की आवश्यकता है। उद्योग, वाणिज्य, शिक्षा, स्वास्थ्य और कार्य संस्कृति में व्यापक सुधार की गुंजाइश स्पष्ट नजर आती है।"

मधुप कहते हैं, "अच्छी बात यह है कि नई सरकार इन चुनौतियों को भली भांति समझती है। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद से शुभेंदु सरकार ने जिस तरह एक के बाद एक बड़े फैसले लिए हैं उससे साफ है कि सरकार के इरादे मजबूत हैं और वह बंगाल की जनता की बेहतरी के लिए कठोर फैसले लेने में भी संकोच नहीं कर रही। प्रचंड बहुमत से सत्ता में आई नई सरकार और उसके मुखिया शुभेंदु अधिकारी को आगे भी अपना यह "बोल्ड इमेज" बनाए रखना होगा।" उन्होंने कहा, अगर सब कुछ सही दिशा में चला तो आने वाले वर्षों में बंगाल फिर से भारत के औद्योगिक मानचित्र पर चमक सकता है, जहां विकास के द्वार खुलेंगे और निवेश की नई गाथा लिखी जाएगी।

### ट्रेड यूनियनवाद और आंदोलनों का असर

उल्लेखनीय है कि एक समय था जब कोलकाता देश का औद्योगिक केंद्र हुआ करता था, लेकिन वामपंथी शासन के दौरान बढ़ते ट्रेड यूनियनवाद और लगातार हड़तालों ने उद्योगों को कमजोर कर दिया। इसके बाद सिंगूर और नंदीग्राम जैसे आंदोलनों ने निवेशकों के भरोसे को और चोट पहुंचाई। टाटा मोटर्स की नैनो परियोजना का राज्य से बाहर जाना इसका बड़ा उदाहरण है। जब बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे शहर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और स्टार्टअप संस्कृति के साथ आगे बढ़ रहे थे, तब बंगाल नीतिगत उलझनों में फंसा रहा। परिणामस्वरूप, निवेश और प्रतिभा दोनों का पलायन हुआ।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7803

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7802 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# स्वस्थ बचपन का संकल्प हो रहा साकार, बदल रही है बच्चों और माताओं की स्वास्थ्य तस्वीर

**डॉ. निवेदिता शर्मा**

जब किसी देश में नवजात शिशु सुरक्षित जन्म लेने लगे, माताएँ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ पाने लगें, बच्चों तक समय पर टीकाकरण और पोषण पहुँचने लगे, तब समझना चाहिए कि विकास जमीन पर दिखाई देने लगा है। भारत में पिछले कुछ वर्षों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो परिवर्तन आया है, उसने स्वास्थ्य सेवाओं की पूरी तस्वीर बदल दी है। गांवों की आंगनबाड़ी से लेकर आधुनिक डिजिटल हेल्थ सिस्टम तक, बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए एक व्यापक ढांचा तैयार किया गया है।

स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आयोजित 79वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डाजी ने महिलाओं, बच्चों और किशोरों के स्वास्थ्य को लेकर भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए जिस विश्वास के साथ भारत की उपलब्धियाँ दुनिया के सामने रखीं, वह इस बदलाव का प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का लक्ष्य तय किया, वहीं मध्य प्रदेश में डॉ. मोहन यादव समेत विभिन्न राज्यों की सरकारों ने इसे धरातल पर उतारने का काम किया। परिणामस्वरूप आज भारत बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य संरक्षण के क्षेत्र में दुनिया के सामने एक मजबूत उदाहरण बनकर उभर रहा है।

भारत वर्ष 2005 से पार्टनरशिप फॉर मैटरनल, न्यूबॉर्न एंड चाइल्ड हेल्थ यानी पीएमएनसीएच से जुड़ा हुआ है। आज भारत इस संगठन में बोर्ड का उपाध्यक्ष और स्थायी समिति का अध्यक्ष है। हर वर्ष 20 लाख डॉलर की स्थायी अनुदान राशि देकर भारत ने यह संदेश दिया है कि वह सिर्फ अपने देश तक सीमित न रहकर वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वहीं, भारत ने दुनिया को यह दिखाया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाई जा सकती हैं।

मोदी सरकार की सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं में आयुष्मान भारत योजना का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। इस योजना ने गरीब और निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए इलाज की चिंता काफी हद तक कम की है। लाखों बच्चों को गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा मिली है। देशभर में स्थापित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर अब उपचार देने के साथ ही बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण का मजबूत आधार बन चुके हैं। यहाँ टीकाकरण, पोषण जांच, एनीमिया नियंत्रण और प्राथमिक उपचार जैसी सेवाएँ लगातार उपलब्ध कराई जा रही हैं।

भारत में बच्चों की मौत का एक बड़ा कारण लंबे समय तक टीकाकरण का अभाव रहा। इसे ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने मिशन इंद्रधनुष को मिशन मोड में लागू किया। इस अभियान ने दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों तक टीकाकरण सेवाएँ पहुँचाने में बड़ी सफलता हासिल की। यहां तक कि कोविड महामारी के दौरान भी बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण कार्यक्रम को प्रभावित नहीं होने दिया गया। डिजिटल ट्रैकिंग और जमीनी स्तर पर आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं के प्रयासों ने इस अभियान को नई ताकत दी। यही वजह है कि शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

### पोषण अभियान से कुपोषण के खिलाफ लड़ाई

भारत में कुपोषण एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य चुनौती रही है। इसे दूर करने के लिए शुरू किया गया पोषण अभियान अब जनआंदोलन का रूप ले चुका है। गर्भवती महिलाओं, बच्चों और किशोरियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर काम कर रही हैं। स्कूलों में मिड-डे मील और आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण आहार वितरण व्यवस्था को मजबूत किया गया है। "पोषण पखवाड़ा" और "पोषण माह" जैसे कार्यक्रमों ने लोगों को जागरूक करने में बड़ी भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं कई मंचों से कुपोषण मुक्त भारत का आह्वान कर चुके हैं।

### किशोर स्वास्थ्य पर बढ़ा फोकस

भारत उन शुरूआती देशों में शामिल रहा जिसने किशोर स्वास्थ्य को लेकर अलग राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया। वर्ष 2014 में आरंभ हुए इस कार्यक्रम के माध्यम से स्कूलों, सामुदायिक केंद्रों और स्वास्थ्य संस्थानों के जरिए युवाओं तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाई गईं। आज किशोरों में मानसिक तनाव, एनीमिया और जीवनशैली संबंधी बीमारियों की चुनौतियाँ बढ़ रही हैं। ऐसे समय में सरकार का यह प्रयास भविष्य की पीढ़ी को स्वस्थ और जागरूक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादवजी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य को लेकर विशेष अभियान चला रही है। राज्य में कुपोषण के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है और बच्चों की स्वास्थ्य निगरानी को डिजिटल माध्यम से मजबूत किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल मेडिकल यूनिट्स की संख्या बढ़ाई है। जिला अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नवजात शिशु देखभाल इकाइयों का विस्तार किया गया है। संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के कारण मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में सुधार देखने को मिला है।

## दैनिक पंचांग

**23 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.50 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | कर्क | 09.03 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 11.19 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 13.31 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 15.42 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | वृश्चिक | 17.56 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 20.12 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 22.18 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 00.04 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 01.37 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मेष | 03.07 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 04.48 बजे से |

**शनिवार** 2026 वर्ष का 143 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** अष्टमी 04.28 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** मघा 02.10 बजे रात्र को समाप्त। **योग** ध्रुव 06.14 बजे तदनन्तर व्याघात 04.43 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** विष्टि 16.41 बजे तदनन्तर बव 04.28 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 6.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 20° 32' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872718 **जूलियन दिन** 2461183.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 06 **विशेष** अधिक मासिक दुर्गाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### स्कूल जा रहे मासूम को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

**साहिबगंज** : जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के पांचू टोला गांव में शुक्रवार को बाइक की चपेट में आने से एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पांचू टोला के वकार अली के पुत्र वाहिद अली (6) स्कूल जाने के लिए घर से निकला था। रास्ते में विपरीत दिशा से तेज रफ्तार एक अज्ञात बाइक चालक ने धक्का मार दिया। इससे बालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों की मदद से आनन-फानन में इलाज के लिए उसे अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर कुमार सौरभ ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### साहिबगंज को मिले नए डीएसपी, रविकांत साव ने संभाला पदभार

**साहिबगंज**: पुलिस लाइन स्थित डीएसपी कार्यालय में शुक्रवार को नए डीएसपी रविकांत साव ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान डीएसपी विजय कुशवाहा से कार्यभार संभाला। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों ने उनका स्वागत किया।बताया गया कि डीएसपी रविकांत साव इससे पूर्व परिवीक्षाधीन पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। आपको बता दें साहिबगंज में यह उनकी पहली पोस्टिंग है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण को अपनी पहली प्राथमिकता बताया। इस दौरान नव पदस्थापित डीएसपी रविकांत साव ने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा तथा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने जिलेवासियों से पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील भी की। मौके पर पुलिस विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। नए डीएसपी के आगमन से जिले में बेहतर पुलिसिंग एवं कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक उम्मीदें जताई जा रही हैं।

### वार्ड के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं : निभा देवी

**पाकुड़** : नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 11 अंतर्गत कैलाश नगर में चल रही विकास योजनाओं का संयुक्त निरीक्षण नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी एवं वार्ड पार्षद निभा देवी ने किया। निरीक्षण के दौरान सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। बताया गया कि कैलाश नगर के लोग पिछले कई वर्षों से सड़क की बदहाल स्थिति और जलजमाव की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। बरसात के दिनों के अलावा सामान्य दिनों में भी मोहल्ले में पानी जमा रहने से लोगों को परेशानी होती थी। इस समस्या के स्थायी समाधान को लेकर वार्ड पार्षद निभा देवी द्वारा पहल की जा रही है। निरीक्षण के दौरान वर्षा के समय कैलाश नगर में जलजमाव की समस्या को रोकने के लिए विशेष कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इसके तहत कैलाश नगर से ईशाकपुर तक महानाला निर्माण, सूजेश सिंह, मोनू जायसवाल एवं राजेश प्रसाद के घर की ओर नाली का गहरीकरण एवं चौड़ीकरण, साथ ही सड़क निर्माण कार्य की संभावनाओं का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त बागतीपाड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्थल का भी जायजा लिया गया। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि बागतीपाड़ा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध होने पर नगर परिषद इस दिशा में गंभीरतापूर्वक पहल करेगी।

## झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

# बंदियों को मिल रही सुविधाओं एवं स्वास्थ्य व्यवस्था का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़** : ज़िले में झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद ने शुक्रवार को जिला कारागार, पाकुड़ का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कारागार परिसर के विभिन्न वार्डों, बैरकों, अस्पताल, किचन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया तथा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में माननीय न्यायमूर्ति ने जेल के किचन में तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं बंदियों को दिए जाने वाले आहार की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने जेल अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, दवाओं एवं उपचार व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने कारा प्रशासन से बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही शिक्षा, पेयजल, दूरभाष एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। न्यायमूर्ति प्रसाद ने महिला बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने बंदियों को आश्वस्त किया कि उनकी जायज मांगों एवं समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक पहल की जाएगी। वहीं न्यायमूर्ति ने महिला बंदियों के बच्चों के बीच फुटबॉल एवं किड्स वियर का वितरण किया। इस अवसर पर बच्चों एवं महिलाओं के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। उन्होंने कहा कि बच्चों का बचपन सुरक्षित एवं खुशहाल होना चाहिए तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए संवेदनशील होकर कार्य करने की आवश्यकता है। इसके अलावा जिला कारागार, पाकुड़ के मुलाकाती केंद्र में स्थापित लीगल एड हेल्प डेस्क का उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडे एवं उपायुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर विधिवत रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति ने कारागार प्रशासन को बंदियों की मूलभूत सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवा एवं सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कारागार केवल दंड का स्थान नहीं, बल्कि सुधार एवं पुनर्वास का केंद्र भी होना चाहिए। उन्होंने बंदियों के पुनर्वास, शिक्षा एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया तथा संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडे, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी सौरभ चंद्रा, जेल अधीक्षक, जेलर दिलीप कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जंगल और पर्यावरण पर मंडरा रहा संकट प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल



डोहरी के पहाड़ों पर अवैध खनन का खेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लिट्टीपाड़ा** : पाकुड़ जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत डोहरी संथाली गांव के पहाड़ों में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर अवैध पत्थर खनन किए जाने का मामला सामने आया है। प्राकृतिक संपदा और घने जंगलों से घिरे इस क्षेत्र में लगातार हो रही पत्थर कटाई ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पहाड़ियों को काटकर खुलेआम पत्थरों का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है, जिससे न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि जंगलों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार डोहरी संथाली गांव के आसपास स्थित कई पहाड़ी इलाकों में लंबे समय से अवैध खनन का कार्य जारी है। आरोप है कि जंगल के भीतर मशीनों की आवाज दिन-रात सुनाई देती है और रात के अंधेरे से लेकर सुबह तक ट्रैक्टर एवं अन्य भारी वाहनों के माध्यम से पत्थरों की ढुलाई की जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही खुदाई के कारण कई स्थानों पर पहाड़ों का स्वरूप बदलने लगा है और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि यदि इसी तरह खनन जारी रहा तो आने वाले वर्षों में डोहरी के पहाड़ अपनी प्राकृतिक पहचान खो देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि पहाड़ों की कटाई से जंगल तेजी से प्रभावित हो रहे हैं, जिससे जैव विविधता और वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास पर भी संकट गहराने लगा है। बरसात के दिनों में मिट्टी कटाव और भू-स्खलन जैसी घटनाओं की संभावना भी बढ़ सकती है। मामले को लेकर सबसे बड़ा सवाल प्रशासनिक निगरानी पर उठ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इतने बड़े स्तर पर यदि अवैध खनन हो रहा है तो संबंधित विभागों और प्रशासन की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ रही। लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि बिना किसी संरक्षण या मिलीभगत के इतने बड़े स्तर पर अवैध खनन संभव नहीं हो सकता। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, खनन विभाग एवं वन विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और प्रभावित पहाड़ी क्षेत्रों का निरीक्षण कराने की अपील की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन और जनविरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन डोहरी के पहाड़ों और जंगलों को बचाने के लिए कितनी तत्परता दिखाता है, या फिर पत्थर माफियाओं का यह कथित खेल यूं ही चलता रहेगा।

### अलग-अलग कांड में मुफ्फसिल पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**साहिबगंज**: मुफ्फसिल थाना पुलिस ने दो अभियुक्त को पुराने मामले में गिरफ्तार कर भेजा जेल। मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 31/26, दिनांक 17 मार्च 26, धारा 326(जी) बीएनएस के प्राथमिक अभियुक्त राजकुमार मंडल पिता ब्रह्मदेव मंडल, साकिन किशन प्रसाद, थाना मुफस्सिल जिला साहिबगंज को विधिवत गिरफ्तार किया और दूसरे मामले में मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 47/26 दिनांक 25 अप्रैल 26, धारा 96 बीएनएस के प्राथमिक अभियुक्त आशीष वर्मा, पिता राजेंद्र वर्मा, साकिन नामवापुर कटेशर, थाना हरगांव, जिला सीतापुर (उत्तर प्रदेश) को विधिवत गिरफ्तार कर, दोनों अभियुक्त को एक साथ उचित मार्गदर्शी दल के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# पुलिस ने बोरियो हत्याकांड का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : बोरियो थाना क्षेत्र के बड़ा बरमसिया गांव में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। सदर एसडीपीओ सुशील कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि अपहरण के बाद लापता हुए चम्पई मरांडी की हत्या कर शव जंगल में छिपा दिया गया था। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।एसडीपीओ ने बताया कि गुरुवार 21 मई को संजी हेम्ब्रम ने बोरियो थाना में लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया था कि उनके पति चम्पई मरांडी को गांव के ही कुछ लोग 12 मई को शराब पिलाने के बहाने घर से बुलाकर ले गए थे, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए बोरियो थाना कांड संख्या 42/26 दर्ज कर त्वरित कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक बोरियो प्रभाग के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने गांव के बाबूजी मरांडी और मंगल टुडू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने चम्पई मरांडी को शराब पिलाकर बरमसिया स्थित मेरले घुटू जंगल में ले जाकर गला दबाकर हत्या कर दी और शव को झाड़ियों में छिपा दिया। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने जंगल से मृतक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया। शव की पहचान मृतक के कपड़ों के आधार पर परिजनों द्वारा की गई। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बाबूजी मरांडी और मंगल टुडू के रूप में हुई है। दोनों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## उधवा झील पक्षी आश्रयणी में अवैध प्रवेश करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : उधवा झील पक्षी आश्रयणी क्षेत्र में वन विभाग द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष गश्ती अभियान के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह लगभग 06:30 बजे वन विभाग की टीम नियमित गश्ती पर थी। इसी दौरान टीम ने एक व्यक्ति को नाव के माध्यम से संरक्षित क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर जाल लगाकर वन्यजीव एवं वन उत्पादों को नुकसान पहुँचाते हुए देखा। वन विभाग की टीम को देखते ही उक्त व्यक्ति नाव लेकर भागने का प्रयास करने लगा, किन्तु टीम द्वारा तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए उसे पकड़ लिया गया।घटनास्थल से नाव एवं जाल को जब्त कर वन क्षेत्र कार्यालय, तालझारी लाया गया। वन विभाग के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त पूर्व में भी इस प्रकार की अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहा है। वन विभाग द्वारा आरोपी के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम एवं संबंधित धाराओं के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि उधवा झील पक्षी आश्रयणी जैसे संरक्षित क्षेत्रों में वन्यजीवों एवं वन संपदा को नुकसान पहुँचाने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही पक्षी आश्रयाणी एरिया में अनाधिकृत प्रवेश पूर्णतः वर्जित है।

# 'सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य' विषय पर विधिक जागरूकता एवं सशक्तिकरण शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़** : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पाकुड़ द्वारा झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य विषय पर विधिक जागरूकता एवं विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पाकुड़ न्यायमंडल के प्रशासनिक न्यायाधीश सह न्यायमूर्ति, झारखण्ड उच्च न्यायालय संजय प्रसाद, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, डीएलएसए, पाकुड़ दिवाकर पांडे, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष, डीएलएसए, पाकुड़ मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, डीएलएसए, पाकुड़ अनुदीप सिंह, फैमिली जज रजनीकांत पाठक, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी सौरभ चंद्रा तथा बार एसोसिएशन के सचिव दीपक कुमार ओझा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा, अधिकार एवं निःशुल्क विधिक सहायता से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बाल संरक्षण, बाल विवाह निषेध, पॉक्सो अधिनियम एवं कानूनी सहायता संबंधी प्रावधानों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि न्यायमूर्ति को पाकुड़ आमंत्रित करने का यह उनका चौथा प्रयास था और उन्हें अत्यंत प्रसन्नता है कि इस बार यह प्रयास सफल हुआ। उन्होंने कहा कि पाकुड़ जैसे जिले में माननीय न्यायमूर्ति का आगमन पूरे जिले के लिए गौरव एवं सौभाग्य की बात है। उन्होंने उपायुक्त मेघा भारद्वाज की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अल्प समय में ही प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत किया है तथा न्यायपालिका एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की भी कार्यक्रम को सफल बनाने में निभाई गई भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बार और बेंच एक ही रथ के दो पहिए हैं तथा पाकुड़ में अधिवक्ताओं एवं न्यायिक पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय और आत्मीयता देखने को मिलती है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर टीबी जागरूकता और स्क्रीनिंग अभियान आयोजित



**साहिबगंज** : एक सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान के अंतर्गत, मालदा मंडल द्वारा 21 मई 2026 को मुख्य स्वास्थ्य इकाई (एमएचयू), साहिबगंज एवं साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर तपेदिक (टीबी) जागरूकता एवं स्क्रीनिंग कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक, मालदा, मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मंडल रेलवे अस्पताल, मालदा, डॉ. अनुपा घोष के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। मुख्य स्वास्थ्य इकाई, साहिबगंज में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का संचालन डॉ. जी.पी. सिंह एवं डॉ. सुचित डी. एस., एडीएमओ/एमएचयू, साहिबगंज द्वारा जिला टीबी इकाई, साहिबगंज के समन्वय से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को तपेदिक, उसकी रोकथाम, शीघ्र पहचान, उपचार तथा समय पर जांच के महत्व के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में 30 से अधिक रेलवे कर्मचारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा संवादात्मक जागरूकता सत्र से लाभान्वित हुए। अभियान के अंतर्गत जिला टीबी इकाई द्वारा पोर्टेबल एक्स-रे मशीन के माध्यम से 25 से अधिक कर्मचारियों की टीबी स्क्रीनिंग की गई, जिससे संभावित मामलों की शीघ्र पहचान एवं समयबद्ध उपचार सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में 25 से अधिक रेलवे कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने भाग लिया तथा जागरूकता गतिविधियों से लाभान्वित हुए। इस सत्र में टीबी के लक्षण, जांच की विधियाँ, स्क्रीनिंग प्रक्रिया, डॉट्स थेरेपी तथा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध विभिन्न प्रोत्साहनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम रेलवे कर्मचारियों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं साहिबगंज जिला टीबी इकाई के सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जो जनस्वास्थ्य जागरूकता एवं टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में पूर्व रेलवे के मालदा मंडल की प्रतिबद्धता को पुनः रेखांकित करता है।

### तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन का एडीआरएम ने किया निरीक्षण

**साहिबगंज**: मालदा रेल मंडल के एडीआरएम अमरेंद्र कुमार मौर्य ने शुक्रवार को तीनपहाड़ रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं एवं विभिन्न निर्माण कार्यों की स्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान कई कमियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में एडीआरएम ने स्टेशन परिसर के ड्रेन की सफाई, जलजमाव की समस्या, प्लेटफॉर्म पर फुल्ली ब्रेकेटिंग, कवर्ड व्यवस्था, साफ-सफाई एवं प्रतीक्षालय की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतीक्षालय में मौजूद कमियों को जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया। स्टेशन परिसर में लिफ्ट निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे को खुला पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए उसे तत्काल सुरक्षित कराने को कहा। साथ ही पुराने अस्पताल सूची बोर्ड को हटाने, पोस्ट ऑफिस परिसर की स्थिति सुधारने, अंडरपास की साफ-सफाई, स्टेशन छत पर उगी घास एवं झाड़ियों की सफाई कराने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया गया। निरीक्षण के दौरान पार्सल बुकिंग बंद रहने एवं जर्जर दीवार की स्थिति पर भी चर्चा हुई। एडीआरएम ने जर्जर दीवार को शीघ्र मरम्मत कराने एवं बुकिंग व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके अलावा स्टेशन परिसर के डबल रूम एवं अन्य आवंटित भवनों की स्थिति की भी जानकारी ली गई। मौके पर एडीआरएम अमरेंद्र कुमार मौर्य के साथ राहुल कुमार, डीईएन-1 राजवंशी, सीनियर डीएसओ ताराचंद्र, सीनियर डीईओपी, आईओडब्ल्यू प्रमोद कुमार पासवान, तीनपहाड़ स्टेशन प्रबंधक रजनीश कुमार तथा टीआई नितेश कुमार सहित रेलवे के कई अधिकारी मौजूद थे।

### कार्यशाला में किसानों दी गई योजनाओं और आधुनिक खेती की जानकारी



**साहिबगंज** : प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी बासुकिनाथ टुडू की अध्यक्षता में खरीफ कार्यशाला, कृषक गोष्ठी एवं संतुलित उर्वरक उपयोग विषयक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में जिला से आए जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित प्रखंड कृषि पदाधिकारी, जनसेवकगण, सहायक तकनीकी प्रबंधक, प्रखंड समन्वयक, एग्री क्लिनिक, कृषक मित्र, मुखिया एवं प्रखंड क्षेत्र के अनेक किसान उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान किसानों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे बीज विनिमय एवं वितरण योजना, पौधा संरक्षण कार्यक्रम, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-आरकेवीवाई-पीडीएमस, पीएम-किसान योजना, झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, झारखंड राज्य मिलेट मिशन योजना, आत्मा योजना, किसान समृद्धि योजना तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन अंतर्गत दलहन, तेलहन, मोटे अनाज, धान एवं न्यूट्री सीरियल से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त किसानों को मिट्टी जांच, बीज परीक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग, आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत कृषि पद्धतियों एवं वैज्ञानिक खेती के संबंध में विस्तारपूर्वक जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कृषि एवं संबंधित विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए किसानों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ईएल-नीनो इफेक्ट के कारण खरीफ मौसम में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए किसानों के बीच ड्राफ्ट काउंटिंजेंसी प्लान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं।

### अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर लोगों को किया गया जागरूक

**साहिबगंज**: जिले के उधवा प्रखंड में भारतीय वन्यजीव संस्थान एवं राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के जलज परियोजना के तहत उधवा प्रखंड अंतर्गत चतराडीह नया टोला में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान परियोजना सहायक वरुण कुमार मंडल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य पृथ्वी में जीव जंतु की महत्व व उनके भूमिका के बारे में जागरूक करना है। साथ ही उन्होंने बताया कि जिसका थीम है वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना। यह दिवस पृथ्वी पर जीव के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर में ग्रामीणों के बीच जन जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमे ग्रामीणों को गंगा नदी में पाए जाने वाले जीव जंतु तथा वन्य जीव-जंतु के बारे में बताया गया। दिन प्रतिदिन मानवों के द्वारा गंगा नदी एवं पर्यावरण के प्रति किए जाने वाले हानिकारक दुष्प्रभाव के कारण इनमें पाए जाने वाले जीव जंतुओं की संख्या कम होती जा रही है। अतः हमे इनके संरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए और इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए।

## एक नजर

### किसानों के लिए प्रखंड स्तरीय कृषक कर्मशाला आयोजित

**खूंटी :** कर्रा प्रखंड कार्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ स्मिता नागेशिया की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय कृषक कर्मशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ स्मिता नागेशिया, जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी घनश्याम ओहदार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार महली, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी ज्ञानचंद और बीटीएम स्नेहलता तिग्गा ने संयुक्त रूप से किया। कर्मशाला में किसानों को बदलते मौसम और कम वर्षा की स्थिति में वैज्ञानिक तरीके से खेती कर बेहतर उत्पादन प्राप्त करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ स्मिता नागेशिया ने कहा कि किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक खेती की तकनीकों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन, उन्नत बीजों का चयन और मौसम के अनुरूप खेती की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने किसानों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और अपने खेतों में नई तकनीकों को अपनाने की अपील की। बीडीओ ने कहा कि कर्रा प्रखंड में कई प्रगतिशील किसान बेहतर खेती कर अन्य किसानों के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। उन्होंने किसान लोहरा महतो का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपने खेतों में भूटान की लौकी और चंदन की खेती कर अच्छी आमदनी अर्जित की है। जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और यहां अधिकांश लोग खेती पर निर्भर हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार इस वर्ष झारखंड में कम वर्षा होने की संभावना है। ऐसे में किसानों को सही समय पर सही बीज और वैज्ञानिक पद्धति अपनाने की आवश्यकता है।

### महिला ने फंदे से लटककर की खुदकुशी

**खूंटी :** खूंटी जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत उडिकेल पंचायत के जोजोदाग गांव में एक महिला द्वारा फंदे से लटककर खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान सुखमति लांगुरी (पति देवसिह पाहन) के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सो गए थे। इसी दौरान देर रात सुखमति घर से बाहर निकली और गांव के एक इमली के पेड़ की डाली से रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह जब परिजन घर से बाहर निकले तो उन्होंने पेड़ से लटकता शव देखा, जिससे वे स्तब्ध रह गए। घटना की सूचना तत्काल जरियागढ़ थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### टीएसपीसी के नाम पर वाहन जलाने वाला अपराधी गिरफ्तार

**पलामू :** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के नाम पर लेवी के लिए दो हाइवा वाहन जलाने वाले अपराधी कल्पु सिंह उर्फ कपिल देव सिंह उर्फ विशाल कुमार को एक साल बाद गिरफ्तार किया गया। कल्पु सिंह बरडीहा छतरपुर का रहने वाला है। वह आगजनी के बाद से लगातार फरार चल रहा था। गुप्त सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। उल्लेखनीय है कि 07 मई 2025 को करमाचराई के कुटिया मोड़ के पास दो हाइवा में आग लगा दी गयी थी। इस घटना को अपराधी कल्पु सिंह उर्फ कपिल देव सिंह उर्फ विशाल कुमार ने अपने साथियों के साथ अंजाम दिया था।

## बिजली की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से की मुलाकात

# सांसद प्रतिनिधि के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने सौंपा ज्ञापन, जल्द समाधान की मांग की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चास :** चास क्षेत्र में वर्षों से बनी हुई बिजली समस्या को लेकर सोमवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश सामने आया। क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने धनबाद सांसद ढुल्लू महतो के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि अमर स्वर्णकार एवं भाजपा नेता मुकेश राय के नेतृत्व में बिजली विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

सांसद प्रतिनिधि अमर स्वर्णकार, भाजपा नेता मुकेश राय एवं सांसद प्रतिनिधि अरबिंद कुमार के नेतृत्व में पहुंचे लोगों ने विभागीय अधिकारियों को क्षेत्र की बदहाल बिजली व्यवस्था से अवगत कराया। लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के एसडीओ और जेई आम लोगों के फोन तक नहीं उठाते, जिसके कारण शिकायतों का समय पर समाधान नहीं हो पाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व कैलाश नगर एवं चिर चास क्षेत्र में बिजली लाइन का केबल बदला गया था, लेकिन कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। लाइन को सही तरीके से नहीं जोड़े जाने के कारण कई इलाकों में अंधेरा छाया रहा और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

लोगों का कहना था कि विभागीय लापरवाही के कारण उन्हें खुद निजी मिस्त्री बुलाकर बिजली लाइन जुड़वानी पड़ी। इसको लेकर लोगों में काफी नाराजगी देखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने बिजली विभाग के एक्सिक्यूटिव ऑफिसर से मिलकर क्षेत्र में नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, खराब व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा अधिकारियों की कार्यशैली में सुधार लाने की मांग की।

मामले को गंभीरता से सुनने के बाद विभागीय अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया कि क्षेत्र की बिजली समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा तथा अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा।

## डालमिया सीमेंट ने रैयत की जमीन पर खड़ा पेड़ काटा, कार्रवाई की मांग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो औद्योगिक क्षेत्र स्थित डालमिया भारत सीमेंट प्लांट के कर्मचारियों ने सोमवार को रैयत प्रह्लाद महतो की जमीन पर स्थित एक पेड़ काटकर गिरा दिया, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस और प्रभावित किसान ने प्रशासन को दी है। प्रह्लाद का आरोप है कि कंपनी ने बिना किसी पूर्व सूचना या सहमति के उसकी जमीन के हिस्से को समतलीकरण कर बाउंड्री दीवार का प्लास्टर कराने के लिए मलबा और मशीनरी लगाई तथा जमीन पर खड़े पेड़ को काट दिया। प्रह्लाद महतो ने बताया कि घटना से पहले 18 मई को उन्होंने बालीडीह ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। थाने ने भी प्लास्टरिंग के काम पर रोक लगा कर कंपनी को जरूरी दस्तावेज के साथ थाने में हाजिर होने को कहा था, लेकिन कंपनी की ओर से कोई प्रतिनिधि थाने में नहीं पहुंचा। इसके बावजूद कंपनी ने शुक्रवार को पुनः कार्य आरम्भ कर दिया और पेड़ काट दिया।

प्रह्लाद ने बताया कि उनकी कुल लगभग 9 एकड़ 16 डिसमिल जमीन में से 2011 में जेपी सीमेंट ने लगभग 4 एकड़ जमीन अधिग्रहित की थी और उसके बदले 4 लोगों को नौकरी देने का आश्वासन दिया गया था। बाद में यह जमीन डालमिया सीमेंट ने खरीदी।

## सेक्टर-6 थाना पहुंचे एसपी, कानून व्यवस्था को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

### अपराध नियंत्रण पर जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रखने पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** नाथु सिंह मीना ने जिले में विधि-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में पहल तेज कर दी है। इसी क्रम में शुक्रवार को उन्होंने सेक्टर-6 थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नवपदस्थापित पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन भी मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना परिसर, अभिलेखों एवं पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थाना अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने अधिकारियों को क्षेत्र में पैदल गश्ती और बाइक पेट्रोलिंग को और अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार नजर रखने तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति आगे भी जारी रहेगी। आम लोगों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है।

एसपी ने थाना स्तर पर लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन, क्षेत्र में नियमित निगरानी और जनता के साथ बेहतर संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया।

## चास में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो/चास :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभार्थियों से सत्यापन के नाम पर प्रति व्यक्ति ₹200 वसूलने का मामला चास प्रखण्ड के चौफांद बस्ती (पोस्ट–बैधमारा) से प्रकाश में आया है। मामला तब अधिक गंभीर रूप ले गया जब एक दावा किया गया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें कथित तौर पर वसूली करते हुए एक महिला स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि योजना का लाभ दिलवाने के लिए उनसे जबरन राशि मांगी जा रही है। प्रभावितों ने बताया कि यह वसूली "सीमा मैडम" नामक एक कर्मी द्वारा की जा रही है। वायरल वीडियो में एक महिला पैसे लेते हुए दिखाई दे रही है, जबकि उसके बगल में खड़ी दूसरी महिला हाथ के पंखे से उसे हवा देती दिख रही है, जिससे घटनाक्रम की सच्चाई पर गंभीर सवाल उठे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वे पहले ही आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं और ऐसी अवैध वसूली उनके लिए भारी साबित हो रही है। कई लाभार्थियों ने डर के चलते पैसे दिए क्योंकि उन्हें आशंका थी कि राशि नहीं देने पर उनका नाम योजना से हटाया जा सकता है। मामले के बाद इलाके में भय और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वायरल वीडियो के आधार पर त्वरित और पारदर्शी जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि गरीबों का शोषण रोका जा सके। लोगों ने चेतावनी भी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

दूसरी ओर, स्थानीय प्रशासन ने अभी तक मामले पर आधिकारिक टिप्पणी जारी नहीं की है। जिला प्रशासन के प्रतिनिधि से संपर्क करने का प्रयास जारी है; उनके बयान आने पर समाचार में अपडेट किया जाएगा।

## बेटे से विवाद के बाद घर में घुसकर मारपीट का आरोप, महिला ने थाने में की शिकायत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** चास थाना क्षेत्र की भोजपुर कॉलोनी निवासी कंचन देवी ने स्थानीय पिंटू यादव पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित महिला ने बताया कि उनके पति भानु प्रताप सिंह सीआईएसएफ में कार्यरत हैं और फिलहाल बाहर पोस्टेड हैं। वह अपने दो बच्चों के साथ घर में अकेली रहती हैं।

महिला के अनुसार, कुछ दिन पहले उनका बेटा मैदान में बैठा हुआ था। इसी दौरान पिंटू यादव ने उसके साथ मारपीट की थी। आरोप है कि गुरुवार की शाम करीब 6:30 बजे पिंटू यादव कुछ लोगों के साथ उनके घर पहुंचा और महिला व उनकी बेटी के साथ मारपीट की। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया।

पीड़िता ने मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। वहीं स्थानीय वार्ड पार्षद ने कहा कि कानून को इस मामले में निष्पक्ष होकर काम करना चाहिए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। फिलहाल पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

# कोयला माफिया को बचाने के लिए आजसू नेताओं पर किए गए झूठे मुकदमे : डॉ लंबोदर महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** आजसू पार्टी ने धनबाद के बांसजोड़ा में पार्टी नेताओं पर जानलेवा हमले की घटना की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। आजसू नेताओं ने आरोप लगाया कि धनबाद पुलिस द्वारा हमलावर कोयला माफिया और अपराधियों को बचाने के लिए पार्टी नेताओं को ही उल्टा झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है। इसपर रोक लगाई जाए। इस मामले को मानवाधिकार आयोग तथा महिला आयोग के समक्ष भी उठाया जाएगा।

आजसू के पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर एवं केंद्रीय महासचिव संजय मेहता ने बोकारो परिसदन में प्रेस वार्ता में धनबाद पुलिस पर निशाना साधा और उनकी भूमिका पर सवाल उठाया। आजसू नेताओं ने कहा कि धनबाद पुलिस माफिया को संरक्षण देना बंद करे और बंगाल से सबक लें, जहां माफिया के संरक्षक अधिकारियों को कानून का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रजनी रवानी के गलत ढंग से 20 मई को गिरफ्तार कर रात भर थाना में रखा गया था और मार पीट की गई थी।

डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि घटना के दिन 20 मई को एक बजे आजसू पार्टी की नेता रजनी रवानी, हीरालाल महतो, प्रदीप महतो अपने कार्यकताओं के साथ लोयाबाद थाना पहुँचे थे। वहाँ उन्होंने अवैध खनन पर रोक लगाने तथा कोयला माफिया द्वारा जन मरने की धमकी के संबंध में लिखित शिकायत दी। आवेदन देने के बाद आजसू पार्टी के नेता बाँसजोड़ा में रजनी रवानी के आवास के बाहर बैठे थे। थाने में शिकायत से क्षुब्ध होकर कोयला माफिया के सैकड़ों असामाजिक तत्वों ने हथियार- हरवे से लैस होकर हमला कर दिया। रॉड, हॉकी स्टिक, बेस बॉल स्टिक हमारे पार्टी नेताओं और कार्यकताओं को बुरे तरीके से मारा गया और गोलियां चलाई गईं। जिसमें रजनी रवानी जी, हीरालाल महतो, प्रदीप महतो एवं अन्य कार्यकताओं को गंभीर चोटें आयी। सभी को माथे पर मारा गया। शरीर के अन्य हिस्सों पर वार किया गया। महिला नेत्री रजनी रवानी को भी पुरुष हमलावरों ने बुरे तरीके से मारा। हमारे पार्टी नेताओं के सभी गाड़ियों को तोड़ दिया गया।

डॉ महतो ने बताया कि इसके बाद हमारे पार्टी के घायल नेता अपना इलाज कराने अस्पताल पहुँचे। लेकिन उन्हें देखने आने वाले नेताओं पर भी झूठा मुकदमा कर दिया गया। इसी बीच दिनांक 20.05.2026 को शाम में लोयाबाद पुलिस रजनी रवानी जी को बिना किसी महिला पुलिस की उपस्थिति में लोयाबाद थाना लेकर आ गयी। वहाँ रात भर उन्हें बिना किसी आधार के थाना में हाजत में बंद करके रखा गया और 21 में को जेल भेज दिया गया। क्या किसी महिला को रात भर थाना में रखना उचित है? इस मामले को महिला आयोग में ले जाया जाएगा। डॉ देवशरण भगत ने कहा कि बाँसजोड़ा क्षेत्र के संगठित आपराधिक गिरोह तथा कोयला की कालाबाजारी और चोरी में लिप्त राम - रहीम के नाम से प्रचलित राजकुमार महतो एवं असलम मंसूरी के द्वारा अवैध कोयले के धंधे को रजनी रवानी के द्वारा अवैध कोयले के धंधे को बंद करने का संवैधानिक प्रयास किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध बिजली और पानी कनेक्शन की शिकायत पर छापेमारी में जवान घायल



**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट के टाउन एंड एडमिनिस्ट्रेशन विभाग ने शहर के निवासी क्षेत्र में अवैध बिजली और पानी कनेक्शन की शिकायतों के बाद गुरुवार को छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई के दौरान लगभग 25 घरों से अनाधिकृत तार और पाइप काटे गए। कार्यवाही के समय बस्तीवासियों ने इसका विरोध किया और स्थानीय स्तर पर जमकर हंगामा हुआ। विरोध के दौरान बस्तीवासियों और होमगार्ड के जवानों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई, जिसमें एक होमगार्ड जवान घायल हो गया। घायल जवान का उपचार बोकारो के जिला अस्पताल में चल रहा है और प्राथमिक चिकित्सा के बाद उन्हें आवश्यक इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि अवैध कनेक्शन से न केवल बिजली और पानी की चोरी होती है, बल्कि इससे जालसाजी और सुरक्षा संबंधी गंभीर जोखिम भी पैदा होते हैं। टाउन एंड एडमिनिस्ट्रेशन ने कहा कि नियमों के पालन और सेवाओं की सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ऐसे कनेक्शनों को कटाना आवश्यक था।

### छापामारी अभियान में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**बोकारो :** जिले में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार देर रात को जिला महिला पॉलिटेक्निक, बालीडीह के समीप मुख्य पथ पर छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से बालू खनिज का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। संबंधित वाहन को विधिवत जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु बालीडीह थाना को सुपुर्द कर दिया गया। छापामारी अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू, खान निरीक्षक अजय कुमार महतो सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं खनिज परिवहन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### अवैध शराब को लेकर उत्पाद विभाग ने दर्ज किया आठ मामला



**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले में अवैध शराब के निर्माण के खिलाफ उत्पाद विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। जिले के अधीक्षक उत्पाद के निर्देश पर अवर निरीक्षक निर्भय सिन्हा के नेतृत्व में 21 और 22 मई को मंझारी और टोकलो थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल आठ अभियोग दर्ज किए गए। 21 मई को मंझारी थाना क्षेत्र के पूर्णिया गांव में संचालित अवैध चुलाई शराब की तीन भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। छापेमारी के दौरान 20 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। वहीं शराब निर्माण के लिए रखे गए करीब 800 किलोग्राम जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। तीनों भट्ठी संचालकों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं 22 मई को टोकलो थाना के साथ संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर महलीसाहि गांव में संचालित पांच अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के दौरान 40 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई और शराब निर्माण के लिए रखे गए करीब 1600 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया गया। पांचों भट्ठी संचालकों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। दोनों दिनों की कार्रवाई में कुल 60 लीटर अवैध चुलाई शराब और 2400 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया। उत्पाद विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रखने की बात कही है।

### चोरों ने एक ही रात में तीन घर और स्कूल में की चोरी



**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के जादूगोड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। भुरकाडीह गांव सहित आसपास के इलाकों में एक ही रात में तीन घरों और एक विद्यालय में चोरी की वारदात को अंजाम देकर अपराधियों ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। लगातार हुई इन घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत और नाराजगी का माहौल है। सबसे बड़ी चोरी की घटना भुरकाडीह गांव निवासी गायत्री भक्त के घर में हुई। बताया जाता है कि भीषण गर्मी के कारण परिवार के सभी सदस्य रात में घर की छत पर सो रहे थे। इसी दौरान चोर मुख्य दरवाजे का ताला लोहे के सबल से तोड़कर अंदर घुस गए। घर में प्रवेश करने के बाद अपराधियों ने दो अलमारियों को खंगाल डाला और करीब ढाई लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के गहनों के साथ साढ़े चार हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोग नीचे उतरे तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियां खुली मिलीं। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस और आसपास के लोगों को दी गई। चोरों ने उसी रात मोनिका रानी भक्त और किशोर कुमार गिरी के घरों को भी निशाना बनाया। दोनों घरों की कुंडी तोड़कर अपराधी अंदर घुसे और नगदी सहित कई कीमती सामान चोरी कर ले गए। दोनों परिवार अब तक चोरी हुए सामान का पूरा आकलन कर रहे हैं। लगातार तीन घरों में चोरी की घटनाओं से इलाके के लोगों में भय का माहौल बन गया है। घरों में चोरी करने के बाद अपराधियों ने आसनवनी उत्क्रमित उच्च विद्यालय में भी हाथ साफ कर दिया। चोरों ने विद्यालय के 07 कमरों का ताला तोड़ दिया और वहां रखी करीब 25 हजार रुपये की सामग्री चोरी कर ली। इसके अलावा कई महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज और फाइलें भी गायब बताई जा रही हैं। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद जादूगोड़ा थाना प्रभारी ईश्वर दयाल मुंडा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और चोरी में शामिल अपराधियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने दावा किया है कि जल्द ही चोरी की घटनाओं में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त डायरी

### बिहार में लगेगा 24 खेलों का महाकुंभ

**पटना (एजेंसी)** पटना में पहली बार होगा बिहार स्टेट गेम्स का आयोजन, 5500 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम बिहार में खेल प्रतिभाओं को बड़ा मंच देने की दिशा में ऐतिहासिक हल होने जा रही है. पहली बार राज्य स्तर पर बिहार स्टेट गेम्स का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर के करीब 5500 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. राजधानी पटना में आयोजित होने वाले इस खेल महाकुंभ में 24 खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी. राज्य के खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा मंच बिहार स्टेट गेम्स का आयोजन राष्ट्रीय खेलों की तर्ज पर किया जाएगा, ताकि राज्य के खिलाड़ियों को बेहतर प्रतिस्पर्धा और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके. इस आयोजन में बिहार के विभिन्न जिलों से चयनित खिलाड़ी भाग लेंगे. प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर भविष्य के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाओं की पहचान भी की जाएगी. इस खेल महाकुंभ में एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, तैराकी, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कुश्ती, बॉक्सिंग समेत कुल 24 खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी. खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न खेल परिसरों और स्टेडियमों को तैयार किया जा रहा है. खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की पहल राज्य सरकार और खेल विभाग का मानना है कि बिहार स्टेट गेम्स के आयोजन से राज्य में खेल संस्कृति को नई पहचान मिलेगी. इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को समान अवसर मिलेगा तथा युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ेगा. विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह के बड़े आयोजन से बिहार की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में मदद मिलेगी. खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह पटना में पहली बार आयोजित हो रहे बिहार स्टेट गेम्स को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है. आयोजन की तैयारियां तेजी से चल रही हैं तथा विभिन्न जिलों में चयन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है. खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं.

### बक्सर में पीपापुल से गंगा में युवती ने लगाई छलांग, SDRF ने शुरू किया रेस्क्यू अभियान

**पटना (एजेंसी)** भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत कारनामेपुर थाना क्षेत्र के लालुडेरा पंचायत स्थित कदम डेरा गांव निवासी 19 वर्षीय युवती राजमुंत्री कुमारी ने गंगा नदी में छलांग लगा दी. घटना के बाद से ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है (संतोष) भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत कारनामेपुर थाना क्षेत्र की लालुडेरा पंचायत स्थित कदम डेरा गांव निवासी 19 वषीर्या युवती राजमुंत्री कुमारी ने बिहार घाट स्थित पीपापुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी. घटना के बाद से ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी है. युवती के नदी कूदने के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. इसके बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने युवती की खोजबीन शुरू की, हालांकि, उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया. सूचना पर नैनीजोर थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार बैठा, ब्रह्मपुर सीओ खुशबू खातून भी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. अधिकारियों के अनुसार, एसडीआरएफ की टीम ने गंगा नदी में खोजबीन की, लेकिन नदी का बहाव तेज होने के कारण युवती का कोई पता नहीं चल पाया. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शुक्रवार को भी एसडीआरएफ की टीम युवती की तलाश कर रही है. युवती की शादी की तैयारी में जुटे थे परिजन पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, नदी में छलांग लगाने वाली युवती राजमुंत्री कुमारी, हृदयानंद यादव की पुत्री थी और वह ग्रेजुएशन (स्नातक) की छात्रा थी. परिजनों ने बताया कि युवती की शादी तय हो चुकी थी और दो-तीन महीनों के बाद उसके हाथ पीले होने वाले थे. घर में शादी की तैयारियां भी धीरे-धीरे शुरू हो रही थीं, लेकिन इस बीच अचानक घटी इस अप्रत्याशित घटना ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया है. माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. घरेलू विवाद में आत्महत्या की आशंका घरेलू विवाद के कारण आत्मघाती कदम उठाने की आशंका स्थानीय स्तर पर मिल रही है. जानकारी के अनुसार, घर में किसी बात को लेकर आपसी कलह एवं विवाद चल रहा था. बताया जा रहा है कि इसी विवाद और मानसिक तनाव के कारण वह आत्महत्या की नीयत से नैनीजोर के बिहार घाट पहुंची और गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे गंगा नदी में कूद गयी. हालांकि, अब तक युवती का शव बरामद नहीं किया गया है.

### नवादा में हाईवा और बोलेरो की सिधी टक्कर, दो गभीर रुप से घायल

**पटना (एजेंसी)** अकबरपुर थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव के समीप शुक्रवार की सुबह बोलेरो और हाईवा में जबरदस्त टक्कर हो गई. जिससे हाईवा पलट गई और बोलेरो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. बोलेरो में सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों घायलों को अकबरपुर अस्पताल भेजा गया . (अनिल कुमार) अकबरपुर थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव के समीप शुक्रवार की सुबह बोलेरो और हाईवा में जबरदस्त टक्कर हो गई. जिससे हाईवा पलट गई और बोलेरो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. पुलिस ने घटना पर क्या बताया? एस आई राजन कुमार ने बताया कि , बोलेरो जहानाबाद जिला के मखदुमपुर थाना के नारायण पुर गांव से मक्षवे गोविन्दपुर के रास्ते ककोलत जा रहा रहा था. हाईवा फतेहपुर मोड की तरफ से ओभरलोड बालु ले जा रहा था. तभी साईड लेने टक्कर हो गया. टक्कर इतना जबरदस्त था कि हाईवा इजन व डालाअलग होकर पलट गया वही बोलेरो की परखच्चे निकल गये. आपको बता दें कि अकबरपुर प्रखंड क्षेत्र मक्षवे गोविन्दपुर सडक,छह माईल बकसोती रोड बरेब गोविन्दपुर सडक मुख्य मार्ग पर आए दिन ऐसी सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है. घटना के बाद स्थानीय लोगों की मांग स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की मांग की है. सूचना मिलते ही अकबरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार हेतु सीएचसी भेजा. लेकिन धायलो के द्रारा गया जी इलाज कराने लेकर चला गया. पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है.

### बिहार में पंचायत चुनाव से पहले कुर्सी की जंग तेज, समर्थन जुटाने के लिए मैदान में उतरे उम्मीदवार

**पटना (एजेंसी)** चेनारी नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति के चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है. 29 मई को होने वाले चुनाव से पहले वार्ड पार्षदों के बीच समर्थन जुटाने और रणनीति बनाने का दौर लगातार जारी है. (संदेश जायसवाल) रोहतास में सशक्त स्थायी समिति का चुनाव 29 मई को प्रखंड कार्यालय सभागार में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराया जाएगा. चुनाव की तारीख नजदीक आते ही राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं. नगर क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है. नगर पंचायत कार्यालय से लेकर बाजार और चौक-चौराहों तक समिति गठन को लेकर लगातार चचाएं हो रही हैं. नगर विकास की सबसे अहम समिति सशक्त स्थायी समिति को नगर पंचायत की सबसे महत्वपूर्ण समिति माना जाता है. सड़क, नाला, सफाई, जलापूर्ति और विकास योजनाओं से जुड़े सभी प्रमुख निर्णय इसी समिति के माध्यम से लिए जाते हैं. इसी कारण समिति में स्थान पाने को लेकर पार्षदों के बीच अंदरखाने समर्थन जुटाने और समीकरण साधने की कवायद तेज हो गई है. टबाजी और रणनीति में जुटे पार्षद सूत्रों के अनुसार, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष समर्थक गुट अपने-अपने उम्मीदवारों को समिति में शामिल कराने के लिए लगातार संपर्क अभियान चला रहे हैं. कई पार्षद खुलकर कुछ नहीं बोल रहे हैं, लेकिन राजनीतिक समीकरण तेजी से बदलते दिखाई दे रहे हैं. मुख्य पार्षद उमा रंजन ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न कराई जाएगी. वहीं कुछ पार्षदों का कहना है कि समिति में ऐसे प्रतिनिधियों को शामिल किया जाना चाहिए जो नगर विकास और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दें. कड़ी सुरक्षा के बीच होगी मतदान प्रक्रिया

# सीएम आवास के बाहर लावारिस झोले में मिलीं शराब की बोतलें, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

**पटना में हाई-सिक्योरिटी जोन के पास शराब मिलने से मचा हड़कंप, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**



**पटना (एजेंसी)** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद राजधानी पटना के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले वीवीआईपी इलाके (मुख्यमंत्री आवास) के बाहर से शराब की बोतलें बरामद होने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सीएम आवास के समीप सड़क किनारे एक संदिग्ध झोले में शराब की बोतलें मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस महकमे में खलबली मच गई है। सुरक्षाकर्मियों को मिला संदिग्ध झोला मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री आवास के आसपास मुस्तैद सुरक्षाकर्मियों की नजर सड़क किनारे पड़े एक लावारिस और संदिग्ध झोले पर पड़ी। सुरक्षा के लिहाज से जब कर्मियों ने उसकी जांच की, तो झोले के अंदर से शराब की बोतलें बरामद हुईं। वीवीआईपी जोन में शराब की मौजूदगी का पता चलते ही मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तुरंत मोर्चा संभाला, पूरे इलाके को घेरे में लिया और वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सुरक्षा के कड़े दावों पर खड़े हुए बड़े सवाल मुख्यमंत्री आवास और उसके आस-पास का क्षेत्र राज्य का सबसे संवेदनशील और त्रिस्तरीय सुरक्षा वाला इलाका माना जाता है। यहाँ परिंदा भी पर नहीं मार सकता, ऐसे दावों के बीच सीएम आवास के ठीक बाहर शराब की बोतलें मिलना प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों की मुस्तैदी पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। ₹शराबबंदी वाले राज्य के सबसे सुरक्षित वीवीआईपी क्षेत्र से इस तरह शराब बरामद होना केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि सुरक्षा में एक बड़ी चूक की ओर इशारा करता है।₹ साजिश या तस्करी? जांच में जुटी पुलिस घटना की गंभीरता को देखते हुए पटना पुलिस और खुफिया एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है सीसीटीवी कैमरों की जांचः पुलिस मुख्यमंत्री आवास के आसपास और उस मार्ग पर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि झोला फेंकने वाले व्यक्ति की पहचान की जा सके। साजिश की आशंकाः इस बात की भी गहनता से जांच की जा रही है कि यह मामला महज किसी शराब तस्कर की लापरवाही का है या फिर किसी ने जानबूझकर माहौल बिगाड़ने या सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने के लिए वहां झोला रखा था। शराबबंदी कानून पर फिर गरमाई सूबे की सियासत इस घटना के बाद बिहार में शराबबंदी कानून की प्रभावशीलता को लेकर एक बार फिर राजनीतिक बहस छिड़ गई है। मुख्य विपक्षी दलों ने नीतीश सरकार को घेरते हुए कहा है कि जब सूबे के मुख्यमंत्री का आवास ही सुरक्षित नहीं है और वहां शराब पहुंच रही है, तो आम इलाकों में शराबबंदी के दावों की हकीकत क्या होगी, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी पटना सचिवालय और अन्य महत्वपूर्ण सरकारी परिसरों के आसपास से शराब की बोतलें मिलने के मामले सामने आ चुके हैं, जिससे प्रशासन को लगातार फजीहत का सामना करना पड़ा है। फिलहाल पुलिस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### बिहार को मिले 21 फूड इंस्पेक्टर, ट्रेनिंग पूरी, 27 मई से जिलों में तैनाती होगी

**पटना (एजेंसी)** बिहार में भीषण गर्मी की वजह से लोगों का हाल बेहाल है. इस बीच आज मौसम विभाग ने 14 जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है. साथ ही यह भी संभावना जताई गई है कि अगले तीन दिनों के दौरान कुछ इसी तरह की स्थिति बनी रहेगी. बिहार में गर्मी का प्रकोप अभी कुछ दिनों तक और जारी रह सकता है. इस बीच आज (शुक्रवार) मौसम विभाग ने बिहार के 14 जिलों में हीट वेव की चेतावनी जारी किया है. इसके साथ ही 4 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग ने जिन जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है, इनमें बक्सर, भोजपुर, पटना, बेगूसराय, अरवल, जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया और नवादा शामिल है. जबकि पश्चिम चंपारण, सुपौल, अररिया और किशनगंज में आंधी, हल्की बारिश के साथ ठनका गिरने की चेतावनी जारी की गई है. अगले दो से तीन दिनों तक के लिए पूवार्नुमान पटना और आस-पास के इलाकों में अभी गर्मी और सतायेगी. राज्य में दो से तीन दिनों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार जा सकता है. आर्द्रता भी बढ़ी रहेगी. इससे लोगों को तेज गर्मी के साथ उमस का भी सामना करना पड़ सकता है. मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि अभी उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार होते हुए बंगाल तक एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जिसके कारण उमस के साथ तेजी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है. गुरुवार को राज्य में तापमान सामान्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया. पटना की बात करें तो, यहां भी लोगों को काफी गर्मी का सामना करना पड़ा. शहर का अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. शुक्रवार को शहर का अधिकतम तापमान 39 से 40 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं. हीट वेव के बीच पटना में तैयारी भीषण गर्मी और लू को लेकर डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने बताया कि अस्पतालों में हीट वेव से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए 30 हीटवेव वार्ड बनाए गए हैं. अस्पतालों में टोटल 88 बेड रिजर्व रखे गए हैं. हर एक पीएचसी, सीएचसी और अनुमंडल अस्पताल में तीन-तीन बेड और जिला अस्पताल में चार बेड शामिल हैं. जबकि 17 नगर निकायों में 400 प्याऊ की व्यवस्था की गई है.

### बिहार के किसानों के लिए खुशखबरी, फोन पर बादल आने से पहले मिलेगी बारिश की सूचना

**पटना (एजेंसी)** बिहार के किसानों के लिए केंद्र सरकार की ओर से बेहद खास फैसला लिया गया है. अब आसमान में बादल आने से पहले ही फोन पर किसानों को बारिश की सूचना मिल जाएगी. केंद्र सरकार ने मोबाइल से मानसून की सूचना भेजने के लिए बिहार समेत 16 राज्यों को सेलेक्ट किया है. (पटना से मिथिलेश कुमार की रिपोर्ट) अब बादल आने से पहले ही किसानों के मोबाइल पर मानसून की दस्तक पहुंच जायेगी. खेती की तैयारी, बुआई का समय और बारिश की आहट की जानकारी किसानों को पहले से मिल सकेगी. केंद्र सरकार ने खरीफ मौसम 2026 के लिए बिहार समेत 16 राज्यों में मानसून आगमन पूवार्नुमान संदेश भेजने की योजना शुरू की है. केंद्र सरकार ने राज्यों में भेजा लेटर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने इस संबंध में राज्यों को लेटर भेजा है. भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के सहयोग से किसानों को मोबाइल मैसेज के जरिए बताया जाएगा कि मानसून कब पहुंचने वाला है और खेती की तैयारी कैसे करनी है. पिछले साल इस पहल का अच्छा असर देखने को मिला था. 13 राज्यों में 3.8 करोड़ को मिली थी सूचना साल 2025 में 13 राज्यों के करीब 3.8 करोड़ किसानों तक ऐसे मैसेज पहुंचाए गए थे. अब इसे और बड़ा रूप देते हुए 16 राज्यों में लागू किया जा रहा है. बिहार भी इसमें शामिल है. केंद्र सरकार का कहना है कि सही समय पर जानकारी मिलने से किसान समय से खेत तैयार कर सकेंगे, बीज और खाद की व्यवस्था कर सकेंगे और बुआई में देरी से होने वाले नुकसान से बच सकेंगे

# बिहार के हर जिले में बनेगी हाईटेक नर्सरी, अब तैयार होंगे ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी और विदेशी फूलों के पौधे



**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार अब सभी जिलों में हाईटेक सरकारी नर्सरियां विकसित करेगी. यहां किसानों को ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी और विदेशी फूलों समेत उन्नत किस्म के पौधे मिलेंगे, जिससे बागवानी और किसानों की आमदनी दोनों बढ़ेंगी. बिहार सरकार अब राज्य में सरकारी नर्सरियों को आधुनिक बनाने की तैयारी में जुट गई है. किसानों को बेहतर पौधे, नई तकनीक और रोजगार के अवसर देने के लिए सभी जिलों में ह्यप्रोजनीबाग नर्सरीह्व विकसित की जाएगी. सरकार का उद्देश्य किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाले, रोगमुक्त और प्रमाणित पौधे उपलब्ध कराना है, ताकि बागवानी को बढ़ावा मिले और किसानों की कमाई बढ़ सके. हर जिले में विकसित होगी प्रोजनीबाग नर्सरी उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग के निदेशक सह मिशन निदेशक अभिषेक कुमार ने सभी जिलों के डीएम और डीडीसी को पत्र भेजकर नर्सरी निर्माण के लिए कम से कम 10 एकड़ जमीन उपलब्ध कराने को कहा है. सरकार चाहती है कि इन नर्सरियों को आधुनिक ह्यसेंटर ऑफ एक्सीलेंसह्व के रूप में विकसित किया जाए. नर्सरी में मिलेगी आधुनिक तकनीक इन हाईटेक नर्सरियों में किसानों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी. इनमें शेड नेट, ड्रिप इरिगेशन, स्प्रिंकलर सिस्टम और उन्नत सिंचाई तकनीक जैसी व्यवस्थाएं शामिल रहेंगी. सरकार का मानना है कि इससे पौधों की गुणवत्ता बेहतर होगी और किसानों को आधुनिक खेती की जानकारी भी मिलेगी. किसानों को मिलेगा रोजगार और कमाई का मौका कृषि विभाग के अनुसार, अभी कई जिलों में अच्छी गुणवत्ता वाले पौधों की कमी है. ऐसे में नई नर्सरियों से स्थानीय स्तर पर ही बेहतर पौधे तैयार किए जाएंगे. इससे किसानों को कम कीमत पर अच्छी पौध सामग्री मिलेगी. साथ ही गांवों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे. जिला परिषद की जमीन को मिलेगी प्राथमिकता सरकार ने जमीन चयन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है. सबसे पहले जिला परिषद की जमीन को प्राथमिकता दी जाएगी. अगर वहां जमीन उपलब्ध नहीं हुई, तो दूसरे विकल्प तलाशे जाएंगे. विभाग ने सभी जिलों से जल्द रिपोर्ट भेजने को कहा है. ड्रैगन फ्रूट और विदेशी फूलों की भी होगी खेती इन नर्सरियों में सिर्फ आम और लीची जैसे पारंपरिक फल ही नहीं, बल्कि आधुनिक और महंगे पौधे भी तैयार किए जाएंगे. इनमें शामिल हैं ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, औषधीय पौधे और विदेशी फूलों की किस्में. किसानों को इनकी खेती का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा,

# शहाबुद्दीन के करीबी साबिर मियां पटना से गिरफ्तार, जमीन कब्जाने और रंगदारी से जुड़ा है मामला



**पटना (एजेंसी)** सीवान में जमीन कब्जाने और रंगदारी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पूर्व मुखिया साबिर मियां को पटना से गिरफ्तार कर लिया. इस केस में आरजेडी विधायक ओसामा शहाब का नाम भी सामने आया है. सीवान जिले में जमीन कब्जाने और रंगदारी मांगने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पूर्व मुखिया साबिर मियां को पटना से गिरफ्तार कर लिया है. इस कार्रवाई में बिहार एसटीएफ की टीम ने भी पुलिस का सहयोग किया. गिरफ्तारी के बाद पुलिस टीम साबिर मियां को सीवान लेकर पहुंची, जहां उससे पूछताछ की जा रही है. जमीन कब्जाने और रंगदारी मांगने का आरोप पुलिस के अनुसार, यह मामला डॉक्टर सुधा सिंह की जमीन पर जबरन कब्जा करने, मारपीट करने और सीसीटीवी कैमरा तोड़ने से जुड़ा है. डॉ. सुधा सिंह गोपालगंज जिले के माझागढ़ थाना क्षेत्र के कमनपुरा गांव की रहने वाली हैं और वर्तमान में गोरखपुर में रहती हैं. उन्होंने सीवान के महादेवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि कुछ लोगों ने जमीन पर कब्जा करने के लिए रंगदारी मांगी और विरोध करने पर दबाव बनाया. इस मामले की जांच के दौरान आरजेडी विधायक ओसामा शहाब का नाम भी सामने आया. पुलिस ने पूर्व मुखिया साबिर मियां को भी इस केस में नामजद किया था. अस्पताल से हुई गिरफ्तारीजानकारी के मुताबिक, साबिर मियां की भतीजी पटना के एक अस्पताल में भर्ती थी. वह उसे देखने के लिए अस्पताल गया हुआ था, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. शहाबुद्दीन का बेहद करीबी माना जाता है साबिर साबिर मियां को पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन का बेहद करीबी माना जाता है. इस मामले में विधायक ओसामा शहाब, साबिर मियां, फरहान समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. कुछ दिन पहले पुलिस पटना स्थित विधायक ओसामा शहाब के आवास पर भी गिरफ्तारी के लिए पहुंची थी, लेकिन उससे पहले उन्हें हाई कोर्ट से राहत मिल गई थी. इसके बाद पुलिस लगातार अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही थी. इसी क्रम में अब साबिर मियां की गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी सफलता मान रही है.

### बिहार को मिले 21 फूड इंस्पेक्टर, ट्रेनिंग पूरी, 27 मई से जिलों में तैनाती होगी



**पटना (एजेंसी)** फूड इंस्पेक्टर की 40 दिनों की ट्रेनिंग पूरी हो गई है.अब जल्द जिले में इनकी तैनाती होगी. अब बिहार में कुल 29 फूड इंस्पेटकर हो जाएंगे. मिलाटवटी खाद्य सामग्रियों पर लगाम लगेगी. मिलावटी खाद्य सामग्रियों पर लगाम लगाने के लिए बिहार में 21 फूड इंस्पेक्टरों की बहाली कर ली गई है. जिनकी ज्वाइनिंग इस माह के अंत तक कर दी जायेगी. शिलांग से 14 दिन की विशेष ट्रेनिंग के बाद सभी इंस्पेक्टरों की ट्रेनिंग शहर के शास्त्रीनगर स्थित डीएनएस रीजनल इंस्टीट्यूट में दी जा रही ट्रेनिंग भी पूरी कर ली गई है. ट्रेनिंग को लेकर अलग-अलग दिन विशेष सत्र का आयोजन किया गया. खाद्य सुरक्षा व संरक्षा को लेकर विभाग गंभीर यह ट्रेनिंग नोडल फूड सेफ्टी व एओएसडी सुरेंद्र राय, उपसचिव कृष्णा ओराव और पटना के खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कश्यप की देखरेख में पूरी की गई. वहीं फूड इंस्पेक्टर मुकेश कश्यप ने कहा कि खाद्य सुरक्षा व संरक्षा को लेकर विभाग गंभीर है. शिलांग में 14 दिन का विशेष ट्रेनिंग के बाद 26 दिन की ट्रेनिंग बिहार में दी गई जो सफलता पूर्वक पूरी हो गई. कुल 40 दिन की ट्रेनिंग के बाद संबंधित फूड इंस्पेक्टर को 27 मई से अलग-अलग जिलों में तैनात किया जायेगा. एफएसएसआइ से सर्टिफिकेट के बाद होगी जिलों में तैनाती खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कश्यप ने कहा कि वर्तमान में नौ खाद्य सुरक्षा अधिकारी हैं, ऐसे में 21 और नये मिलने के बाद कुल संख्या 29 हो जायेगी. इसके बाद खाद्य सुरक्षा में और मजबूती आयेगी. मुकेश ने बताया कि शिलांग में 14 दिन और पटना में 26 दिन कुल 40 दिन की ट्रेनिंग दी गई है. बीते 20 मई को आठ दिन के लिए फिल्ड में ड्यूटी लगायी गयी थी. मिल्क के आइटम व पैकेज आइटम की जांच कर बारिकियों को सीखें पटना के बड़े फैक्ट्री, मिल्क के आइटम व पैकेज आइटम की जांच कर उनकी बारिकियों को सीखें. ट्रेनिंग के बाद एफएसएसआइ से सर्टिफिकेट एक से दो दिन में मिल जाएगा, इसके बाद इनको खाद्य सुरक्षा व संरक्षा से संबंधित छापेमारी व जांच के लिए फिल्ड में उतार दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनर व पूर्व फूड कंट्रोलर जितेंद्र कुमार सिंह के द्वारा नये फूड इंस्पेक्टरों को फूड सेफ्टी कानून की ट्रेनिंग दी गई है.

# बिहटा में 15 बीघा में तैयार हो रहा पीके का आश्रम, अगले 5 साल यहीं से संगठन को करेंगे मजबूत



**पटना (एजेंसी)** चुनावी हार के बाद जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर एक बार फिर एक्शन मोड में आ गए हैं. उन्होंने बिहटा में अपना नया ठिकाना ढूंढ लिया है. यहां अमहरा स्थित आश्रम से प्रशांत किशोर अब संगठन को मजबूत करेंगे. यह आश्रम पार्टी से जुड़ी प्रमुख गतिविधियों का केंद्र होगा. : (बिहटा से मोनु कुमार मिश्रा की रिपोर्ट) जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने अब बिहटा को अपनी राजनीतिक गतिविधियों का नया केंद्र बना लिया है. पटना स्थित आवास छोड़ने के बाद उन्होंने बिहटा प्रखंड के अमहरा गांव स्थित बिहार नवनिर्माण आश्रम में रहना शुरू कर दिया है. पार्टी कार्यकताओं के अनुसार, अगले पांच सालों तक वह यहीं रहकर संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने की रणनीति पर काम करेंगे. जन सुराज के कार्यकताओं का कहना है कि विधानसभा चुनाव के बाद संगठन को नए स्वरूप में तैयार करने की कवायद शुरू हो गई है. इसी को लेकर प्रशांत किशोर ने आश्रम में रहकर सीधे कार्यकताओं और आम लोगों के बीच समय देने का निर्णय लिया है. अमहरा गांव में करीब 15 बीघा क्षेत्र में बिहार नवनिर्माण आश्रम तैयार किया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक, पहले यह परिसर एक बगीचे के रूप में था, जिसे अब आश्रम का स्वरूप दिया गया है. यहां 50 से अधिक टेंट लगाए जा रहे हैं. साथ ही कार्यकताओं के ठहरने, बैठक और जनसभा के लिए भी व्यवस्था की जा रही है. आने वाले दिनों में यहीं से जन सुराज की राजनीतिक गतिविधियां संचालित होंगी. पार्टी की गतिविधियों का केंद्र बनेगा आश्रम जन सुराज के एक कार्यकर्ता निर्मल मिश्रा ने बताया कि प्रशांत किशोर का उद्देश्य जमीन पर रहकर संगठन को मजबूत करना है. वह चाहते हैं कि कार्यकर्ता सीधे जनता के बीच जाकर काम करें. बिहटा का यह आश्रम अब पार्टी की गतिविधियों का मुख्य केंद्र बनेगा. उनके सहयोगियों ने बताया कि आश्रम का निर्माण कार्य अभी जारी है. निर्माण पूरा होने के बाद ही वह मीडिया से औपचारिक बातचीत करेंगे. दरभंगा में प्रशांत किशोर ने किया था ऐलान गुरुवार को दरभंगा में एक कार्यक्रम के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा था, बिहार में सामाजिक और राजनीतिक बदलाव की जरूरत है और इसके लिए लगातार संघर्ष किया जाएगा. उन्होंने ऐलान किया था कि अब वे अपना घर छोड़कर पटना के बिहटा स्थित जन सुराज नव निर्माण आश्रम में रहेंगे. उन्होंने कहा कि बिहार में वास्तविक बदलाव होने तक वे वहीं रहकर जन सुराज के सभी कार्यक्रमों का संचालन करेंगे.



# घोस्ट डायरेक्टिंग पर बोले आमिर खान

आमिर खान को बॉलीवुड का 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' कहा जाता है। फिल्मों में उनकी गहरी दिलचस्पी और हर छोटी-बड़ी चीज पर ध्यान देने की आदत की वजह से अक्सर ऐसी अफवाहें उड़ती रही हैं कि वह अपनी फिल्मों को पर्दे के पीछे से खुद डायरेक्ट करते हैं। लेकिन अब आमिर खान ने इन सभी खबरों पर खुलकर जवाब दिया है। हाल ही में स्क्रीन एकेडमी इवेंट के दौरान आमिर खान ने साफ कहा कि अपने 38 साल के करियर में उन्होंने सिर्फ एक ही फिल्म डायरेक्ट की है और वह 'तारे जमीन पर' है। बाकी फिल्मों को लेकर जो 'घोस्ट डायरेक्टिंग' की बातें होती हैं, वह पूरी तरह गलत हैं।

आमिर ने कहा, 'मीडिया ने हमेशा कहा कि मैं फिल्मों को पर्दे के पीछे से डायरेक्ट करता हूं। लेकिन ऐसा क्यों करूंगा मैं? अगर मैं इतना अच्छा काम कर रहा हूं तो किसी और का नाम क्यों दूंगा? क्या मुझे पागल कुत्ते ने काटा है?' उन्होंने आगे कहा कि उन्हें अपने करियर में कई शानदार डायरेक्टर्स के साथ काम करने का मौका मिला, जिनसे उन्होंने बहुत कुछ सीखा। आमिर का मानना है कि हर निर्देशक अपनी अलग सोच और स्टाइल लेकर आता है और यही वजह है कि उनकी फिल्में एक-दूसरे से बिल्कुल अलग दिखाई देती हैं। आमिर ने उदाहरण देते हुए कहा कि 'लगान', 'रंग दे बसंती', 'सरफरोश' और '3 इडियट्स' जैसी फिल्मों का अंदाज और कहानी अलग-अलग है, क्योंकि हर फिल्म के पीछे अलग निर्देशक की सोच थी। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्मों की सफलता सिर्फ एक इंसान की नहीं होती, बल्कि पूरी टीम की मेहनत का नतीजा होती है। आमिर ने बताया कि उन्होंने 'तलाश', 'रंग दे बसंती' या 'तारे जमीन पर' की कहानी नहीं लिखी थी। उन्हें बस ये कहानियां पसंद आईं और वह उनका हिस्सा बनना चाहते थे।

वर्कफ्रंट की बात करें तो आमिर खान आखिरी बार 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। आने वाले समय में वह राजकुमार हिरानी की '3 इडियट्स' के सीक्वल में दिखाई दे सकते हैं।



# इश्क दम और इडली रसम खाना, परिवार और भावनाओं की खूबसूरत कहानी




अभिनेत्री सुरभि चंदना अपनी नई वेब सीरीज 'इश्क दम और इडली रसम' को लेकर उत्साहित हैं। खास बात है कि इस सीरीज को उन्होंने को-प्रोड्यूस भी किया है। अभिनेत्री ने अपकमिंग वेब सीरीज को परिवार, प्यार, भावनाओं और सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने वाली एक दिलकश कहानी बताया है। बालाजी टेलीफिल्म्स निर्मित यह शो दर्शकों को एक पुराने साउथ इंडियन रेस्टोरेंट की भावुक कहानी के माध्यम से खाने की खुशबू, यादों और रिश्तों की गहराई दिखाएगा। शो की कहानी एक पुराने साउथ इंडियन रेस्टोरेंट के इर्द-गिर्द घूमती है, जो टिके रहने के लिए संघर्ष कर रहा है। इस सीरीज के केंद्र में मीरा नायर हैं, जिनका किरदार शाइनी दोशी ने निभाया है। मीरा एक भावुक शेफ है, जो मानती है कि खाना सिर्फ खाना नहीं, बल्कि सेवा, सुकून और जिम्मेदारी है। अपने दिवंगत पिता की विरासत को संभालते हुए वह रेस्टोरेंट को सिर्फ एक बिजनेस नहीं, बल्कि अपनी भावनाओं और मूल्यों का हिस्सा मानती है। कहानी आगे बढ़ती है और अभिषेक कुमार के निभाए किरदार अर्जुन ठाकुर की एंट्री होती है, जो एक शेफ और इन्वेस्टर हैं। जब वह मीरा के रेस्टोरेंट में आता है, तो मीरा की दुनिया हिल जाती है। अर्जुन रेस्टोरेंट को फिर से खड़ा करने का वादा करते हैं, लेकिन साथ ही मीरा की उन सारी चीजों को बदलने का खतरा भी पैदा करते हैं जो उनके दिल के सबसे करीब हैं।

सुरभि ने इसे अपने करियर का नया अध्याय बताया और कहा कि वह आगे बढ़ते रहना चाहती हैं। सुरभि चंदना ने शो के बारे में बात करते हुए बताया, ''इश्क दम और इडली रसम' बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ काम करना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। यह शो मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि इसमें दिल, अपनापन और सादगी भरपूर है। शुरुआत से ही मुझे इस प्रोजेक्ट से गहरा जुड़ाव महसूस हुआ। कैमरे के पीछे क्रिएटिव जर्नी का हिस्सा बनना और कहानी से भावनात्मक रूप से जुड़ना मेरे लिए बेहद खूबसूरत अनुभव रहा है। यह शो प्यार, परिवार, भावनाओं और संस्कृति का ताजगी भरे अंदाज में जश्न मनाता है।' वहीं, अभिषेक कुमार ने अपने किरदार अर्जुन ठाकुर के बारे में बात करते हुए कहा, 'यह कोई आम लव स्टोरी या टिपिकल शेफ ड्रामा नहीं है। यहां खाना लोगों की भावनाओं, नियंत्रण और अतीत को समझने का जरिया है। अर्जुन उन सबसे मुश्किल किरदारों में से एक है जिन्हें मैंने निभाया है। यह किरदार गंभीर, नियंत्रित और भावनाओं को छुपाने वाला है। इस शो के जरिए मुझे एक अभिनेता के रूप में आगे बढ़ने का मौका मिला है।' शो में शाइनी दोशी, अभिषेक कुमार के अलावा नेहा लक्ष्मी अय्यर, अमन सिंह, प्रेरणा सहगल, विजया लक्ष्मी गुरव और करण खन्ना भी अहम भूमिकाओं में हैं।



# एक एक्टर के तौर पर आप फिल्म को सिर्फ अपनी नहीं मान सकते, यह पूरी टीम की होती है




**'टॉक्सिक' पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी, फिर इसे जून के लिए शिफ्ट किया गया था। लेकिन अब इसकी कोई फाइनल रिलीज डेट अभी तक घोषित नहीं की गई है। इसपर अब तारा सुतारिया ने भी अपने विचार रखे हैं।**

यश स्टारर इस पैन-इंडिया फिल्म को लेकर बताया गया था कि मिडल ईस्ट में चल रहे हालात की वजह से रिलीज प्लान में बदलाव करना पड़ा। बाद में यह भी साफ किया गया कि फिल्म पूरी तरह बनकर तैयार है, लेकिन टीम अभी इसकी ग्लोबल रिलीज और बड़े डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर्स को फाइनल करने में लगी हुई है, ताकि फिल्म को दुनिया भर में सही तरीके से रिलीज किया जा सके। इसी बीच फिल्म की एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने बातचीत में इस देरी पर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि वह इस पूरी स्थिति को बहुत समझदारी से देखती हैं। तारा ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं बहुत पेशेंस रखती हूं। मैं ये नहीं सोचती कि अगर फिल्म तुरंत रिलीज नहीं हुई तो क्या होगा। एक एक्टर के तौर पर आप फिल्म को सिर्फ अपनी नहीं मान सकते, यह पूरी टीम की होती है।' उन्होंने आगे कहा कि कई बार बड़े फैसलों के पीछे सही वजहें होती हैं, जिन्हें प्रोड्यूसर्स और डायरेक्टर्स बेहतर समझते हैं। तारा ने यह भी कहा कि वह दर्शकों की एक्साइटमेंट को समझती हैं और खुद भी फिल्म का इंतजार कर रही हैं, लेकिन उनका मानना है कि यह इंतजार फिल्म के लिए फायदेमंद साबित होगा और इसे ग्लोबली बेहतर रिस्पॉन्स मिलेगा।

अब यश के फैंस बेसब्री से फिल्म की नई रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में कियारा और यश के अलावा नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत जैसे कलाकार हैं। इसमें यश डबल रोल में होंगे।

# असली फेमिनिज्म वही, जहां पुरुष अपनी महिला को पहचान बनाने का पूरा मौका दे



**टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री रुबिना दिलैक ने हाल ही में नारीवाद और रिश्तों में पुरुष व महिला ऊर्जा के संतुलन पर अपनी राय रखी। उनका कहना है कि असली नारीवाद (फेमिनिज्म) तभी संभव है, जब एक पुरुष अपनी साथी को अपनी पहचान बनाने और आगे बढ़ने का पूरा मौका दे।**

खास बातचीत में रुबिना ने कहा, 'जब तक कोई पुरुष अपनी महिला की पहचान को खिलने का मौका नहीं देता, तब तक हम फेमिनिज्म के बारे में चाहे कितनी भी जोर से क्यों न बात कर लें, यह मुमकिन नहीं है।' उन्होंने इसे आध्यात्मिक नजरिए से भी समझाया। रुबिना ने कहा कि जैसे शक्ति और शिव की ऊर्जा मिलकर संतुलन बनाती है, वैसे ही रिश्तों में भी पुरुष और महिला दोनों की भूमिकाएं बराबर अहम होती हैं। जब शक्ति को अपनी ताकत दिखानी होती है, तब वह सामने आती है और जब शिव को अपनी पुरुष ऊर्जा दिखानी होती है, तब वह नजर आती है। यही दोनों शक्तियों का खूबसूरत संतुलन है।

रुबिना ने आगे बताया कि रिश्तों में समय के साथ कई बदलाव आते हैं। कभी एक साथी अपने सपनों को पूरा करने में लगा होता है, तो दूसरा उसका साथ देता है। उन्होंने अपने पति अभिनव शुक्ला का उदाहरण देते हुए कहा कि जिंदगी में कुछ समय ऐसा होगा जब अभिनव अपने काम और सपनों पर ध्यान देंगे और वह उनका साथ देंगी। वहीं कुछ समय ऐसा भी आएगा जब वह अपने सपनों को पूरा करेंगी और अभिनव उनका साथ करेंगे। उन्होंने कहा, 'जब आप इस बात को समझते हैं, तो इससे परिवार के लिए एक मजबूत वैल्यू सिस्टम बनता है।' रुबिना जल्द ही टीवी के चर्चित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के 15वें सीजन में नजर आने वाली हैं। शो की शूटिंग के लिए वह जल्द ही दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन रवाना होंगी। रुबिना ने यह भी बताया कि अपनी जुड़वां बेटियों से 40 दिनों तक दूर रहना उनके लिए एक मां के तौर पर काफी मुश्किल होने वाला है। उन्होंने कहा कि बच्चों से दूर रहकर उनके गले लगने और प्यार को मिस करना आसान नहीं होगा।



# मैं नेपो किड नहीं हूं

कभी बॉलिवुड सिलेब्स के साथ फोटो खिंचवाकर चर्चा में आए ओरहान अवात्रामणि उर्फ ओरी आज खुद एक सोशल मीडिया स्टार बन चुके हैं। वहीं, अब जल्द ही वह टीवी के मशहूर रिएलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के 15वें सीजन में खतरों से खेलते हुए भी दिखेंगे। ऐसे में, जब हमने ओरी से इस शो में भागीदारी की वजह जाननी चाही तो उनका जवाब चौंकाने वाला था। ओरी का कहना है कि बहुत समय से उन्हें खुशी, दुख, दर्द, भय कोई भी इमोशन महसूस नहीं होता, इसलिए उन्होंने इस शो को हां कहा ताकि वे शो के चुनौतीपूर्ण टास्क के दौरान वापस जिंदा महसूस कर सकें।

## काफी समय से बहुत डिप्रेशन में हूं

बकौल ओरी, 'मैं जिस तरह की जिंदगी जीता हूं, उसमें मैं हर तरह से अहसास के प्रति डीसेंसिटाइज यानी संवेदनहीन हो चुका हूं। मैं चाहे नई गाड़ी ले लूं, बैग ले लूं, हॉलिडे पर चला जाऊं, मुझे कोई भी चीज एक्साइट नहीं करती। मैंने खतरों के खिलाड़ी 15 के लिए इसलिए हां कहा, क्योंकि मैं जिंदगी को महसूस करना चाहता हूं। मैं फिर जिंदा महसूस करना चाहता हूं। मैं काफी समय से बहुत ही डिप्रेस्ड (अवसादग्रस्त) रहा हूं। मुझे बहुत अजीब लगता है, जब मैं बाहर जाता हूं और मेरे इतने सारे फैंस मुझे सिर्फ देखकर इतने उत्साहित होते हैं। मतलब मेरे जैसे खुद अवसाद में जी रहे इंसान के लिए यह विडंबना ही है। लेकिन सोशल मीडिया पर तो ओरी बहुत खुशमिजाज लगते हैं? इस पर वह कहते हैं, 'आपको दुनिया के सामने अपना बेस्ड साइड ही दिखाना पड़ता है। आप वहां ऐसी पिक्चर्स नहीं पोस्ट कर सकते जिसमें खुश न हों पर मैंने बहुत समय से कुछ महसूस नहीं किया है।'

## खुशी, दुख, उत्साह कुछ महसूस नहीं होता

क्या ओरी को जिंदगी में किसी चीज से डर लगता है? यह पूछने पर वह कहते हैं, 'नहीं, वही तो मैं कह रहा हूं कि मुझे याद नहीं आता कि आखिरी बार कब मैंने कोई भी फीलिंग महसूस किया था। खुशी, गुस्सा, दुख, उत्साह, कोई भी अहसास। कई बार मुझे खुद को याद दिलाना पड़ता है कि मुझे कुछ महसूस करना है। इसके लिए मुझे खुद पर बहुत जोर डालना पड़ता है।

## सांस भी लेता हूं तो लोग जज करते हैं

ओरी को सोशल मीडिया पर पॉपुलैरिटी और ट्रोलिंग दोनों भरपूर मिली है। उन्हें काफी जज भी किया जाता है। वह कहते हैं, 'मुझे दोनों ही चीजों से फर्क नहीं पड़ता। मैं कोई नेपो किड नहीं हूं। मैं फेमस पैदा नहीं हुआ हूं। मैंने अपनी प्रसिद्धि कमाई है तो अगर मैं पहले इसके बिना रहा हूं तो बाद में भी रह सकता हूं। रही बात जजमेंट की तो लोगों ने मुझे हर वक्त जज किया है, इसलिए मैं उसके प्रति भी पूरी तरह डीसेंसिटाइज हो चुका हूं। मुझे फर्क ही नहीं पड़ता क्योंकि मैं कुछ भी करूं लोग मुझे जज ही करते हैं। मैं घर से बाहर निकलता हूं और जज होता हूं।

## मेरा सारा के साथ कोई विवाद नहीं है

पिछले दिनों ओरी का उनकी खास दोस्त सारा अली खान के साथ विवाद भी सुर्खियों में रहा। इस बारे में ओरी बताते हैं, 'मेरा सारा के साथ कोई विवाद नहीं है। मेरा विवाद उसकी मां अमृता सिंह के साथ है, मगर मैं सारा के साथ दोस्त होने का दिखावा नहीं कर सकता, जबकि उसकी मां ने मेरे साथ इतना गलत किया। मैंने यही कहा है कि जो अमृता ने मेरे साथ किया, वो ठीक नहीं था और जब तक वो माफी नहीं मांगती, मैं सारा अली खान के साथ दोस्ती का दिखावा नहीं कर सकता। वरना सारा के साथ मेरी कोई बैर नहीं थी। उन्होंने अभी तक कोई माफी नहीं मांगी है। मैं अब भी इंतजार कर रहा हूं।'



# धीमी ओवर गति पर ऋतुराज गायकवाड़ पर 24 लाख रुपये का जुर्माना, सीएसके के अन्य खिलाड़ियों पर भी कार्रवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स पर आईपीएल 2026 के 66वें मुकाबले में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण कार्रवाई की गई है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत ऋतुराज गायकवाड़ पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स का दूसरा स्लो ओवर रेट अपराध था। इससे पहले टीम पर मैच नंबर 18 में भी इसी कारण कार्रवाई हुई थी। नियमों के अनुसार दूसरी बार दोषी पाए जाने पर कप्तान पर बड़ा जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा प्लेइंग इलेवन के बाकी खिलाड़ियों और इम्पैक्ट प्लेयर पर भी जुमार्ना लगाया गया है। सभी खिलाड़ियों को उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत या 6 लाख रुपये – जो भी कम हो – बतौर जुमार्ना देना होगा। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को 89 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 229 रन बनाए। टीम के लिए साई सुदर्शन ने 53 गेंदों में 84 रन और कप्तान शुभमन गिल ने 37 गेंदों में 64 रन की शानदार पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 125 रन जोड़े। अंत में जोस बटलर ने 27 गेंदों में नाबाद 57 रन बनाकर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। 230 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरूआत बेहद खराब रही। संजू सैमसन खाता खोले बिना आउट हो गए, जबकि ऋतुराज गायकवाड़ सिर्फ 16 रन बना सके। शिवम दुबे ने 17 गेंदों में 47 रन की तेज पारी खेलकर उम्मीद जगाई, लेकिन उनके आउट होते ही पूरी टीम 13.4 ओवर में 140 रन पर सिमट गई। गुजरात की ओर से मोहम्मद सिराज और कगिसो रबाडा ने तीन-तीन विकेट लेकर चेन्नई के शीर्ष क्रम को तहस-नहस कर दिया। वहीं राशिद खान ने भी 3 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



# हॉकी इंडिया ने अंडर-18 महिला एशिया कप 2026 के लिए भारतीय टीम घोषित की, स्वीटी कुजूर को कप्तानी

एजेंसी

**भोपाल :** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को जापान में आयोजित होने वाले महिला अंडर-18 एशिया कप काकामिगाहारा 2026 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 29 मई से 6 जून 2026 तक खेला जाएगा। कोच रानी के मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने भोपाल में एक महीने तक राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में तैयारी की। इस दौरान खिलाड़ियों की फिटनेस, टीम संयोजन और रणनीतिक खेल पर विशेष ध्यान दिया गया। टीम की कप्तानी स्वीटी कुजूर करेंगी। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट की तैयारियों के तहत भोपाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की सीरीज भी खेली, जिसमें अंतिम मुकाबले में जीत हासिल कर टीम ने आत्मविश्वास बढ़ाया। भारत को पूल-ए में दक्षिण कोरिया, मलेशिया और सिंगापुर के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 30 मई को मलेशिया के खिलाफ करेगी। इसके बाद 31 मई को दक्षिण कोरिया और 2 जून को सिंगापुर से मुकाबला होगा। दोनों पूलों की शीर्ष दो टीमें 5 जून को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जबकि फाइनल 6 जून को खेला जाएगा। टीम की घोषणा के बाद कोच रानी ने कहा, यह टूर्नामेंट युवा खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव हासिल करने और दबाव वाले मुकाबलों को समझने का शानदार अवसर है। पिछले कुछ हफ्तों में हमने फिटनेस, रणनीति और टीम समन्वय पर काफी मेहनत की है। टीम देश का प्रतिनिधित्व करने को लेकर उत्साहित है और हमारा लक्ष्य निडर हॉकी खेलते हुए खिताब के लिए मजबूत चुनौती पेश करना होगा।



**भारतीय महिला अंडर-18 टीम**

**गोलकीपर :** महक परिहार, खिली कुमारी
**डिफेंडर :** सुगन सांगा, नीलम टोपनो, रुबीना बक्सला, किरण एक्का, सुलोचनी
**मिडफील्डर :** श्रुति कुमारी, दीया, स्नेहा दावड़े, रश्मीन कौर, नाम्मी गीताश्री, पुष्पा मांझी
**फॉरवर्ड :** नौशीन नाज, स्वीटी कुजूर (कप्तान), प्रियंका मिंज, संदीपा कुमारी, नैन्सी सरोहा।

भारत के मुकाबलों का कार्यक्रम (भारतीय समयानुसार)30 मई 2026: भारत बनाम मलेशिया सुबह 5:30 बजे। 31 मई 2026: भारत बनाम दक्षिण कोरिया सुबह 5:30 बजे। 2 जून 2026: भारत बनाम सिंगापुर सुबह 9:30 बजे।
**पूल की स्थिति** पूल-ए: भारत, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, सिंगापुर।
**पूल-बी:** चीन, जापान, चीनी ताइपे, बांग्लादेश।

# फीफा विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित, हैरी केन संभालेंगे कप्तानी

एजेंसी

**लंदन :** इंग्लैंड राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के मैनेजर थॉमस टुचेल ने शुक्रवार को फीफा विश्व कप 2026 के लिए अंतिम टीम की घोषणा कर दी है। इस बार टीम की कप्तानी स्टार स्ट्राइकर हैरी केन करेंगे। टीम चयन में कुछ बड़े नामों की गैरमौजूदगी ने सबका ध्यान खींचा। युवा स्टार कोल पामर और अनुभवी डिफेंडर हैरी मैग्वायर को टीम में जगह नहीं मिली है। फीफा विश्व कप 2026 का आयोजन अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में 11 जून से 19 जुलाई तक होगा। इंग्लैंड को ग्रुप-एल में क्रोएशिया, घाना और पनामा के साथ रखा गया है। टीम अपने अभियान की शुरूआत 17 जून को क्रोएशिया के खिलाफ करेगी।



**इंग्लैंड की विश्व कप 2026 टीम**

**गोलकीपर :** जॉर्डन पिकफोर्ड, डीन हेंडरसन, जेम्स ट्रैफर्ड
**डिफेंडर :** जेड स्पेंस, मार्क गुएही, एजरी कॉन्सा, रीस जेम्स, निको ओह्राइली, टिनो लिवरामेंटो, जारेल क्वांसा, जॉन स्टोन्स, डैन बर्न
**मिडफील्डर :** एबेरेची एजे, डेक्लन राइस, इलियट एंडरसन, जूड बेलिंघम, मॉर्गन रोजर्स, कोबी मैनू, जॉर्डन हेंडरसन
**फॉरवर्ड :** हैरी केन (कप्तान), बुकेयो साका, नोनी मडुएके, एंथनी गॉर्डन, ओली वॉटकिंस, इवान टोनी, मार्कस रैशफोर्ड।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल से अल-नस्र बना सऊदी प्रो लीग चैंपियन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अल-नस्र ने गुरुवार को दमदार प्रदर्शन करते हुए दमाक को 4-1 से हराकर सऊदी प्रो लीग 2025-26 का खिताब अपने नाम कर लिया। राजधानी रियाद के अल-अव्वल पार्क में खेले गए मुकाबले में स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दो गोल दागकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। यह अल-नस्र का 2018-19 सीजन के बाद पहला लीग खिताब है। साथ ही रोनाल्डो ने भी सऊदी क्लब के साथ अपना पहला बड़ा खिताब जीत लिया। मैच के 33वें मिनट में सादियो माने ने जोआओ फेलिक्स के कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर अल-नस्र को 1-0 की बढ़त दिलाई। पहले हाफ में फेलिक्स और माने लगातार दमाक की रक्षा पंक्ति पर दबाव बनाते रहे। दूसरे हाफ में दमाक ने वापसी की कोशिश की और 58वें मिनट में मोरले सिल्ला ने पेनाल्टी पर गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। हालांकि अल-नस्र ने तुरंत जवाब दिया। किंग्सले कोमान ने शानदार मूव बनाते हुए टीम को फिर बढ़त दिलाई। इसके बाद रोनाल्डो ने मैच पूरी तरह अपने नाम कर लिया। रोनाल्डो का पहला गोल फ्री-किक पर आया, जहां उन्होंने बेहद कठिन कोण से गेंद को सीधे जाल में पहुंचा दिया। इसके बाद 81वें मिनट में कोमान के शानदार पास पर रोनाल्डो ने दूसरा गोल दागकर जीत और खिताब दोनों पक्के कर दिए। 41 वर्षीय रोनाल्डो पूरे मैच में शानदार लय में दिखे और दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अल-नस्र ने मुकाबले में 62 प्रतिशत से ज्यादा बॉल पजेशन अपने नाम रखा। टीम ने कुल 13 शॉट लगाए, जिनमें आठ निशाने पर रहे। दूसरी ओर दमाक सिर्फ तीन प्रयास ही कर सका। इस हार के साथ दमाक का रेलीगेशन भी तय हो गया, जबकि अल-नस्र के लिए यह जीत लंबे इंतजार के बाद बड़ी राहत लेकर आई।



# क्वार्टरफाइनल में हार के साथ अश्मिता चालिहा का मलेशिया मास्टर्स में शानदार सफर समाप्त

एजेंसी

**कुआलालंपुर :** भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा का मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट में शानदार सफर क्वार्टरफाइनल में हार के साथ समाप्त हो गया। महिला एकल के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में शुक्रवार को अश्मिता को डेनमार्क की विश्व नंबर-23 और आठवीं वरीयता प्राप्त लाइन होजमार्क क्जेर्सफेल्ट के खिलाफ कड़े संघर्ष के बाद 23-21, 18-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला कुआलालंपुर के एक्सियाटा एरीना में एक घंटे से अधिक समय तक चला। करीब आठ महीने बाद चोट से वापसी कर रहीं अश्मिता ने मुकाबले की शानदार शुरूआत की। दाएं घुटने की गंभीर चोट और सर्जरी के बाद यह उनका बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। पहले गेम में भारतीय खिलाड़ी ने ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली थी। हालांकि, डेनमार्क की खिलाड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 13-12 कर दिया और बाद में 19-18 की बढ़त भी हासिल की, लेकिन अश्मिता ने दबाव में शानदार खेल दिखाते हुए पहला गेम 23-21 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी अश्मिता ने 10-5 की बढ़त बनाई, लेकिन लाइन ने वापसी करते हुए 13-13 से बराबरी कर ली। इसके बाद डेनिश खिलाड़ी ने लगातार अंक जुटाकर गेम 21-18 से जीत लिया और मुकाबला निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। तीसरे और अंतिम गेम में लाइन होजमार्क क्जेर्सफेल्ट पूरी तरह हावी रहीं। उन्होंने शुरूआत में ही 8-4 की बढ़त बना ली और फिर अश्मिता को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। डेनमार्क की खिलाड़ी ने 21-11 से गेम जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली।



# सुदर्शन और गिल के बीच ऑरेंज कैप की जंग तेज पर्पल कैप में भुवनेश्वर-रबाडा संयुक्त रूप से शीर्ष पर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गुजरात टाइटंस ने अहमदाबाद में चेन्नई सुपर किंग्स को 89 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस और रोमांचक हो गई है। बल्लेबाजी में गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन और शुभमन गिल शीर्ष पर छाए हुए हैं, जबकि गेंदबाजी में कगिसो रबाडा ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार की बराबरी कर ली है। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने चेन्नई के खिलाफ 37 गेंदों पर 64 रन की पारी खेलकर पहले ऑरेंज कैप अपने नाम की। मुकाबले से पहले उनके 552 रन थे, जबकि उनके ओपनिंग पार्टनर साई सुदर्शन 554 रन के साथ उनसे आगे थे। हालांकि, साई सुदर्शन ने 53 गेंदों पर 84 रन की शानदार पारी खेलते हुए फिर से ऑरेंज कैप हासिल कर ली। अब उनके नाम 638 रन हो गए हैं, जबकि शुभमन गिल 616 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी हैं, जिन्होंने 579 रन बनाए हैं। इसके बाद लखनऊ सुपर जायंट्स के मिचेल मार्श 563 रन और सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन 555 रन के साथ शीर्ष पांच में शामिल हैं। विराट कोहली भी इस रेस में बने हुए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज 542 रन के साथ छठे स्थान पर हैं। गेंदबाजी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार लंबे समय से पर्पल कैप की रेस में आगे चल रहे थे, लेकिन गुजरात टाइटंस के कगिसो रबाडा ने चेन्नई के खिलाफ 3 विकेट लेकर उनकी बराबरी कर ली। अब दोनों गेंदबाजों के नाम 24-24 विकेट हैं। हालांकि, बेहतर इकॉनमी रेट (7.70) होने के कारण पर्पल कैप अभी भी भुवनेश्वर कुमार के पास है, जबकि रबाडा की इकॉनमी 9.18 है। चेन्नई के खिलाफ मोहम्मद सिराज ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके। इसके साथ ही उनके इस सीजन में 17 विकेट हो गए हैं और वह सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज ने साई सुदर्शन का विकेट लेकर सीजन में अपने विकेटों की संख्या 21 तक पहुंचाई और वह तीसरे स्थान पर आ गए हैं। वहीं गुजरात टाइटंस के राशिद खान ने भी 3 विकेट लेकर कुल 19 विकेट पूरे कर लिए और चौथे स्थान पर पहुंच गए।



## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग के ट्रायल 24 मई से होंगे, देशभर के खिलाड़ियों में उत्साह

**नई दिल्ली :** भारत की पहली महिला नेतृत्व वाली पेशेवर वॉलीबॉल लीग दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) ने अपने पहले सीजन के लिए शुक्रवार को खिलाड़ी चयन ट्रायल की घोषणा कर दी है। पहले चरण के ट्रायल 24 मई को सुबह 8 बजे से लक्ष्मी पब्लिक स्कूल, कड़कड़डूमा में होंगे। लीग प्रबंधन के अनुसार देशभर के खिलाड़ियों को अवसर देने और प्रतिभाओं की बेहतर पहचान के लिए ट्रायल कई चरणों में आयोजित किए जाएंगे। सभी चरणों के ट्रायल पूरे होने के बाद चयनित खिलाड़ियों को आधिकारिक ऑक्शन पूल में शामिल किया जाएगा, जहां डीपीवीएल की छह फ्रेंचाइजी टीमें अपने-अपने स्क्वॉड के लिए खिलाड़ियों का चयन करेंगी। डीपीवीएल की संस्थापक नीति रावत ने कहा कि ट्रायल को लेकर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रायल चरणबद्ध तरीके से आयोजित किए जा रहे हैं और पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान हमें बेहद शानदार प्रतिक्रिया मिली है। हमें खुशी है कि देश के 20 से अधिक राज्यों से खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। यह दिखाता है कि डीपीवीएल भारतीय वॉलीबॉल में तेजी से अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने आगे कहा, लीग की औपचारिक शुरूआत के कुछ ही महीनों में डीपीवीएल को आकार लेते देखना प्रेरणादायक है। फेज-1 ट्रायल बेहद रोमांचक होने वाले हैं और हमें उम्मीद है कि यहां से नई प्रतिभाएं सामने आएंगी, जो भविष्य में वॉलीबॉल में बड़ा नाम बन सकती हैं। इन ट्रायल्स का उद्देश्य प्रतिभाशाली वॉलीबॉल खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें पेशेवर मंच उपलब्ध कराना है। इस साल की शुरूआत में लॉन्च हुई डीपीवीएल को दिल्ली वॉलीबॉल एसोसिएशन और दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन का समर्थन प्राप्त है। लीग का लक्ष्य भारत में वॉलीबॉल के लिए एक मजबूत और टिकाऊ संरचना तैयार करना है, जिसमें खिलाड़ियों के विकास, प्रतिस्पर्धी माहौल और बेहतर मीडिया कवरेज पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग के पहले संस्करण में छह फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी। लीग का उद्घाटन सत्र इसी वर्ष आयोजित किया जाएगा। आयोजकों का मानना है कि यह लीग भारतीय वॉलीबॉल को नई पहचान देने में अहम भूमिका निभाएगी।

### आईपीएल 2026 : सीएसके कप्तान ने युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर जताया गर्व

**अहमदाबाद :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का अभियान गुजरात टाइटंस के खिलाफ 89 रन की हार के साथ समाप्त हो गया। हालांकि टीम प्लेऑफ में जगह बनाने से चूक गई, लेकिन कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पूरे सीजन में टीम के संघर्ष और युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व जताया। सीएसके ने सीजन की शुरूआत लगातार तीन हार के साथ की थी, लेकिन बाद में टीम ने शानदार वापसी करते हुए प्लेऑफ की उम्मीदों को आखिरी लीग मैच तक जिंदा रखा। टीम ने 14 मुकाबलों में 6 जीत और 8 हार के साथ अपना अभियान समाप्त किया। मैच के बाद गायकवाड़ ने कहा, सीजन की शुरूआत हमारे लिए काफी मुश्किल रही, खासकर लगातार तीन हार के बाद। लेकिन उसके बाद जब हमें सही संयोजन मिला तो टीम ने अच्छा क्रिकेट खेलना शुरू किया। दुर्भाग्य से फिर चोटों ने हमें परेशान किया। जेमी ओवरटन और रामकृष्ण घोष जैसे ऑलराउंडरों की कमी से टीम संतुलन बिगड़ गया। आखिरी तीन मैचों में हमें कभी बल्लेबाज कम तो कभी गेंदबाज कम के साथ उतरना पड़ा। उन्होंने कहा कि टीम इस समय बदलाव के दौर से गुजर रही है और युवा खिलाड़ियों को अनुभव देने का काम इस सीजन में सफलतापूर्वक हुआ। बहुत लोग इस बात को नहीं मानते कि हम एक युवा टीम हैं और ट्रांजिशन फेज में हैं। हमारे 8 से 10 खिलाड़ी ऐसे थे जिन्होंने 20 से भी कम आईपीएल मैच खेले थे। ऐसे में छह जीत हासिल करना और कुछ शानदार मुकाबले जीतना गर्व की बात है। गायकवाड़ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दो मुकाबलों को टर्निंग पॉइंट बताया। हैदराबाद में हम 10 ओवर में 84 रन नहीं बना सके, जबकि हमारे पास सात विकेट बाकी थे। चेन्नई में भी हम उन्हें 180 रन तक रोक सकते थे। कुछ मुकाबलों में हम जीत के बेहद करीब पहुंचे लेकिन सफल नहीं हो पाए। सीएसके कप्तान ने युवा खिलाड़ियों की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस सीजन में कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल और डेवाल्ड ब्रेविस जैसे खिलाड़ियों ने खुद को साबित किया। कार्तिक ने काफी प्रभावित किया। उनमें आगे बढ़ने की बड़ी क्षमता है। उर्विल ने पहली बार पूरा सीजन खेला और ऐसे में दबाव होना स्वाभाविक है। लेकिन यह अनुभव भविष्य में उनके बहुत काम आएगा। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य को लेकर पूछे गए सवाल पर गायकवाड़ ने कहा, अगले साल ही पता चलेगा। आप और मैं दोनों को अगले सीजन में ही जानकारी मिलेगी। इस सीजन में उनकी कमी जरूर महसूस हुई। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो सिर्फ क्रीज पर रहकर ही विपक्षी टीम पर दबाव बना सकते हैं और मैच का रुख बदल सकते हैं। सीएसके के लिए यह सीजन उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि युवा खिलाड़ियों का यह अनुभव भविष्य में फ्रेंचाइजी को मजबूत बनाएगा।

### फीफा विश्व कप 2026 के लिए नॉर्वे की टीम घोषित एर्लिंग हालांड और मार्टिन ओडेगार्ड शामिल

**नई दिल्ली :** फीफा विश्व कप 2026 के लिए नॉर्वे ने गुरुवार को अपनी 26 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान प्रीमियर लीग चैंपियन क्लब आर्सेनल के स्टार मिडफील्डर मार्टिन ओडेगार्ड संभालेंगे, जबकि मैनचेस्टर सिटी के धाकड़ स्ट्राइकर एर्लिंग हालांड भी टीम का हिस्सा हैं। सबसे ज्यादा चर्चा युवा गोलकीपर सैंडर टैंगविक के चयन को लेकर रही। हैम्बर्ग एसवी के इस अनकैप्ड गोलकीपर को नॉर्वे की टीम में अंतिम स्थान मिला। 23 वर्षीय टैंगविक पहली बार राष्ट्रीय टीम में चुने गए हैं। गोलकीपर चयन को लेकर काफी समय से अटकलें चल रही थीं। एसके ब्रान के गोलकीपर माथियास डिंगलैंड चोटिल हो गए थे, जबकि फीफा ने बोदो/ग्लिम्ट के गोलकीपर निकिता हाइकिन की राष्ट्रीयता बदलने की मांग खारिज कर दी थी। इसके बाद टैंगविक को टीम में जगह मिली। नॉर्वे को विश्व कप 2026 में ग्रुप-कमें रखा गया है। इस ग्रुप में फ्रांस, सेनेगल और इराक जैसी मजबूत टीमें भी शामिल हैं। इसे टूर्नामेंट का ग्रुप ऑफ डेथ माना जा रहा है।

### हम खुद को एक यूनिट के रूप में बेहतर समझकर जा रहे हैं : एरिक सिमंस

**अहमदाबाद :** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में टीम के निराशाजनक अभियान के बावजूद कहा कि इस सीजन ने टीम को अपनी ताकत और कमजोरियों को बेहतर ढंग से समझने का मौका दिया। गुजरात टाइटंस के खिलाफ गुरुवार को 89 रन की हार के साथ चेन्नई का अभियान समाप्त हो गया। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 13 .4 ओवर में 140 रन पर सिमट गई और प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। मैच के बाद सिमंस ने कहा, हर खिलाड़ी इस सीजन से कुछ सीखकर जाएगा। बतौर गेंदबाजी कोच मैं सभी खिलाड़ियों के लिए रिपोर्ट तैयार करता हूं, ताकि वे अगले नौ महीनों में अपनी कमजोरियों पर काम करके और बेहतर खिलाड़ी बनकर लौटें। जैसे हमने अंशुल कांबोज को पिछले सीजन के बाद बेहतर होकर लौटते देखा। उन्होंने कहा कि इस सीजन ने टीम को एक इकाई के रूप में खुद को समझने में मदद की है। सिमंस ने कहा, अब हम खुद को एक यूनिट के रूप में पहले से बेहतर समझते हैं। हमें पता चला है कि कौन खिलाड़ी क्या कर सकता है और क्या नहीं। कार्तिक ने इस सीजन शानदार प्रदर्शन किया और हमने उसकी क्षमता को करीब से देखा। अनुभवी खिलाड़ियों के बारे में हमें पहले से जानकारी थी, लेकिन इस टूर्नामेंट ने टीम संतुलन और खेलने के तरीके को समझने में काफी मदद की है। उन्होंने मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सीजन भविष्य की रणनीति तय करने में उपयोगी साबित होगा।

## एक नजर

### भारत ने काबुल भेजी 20 टन चिकित्सा सामग्री

**नयी दिल्ली/काबुल :** भारत ने अफगानिस्तान के बाल टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूती देने के लिए 20 टन महत्वपूर्ण चिकित्सा सामग्री की एक खेप काबुल भेजी। यह सामग्री मुख्य रूप से बीसीजी, टेटनस एवं डिप्थीरिया टीकों के निर्माण और रखरखाव के लिए भेजी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में बताया कि भारत स्वास्थ्य क्षेत्र में अफगानिस्तान के मित्रवत लोगों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान वर्तमान में स्वास्थ्य सुविधाओं और आवश्यक दवाओं की भारी कमी से जूझ रहा है। भारत की ओर से भेजे गए इस चिकित्सा सामग्री से वहां के बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को बिना किसी रुकावट के चलाने में मदद मिलेगी, जिससे डिप्थीरिया, टेटनस और टीबी जैसी गंभीर बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकेगा।

### संघ ने रुक्मिणी अक्का के निधन पर शोक जताया



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने राष्ट्र सेविका समिति की पूर्व अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका रुक्मिणी अक्का के निधन पर दुख जताया। संघ ने उनके परिवार और समिति की समस्त बहनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से उस पुण्यात्मा को सद्गति प्रदान करने की प्रार्थना की।

संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने शुक्रवार को संयुक्त बयान में रुक्मिणी अक्का के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि मातृ समान रुक्मिणी अक्का के देहावसान ने हमारे भाव विश्व में एक शून्य पैदा किया है। वृद्धावस्था में शरीर शांत होना स्वाभाविक ही है किंतु दशकों के परिचय, आत्मीय संबंध के कारण मन को असहनीय वेदना होती है। रुक्मिणी का ज्ञानानुभव संपन्न जीवन एवं व्यक्तित्व एक राष्ट्र समर्पित सार्थक जीवन का प्राज्वल्यमान उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेविका समिति द्वारा हिन्दू समाज का संगठन एवं महिलाओं को संस्कार देने के इस उदात्त कार्य में वह सदैव सक्रिय रहीं। उनकी सहज मातृवत आत्मीयता और निरंतर सक्रियता सभी को प्रभावित करती थी। उनके निधन से सेविकाएं समेत सभी एक मातृ समान अभिभावक से वंचित हुए हैं।

### विहिप ने दिल्ली सरकार के फैसले का किया स्वागत

**नयी दिल्ली :** आगामी बकरीद पर्व को लेकर दिल्ली सरकार की ओर से जारी किए गए सख्त और स्पष्ट दिशा-निर्देशों का विश्व हिंदू परिषद (विहिप), इन्द्रप्रस्थ ने आम नागरिकों की सुविधा के लिए एक बेहतरीन कदम बताया। विहिप इन्द्रप्रस्थ के प्रान्त मंत्री सुरेन्द्र गुप्ता ने शुक्रवार को आधिकारिक बयान में कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा के जनहित, स्वच्छता और कानून-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए लिए गए निर्णय अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि गौवंश, गाय, बछड़ा, ऊंट व अन्य प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी को पूर्णत: गैरकानूनी घोषित करना और उल्लंघनकताओं पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने का प्रावधान हिंदू समाज की सांस्कृतिक व धार्मिक भावनाओं का सच्चा सम्मान है।

# वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने की बिहार आईपीएल टीम बनाने की वकालत

एजेंसी

**पटना :** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने बिहार में क्रिकेट को लेकर बड़ा बयान देते हुए राज्य की अपनी आईपीएल टीम बनाने की वकालत की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि जिस तरह चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी टीमें हैं, उसी तरह बिहार की भी एक टीम होनी चाहिए।




अनिल अग्रवाल ने अपने पोस्ट में कहा कि बिहार की मिट्टी ने देश को कई प्रतिभाशाली क्रिकेटर दिए हैं, लेकिन राज्य को अब तक क्रिकेट के क्षेत्र में वह पहचान नहीं मिल पाई है, जिसका वह हकदार है। उन्होंने अपने पोस्ट में पटना में जन्मे ईशान किशन का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने सबसे कम गेंदों में वनडे दोहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया। वहीं समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी को सबसे कम उम्र में आईपीएल डेब्यू करने वाला खिलाड़ी बताया। इसके अलावा गोपालगंज के साधारण परिवार से आने वाले साकिब हुसैन की गेंदबाजी की भी उन्होंने सराहना की। अनिल अग्रवाल ने कहा कि उनका सपना है कि बिहार के युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिले। खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर सुविधाएं बिहार में ही उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उनका मानना है कि यदि बिहार के बच्चों को सही प्रेरणा और संसाधन मिलें, तो राज्य की टीम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट टीमों में शामिल हो सकती है।

अनिल अग्रवाल ने यह भी कहा कि बिहार क्रिकेट और यहां के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए वह बिना शर्त सहयोग देने को तैयार हैं। उन्होंने अपने पोस्ट के अंत में लिखा "बिहार मेरे लिए सिर्फ एक राज्य नहीं, एक इमोशन है और अब वक्त आ गया है कि हमारी मिट्टी का टैलेंट मैदान पर दिखे।"

अनिल अग्रवाल के इस बयान को लेकर बिहार की राजनीति और खेल जगत में भी चर्चा तेज हो गई है। बिहार सरकार की ओर से भी इस प्रस्ताव को सकारात्मक समर्थन मिला है। राज्य के मुख्यमंत्री Samrat Choudharyने एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह इस विचार से पूरी तरह सहमत हैं। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार क्रिकेट के विकास को लेकर स्पष्ट विजन और मिशन मोड में काम कर रही है।

## सैमसंग ने भारत में विजन एआई टीवी के लिए रजिस्ट्रेशन किया शुरू

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सैमसंग ने घोषणा की है कि भारत में ग्राहक अब कंपनी के नए 2026 विजन एआई टेलीविजन के लिए अपनी दिलचस्पी दर्ज करा सकते हैं। कंपनी इस नई टीवी सीरीज को इसी महीने लॉन्च करने वाली है। सैमसंग के नए विजन एआई टीवी एडवांस फीचर्स और अत्याधुनिक तकनीक के साथ आएंगे, जो व्यूइंग अनुभव को और बेहतर बनाएंगे।

कंपनी ने बताया कि 2026 में वह अपनी विजन एआई कम्पेनियन यानी वीएसी सुविधाओं का विस्तार 4K यूएचडी और उससे ऊपर की टीवी रेंज में करेगी, जो टीवी अनुभव के केंद्र में एआई को लाने की उसकी व्यापक रणनीति को दशार्ता है। इससे एआई आधारित व्यूइंग को ज्यादा कैटेगरी, स्क्रीन साइज और अलग-अलग उपभोक्ता




जरूरतों तक पहुंचाया जा सकेगा। सैमसंग पिछले 20 वर्षों से ग्लोबल नंबर-1 टीवी ब्रांड बना हुआ है। यह सफलता प्रीमियम और अल्ट्रा-लार्ज स्क्रीन इनोवेशन के प्रति सैमसंग की प्रतिबद्धता और अत्याधुनिक एआई-पावर्ड टीवी की वजह से मिली है।

सैमसंग की नई टीवी रेंज के लिए ग्राहक 12 मई से 25 मई के बीच Samsung.com पर हैंड-रेजर पेज या रिटेल आउटलेट्स पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन कराने वाले ग्राहक बिक्री शुरू होने पर चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 10,000 रुपये तक के अर्ली बर्ड डिस्काउंट के लिए पात्र होंगे।

## मप्र की ऐतिहासिक भोजशाला में वर्षों बाद हुई महाआरती, वाग्देवी की प्रतिमा रखकर किया पूजन

एजेंसी

**धार :** मध्य प्रदेश के धार जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक भोजशाला में लंबे अंतराल के बाद शुक्रवार को हिंदू समाज को सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा-अर्चना का अधिकार मिला है। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोजशाला पहुंचे और मां वाग्देवी की पूजा-अर्चना की। उच्च न्यायालय के फैसले के बाद अब यहां जुमे की नमाज नहीं होगी। जिला प्रशासन ने भोजशाला में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पूरे शहर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने भोजशाला विवाद में गत 15 मई को ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। अदालत द्वारा भोजशाला को मंदिर घोषित किए जाने के बाद आज पहला शुक्रवार है। आज भोज



उत्सव समिति ने परिसर में विशेष प्रतिमा स्थापित की है, जिसके दर्शन और पूजन के लिए लोग सुबह से ही पहुंच रहे हैं। भोजशाला में सुबह 9 बजे महाआरती हुई।

इसके बाद दोपहर एक बजे पूजन-हवन के लिए भोजशाला परिसर के बाहर ज्योति मंदिर पर हिंदू संगठन के सदस्य इकट्ठा होने लगे। अधिकारियों ने इन्हें हटाने की कोशिश की तो हल्की बहस हो हुई। प्रशासन ने श्रद्धालुओं को ज्योति मंदिर से करीब 50 कदम दूर जाने के लिए कहा। इसके बाद लोग निर्धारित जगह पर इकट्ठा हुए। दोपहर में भोजशाला आंदोलन में जान गंवाने वाले कार सेवकों के परिजन का सम्मान किया गया।

वहीं भोजशाला मामले में याचिका दायर करने वाले कुलदीप तिवारी पहुंचे, जिनका श्रद्धालुओं ने स्वागत किया।

## 'फूल पिशि ओ एडवर्ड' का ट्रेलर रिलीज एक आलीशान जमींदार शादी, सात संदिग्ध किरदार और एक चौंका देने वाली हत्या

एजेंसी

**मुंबई :** 'फूल पिशि ओ एडवर्ड' का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है, जो दर्शकों को एक ऐसी दुनिया में ले जाता है, जहां बंगाली जमींदारी शान, छुपे हुए राज, डार्क 'मर और रहस्य का खौफनाक खेल एक साथ देखने को मिलता है।





नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक दुखद जमींदार शादी की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जहाँ हर मेहमान संदिग्ध नजर आता है, हर बातचीत के पीछे कोई छिपा मकसद महसूस होता है, और हर नजर में एक खतरनाक राज छुपा दिखाई देता है। ट्रेलर एक ऐसे धोखे भरे खेल की तरह सामने आता है, जो लगातार दर्शकों को एक ही सवाल पूछने पर मजबूर करता है- आखिर कातिल कौन है रहस्य और बंगाली संस्कृति के अनोखे रंगों को मिलाकर 'फूल पिशि ओ एडवर्ड' एक ऐसा माहौल रचती है, जो एक साथ डरावना, अजीब और बेहद मनोरंजक महसूस होता है। उलझे रिश्ते, भावनात्मक टकराव, विचित्र पारिवारिक समीकरण और बढ़ता हुआ शक धीरे-धीरे एक ऐसे मर्डर मिस्ट्री में बदल जाता है, जो अपने सबसे बड़े रहस्य को अंत तक छुपाकर रखता है। ट्रेलर की सबसे खास बात इसकी अप्रत्याशित टोन है। ज़िनिया सेन की कहानी, स्क्रीनप्ले और संवाद कभी डार्क कॉमिक और विचित्र महसूस होते हैं, तो अगले ही पल मनोवैज्ञानिक तनाव और मर्डर मिस्ट्री के अराजक माहौल में बदल जाते हैं, जिससे दर्शक हर पल असमंजस में बने रहते हैं। अतिरिक्त स्क्रीनप्ले, संवाद और स्क्रिप्ट करेक्शन समराग्नी बंद्योपाध्याय द्वारा किया गया है। फिल्म को लेकर अपनी बात साझा करते हुए राइमा सेन ने कहा, "मुझे 'फूल पिशि ओ एडवर्ड' की सबसे खास बात यह लगी कि हर किरदार अपने अंदर कोई न कोई राज छुपाए हुए है, और दर्शक हर कुछ मिनट में अपने शक बदलते रहते हैं। ट्रेलर आपको इस अजीब दुनिया में खींचने के लिए बस उतना ही दिखाता है जितना जरूरी है, लेकिन असली सच क्या है, यह छुपाकर रखता है। यही अनिश्चितता फिल्म को इतना रोमांचक बनाती है।

### अमेरिका ने ताइवान को हथियारों की बिक्री रोकी

**वाशिंगटन :** अमेरिकी नौसेना के कार्यवाहक सचिव हंग काओ ने कहा कि अमेरिका ने ईरान के साथ चल रहे युद्ध के कारण ताइवान को हथियारों की बिक्री रोक दी है। उन्होंने यह जानकारी शीर्ष रिपब्लिकन नेता मिच मैककोनेल के एक सवाल के जवाब में दी। सीनेट की सुनवाई के दौरान, सीनेटर मैककोनेल ने काओ से कहा, "हमने ताइवान को अमेरिका से हथियार खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया है। मगर अचानक से बिक्री रोक दी गई है। इस रोक के बारे में आपको ताइवान की तरफ से क्या जानकारी मिल रही है।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, काओ ने जवाब दिया, "मैंने ताइवान के अधिकारियों से बात नहीं की है। हालांकि, हमने उन्हें हथियारों की बिक्री की है।

# प्रकृति के संरक्षण को केवल नीति नहीं बल्कि संस्कृति बनाएंगे : केन्द्रीय मंत्री

एजेंसी

**भोपाल :** केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि भारत की प्राचीन नदी सभ्यताओं में नर्मदा का विशेष स्थान है। प्रदेश में अमरकंटक और पातालकोट धरती पर ईश्वर का दिया सबसे बड़ा उपहार है। जैव-विविधता हमारी भारतीय सभ्यता की मूल आत्मा है, इन्हें बनाए रखना ही हमारा संकल्प है, हमारा लक्ष्य है। अंतरराष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस पर हम सभी संकल्प लें कि जिसे हम बना नहीं सकते, कम से कम उसे बिगाड़े तो नहीं। केंद्रीय मंत्री यादव शुक्रवार




को भोपाल में अंतरराष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस के अवसर पर भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम) में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम एवं चीता संरक्षण पर मीडिया वर्कशाप को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धरती पर उपलब्ध जैव-विविधता से हमें भोजन, दवाई और जीवन मिलता है। दुनिया में हम धरती का 2.4 प्रतिशत भू-भाग रखते हैं। भारत में 36 हजार समृद्ध वनस्पतियां हैं, लेकिन यह वैश्विक स्तर पर केवल 8 प्रतिशत के आसपास है। 'प्रोजेक्ट चीता' में हमने एक वन्यजीव प्रजाति का संरक्षण किया है। चीता घास के मैदानों में रहने वाला जीव है।

उन्होंने कहा कि भारत के 58 टाइगर रिजर्व्स से करीब 600 जल की धाराएं निकलती हैं और नदियों का रूप लेती हैं। इस प्रकार से टाइगर रिजर्व्स हमारी नदियों का भी संरक्षण करते हैं। हमारी सरकार सभी वन्यजीवों के संरक्षण पर ध्यान दे रही है, क्योंकि जटिल पारिस्थितिकी तंत्र में जीव और प्रकृति का बेहद अनमोल संबंध है। उन्होंने बताया कि जैव-विविधता हमारी अर्थव्यवस्था को गति देती है। आजकल ग्रीन हाउस गैस और कार्बन उत्सर्जन बढ़ रहा है। जैव-विविधता कार्बन को सोखने का भी कार्य करती है। धरती पर 30 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है। भारत में 23 प्रतिशत भूमि पर वन हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कार्बन उत्सर्जन कम करने के अपने लक्ष्य का 90 प्रतिशत हासिल कर लिया है। वर्ष 2030 तक हम इस लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करेंगे। हमारे प्रवासी पक्षियों के आने के रूट सालों से एक जैसे रहे हैं। प्रोजेक्ट चीता के माध्यम से हम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पश्चिम बंगाल में एक जून से महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य की महिलाओं को बड़ी सौगात देते हुए एक जून-2026 से सभी सरकारी बसों में निशुल्क यात्रा सुविधा लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य के परिवहन विभाग की ओर से जारी इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना तथा सार्वजनिक परिवहन तक उनकी पहुंच को अधिक आसान और सुरक्षित बनाना बताया गया है। परिवहन विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य में संचालित सभी सरकारी लघु दूरी और लंबी दूरी की बसों में महिला यात्रियों को मुफ्त यात्रा की सुविधा दी जाएगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाओं को आवेदन करना होगा, जिसके बाद उन्हें क्यूआर कोड, फोटो और लाभार्थी विवरण युक्त स्मार्ट कार्ड जारी किया जाएगा। सरकार ने बताया है कि स्मार्ट कार्ड प्राप्त करने के लिए संबंधित प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) अथवा उपमंडल अधिकारी (एसडीओ) कार्यालय में आवेदन करना होगा। आवेदन प्रक्रिया के दौरान महिलाओं को पहचान संबंधी आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे।

अधिसूचना के मुताबिक, महिलाओं को आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार एवं सार्वजनिक उपक्रमों के पहचान पत्र के आधार पर स्मार्ट कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों की ओर से जारी पहचान पत्र भी मान्य होंगे। परिवहन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जब तक स्मार्ट कार्ड जारी नहीं हो जाता, तब तक महिलाएं वैध फोटो पहचान पत्र दिखाकर मुफ्त यात्रा सुविधा का लाभ उठा सकेंगी। इसके लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, पासपोर्ट और सरकारी सेवा पहचान पत्र जैसे दस्तावेज स्वीकार किए जाएंगे। योजना के संचालन को लेकर विभाग ने बस परिचालकों के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत परिचालक पहचान पत्रों का सत्यापन करने के बाद महिला यात्रियों को "शून्य मूल्य टिकट" जारी करेंगे, जिससे यात्रा का रिकॉर्ड भी सुरक्षित रखा जा सके।

### बढ़ते ट्रैफिक जाम के चलते नेपाल में नए सार्वजनिक वाहनों के पंजीकरण पर रोक



**काठमांडू :** नेपाल के यातायात व्यवस्था विभाग ने देशभर में सभी सार्वजनिक वाहनों के नए पंजीकरण पर रोक लगा दी है। विभाग ने बढ़ते ट्रैफिक जाम, वायु प्रदूषण और सड़कों पर बढ़ते दबाव को कारण बताते हुए अगली सूचना जारी होने तक सार्वजनिक वाहनों के पंजीकरण पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। विभाग के निदेशक मणि राम भुसाल की ओर से जारी परिपत्र सातों प्रांतों के संबंधित मंत्रालयों भौतिक पूवार्धार, श्रम तथा यातायात व्यवस्था मंत्रालयों—और देशभर की सभी स्थानीय निकायों को भेजा गया है। जारी पत्र में केवल ईंधन से चलने वाले ही नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिक (विद्युतीय) सार्वजनिक वाहनों के नए पंजीकरण पर भी स्पष्ट रूप से रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। विभाग ने सार्वजनिक वाहनों के नए पंजीकरण पर रोक लगाने के पीछे कई कारण बताए हैं। परिपत्र के अनुसार सार्वजनिक यातायात का वैज्ञानिक प्रबंधन न हो पाना, अत्यधिक वायु प्रदूषण बढ़ना, वाहनों का दबाव और ट्रैफिक जाम के कारण आवागमन में गंभीर कठिनाइयाँ उत्पन्न होना तथा ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण सार्वजनिक यातायात संचालन में आ रही समस्याएँ इस निर्णय के मुख्य कारण हैं। विभाग ने बताया कि यह निर्णय वाहन तथा यातायात व्यवस्था ऐन, की धारा 24 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए लिया गया है। उक्त कानून में यह व्यवस्था है कि पर्यावरण प्रदूषण, वाहनों के अत्यधिक दबाव, सड़क की स्थिति या आवागमन में होने वाली कठिनाइयों के कारण सार्वजनिक हित में विभाग किसी एक या सभी कार्यालयों को वाहन पंजीकरण रोकने का आदेश दे सकता है।

इसी कानूनी आधार पर विभाग ने नेपाल सरकार की नीति के अनुरूप सार्वजनिक यातायात का वैज्ञानिक प्रबंधन करने के उद्देश्य से फिलहाल नए पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह बंद करने के लिए प्रांतीय मंत्रालयों और स्थानीय तहों के अधीन कार्यालयों को पत्र भेजा है।

### उर्वरक के संतुलित उपयोग के बारे में 7.17 लाख किसानों को किया गया जागरूक



**नयी दिल्ली :** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने अपने राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत 7.17 लाख किसानों को उर्वरक के संतुलित उपयोग के बारे में जागरुक किया है। इससे कृषि क्षेत्र की मृदा स्वास्थ्य को बरकरार रखने में मदद मिलेगी। कृषि मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि 'खेत बचाओ अभियान' ने किसानों और हितधारकों को वैज्ञानिक पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न मंचों के माध्यम से देशभर में व्यापक पहुंच स्थापित की है। इस अभियान में अब तक कुल 12,979 जागरूकता शिविर और सेमिनार आयोजित किए गए हैं। इसमें 7.17 लाख किसानों को प्रत्यक्ष रूप से शामिल किया गया है। क्षमता निर्माण के लिए 3,145 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 1,11,509 प्रतिभागियों ने भाग लिया। हरी खाद, जैव उर्वरक और जैविक स्रोतों पर 7,928 क्षेत्र प्रदर्शनों के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। मंत्रालय ने बताया कि जमीनी स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायत, सरपंच और जिला परिषद सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ 4,916 जनप्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किए गए। इस अभियान में किसान संगठनों का भी उपयोग किया गया जिसके अंतर्गत किसान संगठनों (एफपीओ), स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और किसान समूह (एफआईजी) के माध्यम से 8,383 किसान सदस्यों को जोड़ा गया। मंत्रालय ने बताया कि व्यापक प्रचार के लिए बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स सहित प्रचार सामग्री को देश भर में 53,616 स्थानों पर प्रदर्शित किया गया। 944 रेडियो वार्ता और 200 टीवी/डिजिटल कार्यक्रमों सहित 1,144 मीडिया प्रसारणों के माध्यम से संदेश को और अधिक प्रभावी बनाया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिजिटल प्रचार ने अभियान की पहुंच को 2.712 करोड़ लोगों तक पहुंचाया है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902